# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 19 मार्च, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 75, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 1131 अंकों की उछाल

चौतरफा लिवाली होने से सेंसेक्स ने 1,131 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 75,000 अंक का स्तर हासिल कर लिया। } 14

## कैंसर के उपचार में हुई अभूतपूर्व प्रगति : नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भारत ने कैंसर के उपचार में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। कैंसर रोगियों के इलाज के लिए सभी 22 नये एम्स में सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गयी है। } 16

# देहुली जनसंहार मामला : तीन को फांसी

## 1981 को 24 दलितों की डकैतों के गिरोह ने कर दी थी हत्या

जिला संवाददाता



मैनपुरी। फिरोजाबाद के जसराना के गांव देहुली में 18 नवंबर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई। वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर 3 बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ ने दुनिया को दिया वसुधैव कुटुम्बकम का आत्मीय संदेश : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित प्रयागराज महाकुंभ की भव्य सफलता पर उनका आभार जताया और कहा कि महाकुंभ ने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का आत्मीय संदेश दिया है। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में एकता के महायज्ञ महाकुंभ-2025, प्रयागराज के स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत के साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम का आत्मीय संदेश पूरी दुनिया को दिया है।

योगी ने कहा आस्था आजीविका का माध्यम हो सकती है। संस्कृति राष्ट्र की समृद्धि का कारक बन सकती है। महाकुंभ-2025, प्रयागराज ने यह उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। महाकुंभ-2025, प्रयागराज के आयोजन से जुड़े सभी लोगों को मेरा अभिनंदन और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के चालू बजट सत्र के दूसरे चरण की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए तथा यह जनता -जनार्दन का और जनता के संकल्पों के लिए और जनता की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था। मोदी ने कहा महाकुंभ में हमने राष्ट्रीय चेतना के जागरण



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

के विराट दर्शन किए हैं। यह राष्ट्रीय चेतना नये संकल्पों के सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए महाकुंभ आयोजन की सफलता का श्रेय उन्हें दिया।

## सीएम की फ्लीट के सामने आया जानवर दो कर्मचारी निलंबित, 14 की सेवा समाप्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के दौरान फ्लीट के सामने जानवर आने की घटना को गंभीरता से लिया है। पशु चिकित्सा एवं कल्याण विभाग के दो बेलदारों को निलंबित कर दिया गया है। आउटसोर्स पर तैनात 14 कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई। प्रशासन के सख्त रुख से खलबली मच गई है। सीएम योगी होली के ठीक पहले 12 मार्च को वाराणसी आए थे। इस दौरान विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही समीक्षा बैठक की थी। काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर जाते समय कबीरचौरा में उनकी फ्लीट के सामने जानवर आ गया था। तमाम सतर्कता और तैयारियों के बाद भी मुख्यमंत्री की फ्लीट के सामने जानवर आने को बेहद गंभीर माना गया है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बेलदार अमृतलाल और संजय प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. संतोष पाल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। ये दोनों पशु चिकित्सा विभाग से सम्बद्ध किये गये हैं। इसी तरह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ में दिखा भारत का विराट रूप

## ○ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को किया संबोधित ○ देश की एकता को सराहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह सबका प्रयास का साक्षात स्वरूप भी था, जिसमें एकता का अमृत समेत कई अमृत निकले।

उन्होंने निचले सदन में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि महाकुंभ में अनेकता में एकता का विराट रूप, देश की सामूहिक चेतना और सामर्थ्य भी दिखा। प्रधानमंत्री ने निचले सदन में विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा, आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, उत्तर प्रदेश की जनता विशेषतौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। उनके मुताबिक, यह जनता जनार्दन का जनता जनार्दन के संकल्पों के लिए जनता जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था।

मोदी ने कहा हम सब जानते हैं, गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास हुआ था, वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लाल किले से सबका प्रयास के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। उन्होंने कहा पिछले वर्ष, अयोध्या के राम मंदिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हमने महसूस किया था कि कैसे देश एक हजार वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इसके ठीक एक साल बाद, महाकुंभ के आयोजन ने हम सबके इस विचार को और दृढ़ किया है। देश की यह सामूहिक चेतना देश का सामर्थ्य



बताती है। मोदी ने कहा हमने करीब डेढ़ महीने तक, भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा, असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए, कोटि-कोटि श्रद्धालु श्रद्धा भाव से जुटे, यह हमारी बहुत बड़ी ताकत है। जब अलग-अलग भाषा, बोली बोलने वाले लोग संगम तट पर हर-हर गंगे का उद्घोष करते हैं, तो एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक दिखती है, एकता की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से बहुत से अमृत निकले हैं और एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है।

उन्होंने कहा महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए। लोग अहं त्याग कर वयं के भाव से, मैं नहीं हम की भावना से प्रयागराज में जुटे। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया, देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया। मोदी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण, गांधीजी के दांडी मार्च और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के दिल्ली चलो का नारा देने जैसे ऐतिहासिक अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा मैं प्रयागराज महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं जिसमें जागृत होते भारत का प्रतिबिंब दिखा। प्रधानमंत्री ने अपने हालिया मॉरीशस दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, यह उमंग, उत्साह यहीं तक सीमित नहीं था। बीते सप्ताह मैं मॉरीशस में था, मैं त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तब वहां जो श्रद्धा का, आस्था का, उत्सव का माहौल था, वह देखते ही बनता था। उनके अनुसार, यह दिखाता है कि हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों को आत्मसात करने की भावना कितनी प्रबल हो रही है। मोदी ने कहा आज पूरे विश्व में जब बिखराव की स्थितियां हैं, उस दौर में एकजुटता का यह विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, यह हम हमेशा कहते आए हैं और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया हमारा दायित्व है, अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आज अंतरिक्ष से धरती पर लौटेंगी सुनीता विलियम्स

केप कैनवेरल। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पिछले नौ महीने से फंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंततः मंगलवार को स्पेसएक्स के यान से पृथ्वी के लिए रवाना हो गए।

दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष केंद्र में पहुंचे थे। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स कैप्सूल पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को अलविदा कहा। कैप्सूल अमेरिका के पूर्वी तटीय समयानुसार, सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक बजे (भारतीय समुयानुसार पूर्वाह्न 10:30बजे) के कुछ समय बाद अंतरराष्ट्रीय केंद्र से अलग हुआ और इसके मौसम अनुकूल होने पर पूर्वी तटीय समयानुसार पांच बजकर 57 मिनट (भारतीय समयानुसार मंगलवार - बुधवार की दरमियानी रात तीन बजकर 27 मिनट पर) पर फ्लोरिडा तट पर उतरने का कार्यक्रम है। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू कैप्सूल में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उन्हें एक सप्ताह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मालगाड़ी व कंटेनर ट्रक के बीच भिड़ंत

अमेठी। अमेठी में लखनऊ-वाराणसी (वाया सुलतानपुर) रेल खंड के रेलवे फाटक पर कंटेनर ट्रक और मालगाड़ी की टक्कर हो गई जिससे ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक पहले चालक के घायल होने की बात सामने आयी थी लेकिन बाद में जानकारी हुई की कंटेनर का खलासी घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारण रेल खंड पर परिचालन बाधित हो गया था जिसके बाद में बहाल कर दिया गया और सुबह सात बजे तक अप-डाउन लाइन पर यातायात पूरी तरह से बहाल कर दिया गया।

### मेरठ : तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर तीन की मौत

मेरठ (उप्र)। मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार रात तेज एक रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही चार महिलाओं और एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के लिए सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार रात दौराला थानाक्षेत्र के वलीदपुर गांव में कुछ लोग सड़क पार कर रहे थे।

# नागपुर में पूर्व नियोजित थी हिंसा : फडणवीस

## 50 गिरफ्तार, विहिप व बजरंगदल पर एफआईआर, कई इलाकों में कर्फ्यू

एजेंसी

नागपुर। औरंगजेब की कब्र के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हिंसा के संबंध में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और नागपुर के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दावा किया कि हिंसा पूर्व नियोजित थी।

वहीं नागपुर में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि गणेशपेठ थाने में महाराष्ट्र और गोवा के विहिप प्रभारी सचिव गोविंद शेंडे व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में यह अफवाह फैली कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विहिप के आंदोलन के दौरान एक समुदाय के धर्म ग्रंथ को जला दिया गया। उन्होंने बताया कि आंदोलन के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप-पुतिन के बीच हुई युद्धविराम पर चर्चा

वाशिंगटन। यूक्रेन जंग में सीजफायर को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत खत्म हो गई है। दोनों नेताओं ने सीजफायर प्रस्ताव पर 90 मिनट बात की।

पुतिन के बिजनेस प्रतिनिधि किरिल दिमित्रिएव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ट्रम्प की लीडरशिप में आज दुनिया बहुत ज्यादा सुरक्षित जगह बन गई है। यूक्रेन जंग पर दोनों देशों में बीते दो महीने में चार बार चर्चा हुई है। 12 फरवरी को दोनों नेताओं ने फोन पर बात की थी, 27 फरवरी को इस्तांबुल में अमेरिकी और रूसी डिप्लोमैट्स की बैठक हुई थी। 13 मार्च को ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इजरायल-हमास के बीच टूटा संघर्षविराम

## हवाई हमलों में फलस्तीन के 404 लोगों की मौत

एजेंसी

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइल ने मंगलवार सुबह गाजा पट्टी क्षेत्र में हवाई हमले किए, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 404 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी अस्पताल के अधिकारियों ने दी। अचानक किये गए इस हमले की वजह से जनवरी से लागू संघर्षविराम टूट गया तथा 17 महीने से जारी युद्ध के फिर से शुरू होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्षविराम समझौते में बदलाव की इजराइली मांग को हमास द्वारा अस्वीकार किये जाने के बाद हमले का आदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि हमले का दायरा बढ़ने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक



कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने कहा कि हमला करने से पहले उससे सलाह ली गई है और उसने इजराइल के फैसले का समर्थन किया। इजराइली सेना ने लोगों को पूर्वी गाजा छोड़ने और मध्य की ओर बढ़ने का आदेश दिया, जिससे संकेत मिलते हैं कि इजराइल जल्द ही नये सिरे से जमीनी स्तर पर सैन्य अभियान शुरू कर सकता है। नेतन्याहू के ...शेष पृष्ठ 14 पर



रमजान मुबारक

| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:17 | 4:51 |



आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.

न्यूनतम : 20.04 डिसे.

भीतर पढ़ें


- 31 तक करायें कारखानों के पंजीयन (पृष्ठ-02)
- 8 वर्षों में 5 लाख गरीब कन्याओं का हुआ विवाह (पृष्ठ-02)
- श्रीलंका से चीन को सात अरब डॉलर का नुकसान (पृष्ठ-14)
- सोने में रिकॉर्ड तेजी, 91,000 रुपये के पार (पृष्ठ-14)
- रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर | केंद्रीय गृह सचिव और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच हुई अहम बैठक

# आधार कार्ड से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि मतदाता पहचान पत्रों को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। उसने कहा कि इस प्रक्रिया के लिए यूआईडीएआई और उसके विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द शुरू होगा।

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के मुद्दे पर केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव (कानून मंत्रालय में), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के साथ बैठक की। सरकार ने अप्रैल 2023 में एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि आधार के विवरणों को मतदाता




पहचान पत्रों से जोड़ने का काम शुरू नहीं हुआ है। सरकार ने बताया कि यह कार्य प्रक्रिया संचालित है और प्रस्तावित कार्य के लिए कोई लक्ष्य या समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है। सरकार ने आश्वस्त किया है कि जो लोग अपने आधार विवरण को मतदाता सूची से नहीं जोड़ेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी बयान में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मताधिकार केवल भारत के नागरिक को ही दिया जा सकता है, जबकि आधार केवल व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसमें कहा गया है, इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) को आधार से जोड़ने का काम केवल संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार और उच्चतम न्यायालय के निर्णय (2023) के अनुरूप किया जाएगा। बयान में कहा गया कि तदनुसार, यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श शीघ्र ही शुरू होने वाला है। कानून मतदाता सूचियों को स्वैच्छिक रूप से आधार से जोड़ने की अनुमति देता है। चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 द्वारा संशोधित जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 में प्रावधान किया गया है कि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में दो आईएएस व 32 आईपीएस बदले

## प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में मंगलवार को दो आईएएस व चार पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस घनश्याम सिंह को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, आईएएस निशा को मथुरा का संयुक्त मजिस्ट्रेड बनाया गया है।

पीसीएस अरुण कुमार सिंह को बाराबंकी का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। पीसीएस विधेश को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महाराजगंज नियुक्त किया गया है। पीसीएस रेनू को अंबेडकरनगर का उपजिलाधिकारी पद की जिम्मेदारी दी गई है। पीसीएस जयजीत कौर होरा को प्रयागराज मंडल के अपर आयुक्त पद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं शासन के निर्देश पर डीजीपी मुख्यालय ने 32 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। हेमंत कुटियाल को पुलिस उप महानिरीक्षक सेनानायक, विशेष परिक्षेत्र सुरक्षा, लखनऊ के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ से पुलिस उपमहानिरीक्षक, एसएसएफ, लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। वहीं शालिनी को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीते आठ वर्षों में करीब 5 लाख गरीब कन्याओं का हुआ विवाह

## योगी सरकार : 8 साल बेमिसाल, गरीब बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की नयी मिसाल बनी सीएम योगी की सामूहिक विवाह योजना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 2017 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और वंचित परिवारों के लिए संजीवनी बन चुकी है।

यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से नहीं कर पाते। बीते आठ वर्षों में अब तक इस योजना के तहत 4,76,207 गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न हो चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योगी सरकार की इस योजना ने प्रदेश की गरीब बेटियों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वैवाहिक जीवन की शुरूआत को संभव बनाया है। 2 लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी वर्गों के परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह प्रयास न केवल सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देता हैए बल्कि बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय, समावेशिता और आर्थिक सहयोग की मिसाल बन चुकी है। प्रदेश सरकार इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े पर 51,000 रुपये खर्च करती है। इसमें 35,000 रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं, जिससे नवविवाहित दंपति अपने जीवन की नई शुरूआत कर सके। इसके अलावा, 10,000 रुपये की धनराशि कपड़े, गहने और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए दी जाती है, जबकि योजना के तहत 6,000 रुपये विवाह समारोह के आयोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का एहसास कराना भी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उन परिवारों को बड़ी राहत दी है, जो शादी के खर्च को लेकर परेशान रहते थे। योगी सरकार की यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत कर रही है। इस योजना के तहत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी धर्मों और जातियों के जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए जाते हैं। इससे प्रदेश में आपसी भाईचारे और सद्भाव को भी बढ़ावा मिल रहा है। सामूहिक विवाह समारोहों में सभी धर्मों और समुदायों के लिए विशेष प्रबंध किए जाते हैं, जिससे नवविवाहित जोड़ों को सम्मानपूर्वक विवाह करने का अवसर मिले। इस पहल ने सामाजिक भेदभाव को कम करने और हर वर्ग को समान अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू होने के बाद से हर वर्ष लाभार्थियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। 2020-21 में 22,780 जोड़े इस योजना से लाभान्वित हुए थे, जबकि 2023-24 में यह संख्या 1,04,940 तक पहुंच गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए योगी सरकार ने इस योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट निर्धारित किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार गरीब परिवारों की आर्थिक चिंता को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए नगर निगम, नगर पंचायत, जिला प्रशासन और क्षेत्र पंचायतों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। लाभार्थियों की पहचान करने से लेकर विवाह समारोह की समुचित व्यवस्था तक, सभी कार्यों की निगरानी प्रशासन द्वारा की जाती है। योगी सरकार ने अब इस योजना के तहत एक समारोह में होने वाले विवाहों की संख्या को घटाकर 5 कर दिया है। पहले यह संख्या 10 हुआ करती थी, लेकिन अब हर आयोजन को अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार संपन्न करने के लिए यह बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल विवाह समारोह तक सीमित नहीं है। योगी सरकार अब इस योजना से जुड़े नवविवाहित जोड़ों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है। इस पहल से बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। इस योजना से बेटियों को सम्मानजनक जीवन की शुरूआत करने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनके माता-पिता की आर्थिक चिंता भी कम हो रही है। बेटियों की शादी के नाम पर कर्ज लेने वाले परिवारों को इस योजना से बहुत राहत मिली है। योगी सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सबका साथ, सबका विकास के विजन को वास्तविकता में बदल रही है। यह योजना सामाजिक समानता, आर्थिक सहयोग और पारिवारिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को शादी के लिए सहारा मिल रहा है, बेटियों को सुरक्षित भविष्य मिल रहा है और समाज में समरसता का माहौल बन रहा है।

- **सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक जोड़े पर खर्च किये जा रहे हैं 51,000 रुपये**



# लखनऊ का सफर होगा आसान एक्सप्रेस-वे पर दौड़ेंगी गाड़ियां

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोरखपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने वाला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होने जा रहा है। 13 अप्रैल को खरमास खत्म होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने की संभावना है।

91.35 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे के जरिए गोरखपुर से लखनऊ का सफर आसान और तेज होगा। फिलहाल यह एक्सप्रेस-वे 4 लेन का है, जिसे भविष्य में 6 लेन तक विस्तार दिया जा सकता है। गोरखपुर बाईपास स्थित जैतपुर गांव से शुरू होकर यह आजमगढ़ के सालारपुर गांव में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ता है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिशासी अभियंता पीपी वर्मा के मुताबिक, फोरलेन रोड, इंटरचेंज और टोल प्लाजा का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। सरया तिवारी, सिकरीगंज, हरनही और बेलघाट में इंटरचेंज पूरी तरह तैयार है। कम्हरियाघाट में सरयू नदी की धारा मोड़ने के लिए जियो टेक्सटाइल ट्यूब का कार्य भी पूरा हो चुका है। हालांकि, सिकरीगंज-बेलघाट मार्ग पर 600 मीटर का ओवरपास बनना बाकी है। इसके लिए यूपीडा ने पीडब्ल्यूडी से एनओसी ले ली है, लेकिन ग्राउंड को मजबूत करने के लिए डिजाइन में बदलाव किया गया है। ओवरपास का कार्य तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद शुरू होगा। महाकुंभ प्रयागराज के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस एक्सप्रेस-वे से गुजरे थे, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कई हादसे हुए। इसके बाद सुरक्षा कारणों से फिलहाल वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

# 31 मार्च तक कराये जायें अधिक से अधिक कारखानों के पंजीयन : श्रममंत्री

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर किये जाने को सरकार दृढ़ संकल्पित : अनिल राजभर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर किये जाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। आज की तारीख में पोर्टल पर कोई भी आवेदन लम्बित नहीं है। उन्होंने सम्बन्धित को 31 मार्च तक अधिक से अधिक कारखानों के पंजीयन कराये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आगामी 15 दिवसों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आवंटित लक्ष्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा।

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री की अध्यक्षता व अवनीश अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर किये जाने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग की भूमिका के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ मंगलवार को बापू भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत ऑन लाइन सेवाओं का विवरण के अन्तर्गत कुल ऑन लाइन प्राप्त आवेदनए प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष निर्गत पंजीयन/ लाइसेन्स/ नवीनीकरण/ संशोधन, सभी सेवाओं में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण जनहित गारण्टी अधिनियम के अन्तर्गत विहित समयावधि तथा भावी कार्य योजना के अन्तर्गत अति खतरनाक कारखानों तथा 500 से अधिक कर्मकारों वाले कारखानों में उपनिदेशक कारखाना के स्तर से निरीक्षण, कारखाना अधिनियम में संशोधन, सेफ्टी आडिटर्स को मान्यता दिये जाने, अनुज्ञप्ति नवीनीकरण का आवेदन को इलेक्ट्रानिक रीति से प्रस्तुत किया जाना, नये कारखानों में एक वर्ष तक निरीक्षण से छूट प्रदान किया जाना, नियम-109 के अन्तर्गत महिलाओं को खतरनाक प्रकृति की सभी प्रक्रियाओं में नियोजन की अनुमति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। अवनीश अवस्थी, सलाहकार मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर तक बनाये जाने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में श्रम विभाग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। श्रम विभाग द्वारा प्रदेश में अधिक से अधिक कारखाने स्थापित करने के लिए उद्योगों के लिये अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से विभिन्न श्रम कानूनों में सरलीकरण किया गया है। श्रम आयुक्त, मार्कण्डेय शाही ने बताया कि प्रदेश में किसी भी उद्योग को स्थापित करने के लिये समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं को ऑन-लाइन कर दिया गया है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में नये पंजीकृत होने वाले कारखानों तथा दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों की संख्या में गत वर्षो के सापेक्ष अधिक वृद्धि हुयी है। कारखानों के पंजीकरण के कार्य को और गति प्रदान करने के लिए आगामी दिवसों में प्रतिदिन 10 नये कारखानों के पंजीकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 26,915 कारखानें पंजीकृत हैं, जिसमे से वर्तमान सरकार के दो कार्यकालों के 8 वर्षो में लगभग 14 हजार नये कारखाने पंजीकृत किये गये हैं जबकि गत 70 वर्षो में वर्ष 2017-18 तक कुल 13 हजार के लगभग ही कारखाने पंजीकृत थे। इसी प्रकार नये उद्योगों को स्थापित करने के लिए प्रक्रियाओं को सरलीकरण करने के उद्देश्य से नये कारखाने पंजीकृत कराये जाने के लिए श्रमिकों की संख्या की सीमा पावर सहित 20 श्रमिक व 40 से अधिक पावर रहित कर दी गयी है। इसी प्रकार महिलाओं को रात्रि कालीन पाली में कार्य करने की सशर्त अनुमति प्रदान कर दी गयी है। साथ ही ऐसे व्यवसाय व प्रक्रियाएं जिनमें महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। महिलाओं को कार्य करने की अनुमति प्रदान की जा रही है। दुकान व वाणिज्य प्रतिष्ठानों में 01 टाइम पंजीकरण की सुविधा प्रदान करते हुए उन्हें बार-बार नवीनीकरण से मुक्त कर दिया गया है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रतिष्ठानों की कार्य की प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें 12 घंटे तक कार्य करने की अनुमति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार कई प्रकार की सुविधाएं ऑनलाइन ऑटोमोड पर उपलब्ध हैं।



# अनिल दुबे का गोण्डा में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का आज अपने गृह जनपद गोण्डा में प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अनिल दुबे मंगलवार की सुबह लखनऊ से जरवल रोड पहुंचे और जरवल से स्वागत का सिलसिला हुआ। जरवल रोड, करनैलगंज, बालपुर, गोण्डा सदर, अम्बेडकर चौराहा, चौपाल सागर सहित दर्जनों स्थानों पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

पूरे गोण्डा में पार्टी के झंडे, बैनर और होर्डिंग्स उनके स्वागत से पटी हुई थी। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के आगे सैकड़ों मोटर साइकिल पर सवार नौजवान गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। उनके स्वागत उमड़े जनसैलाब को देखकर गोण्डा के राजनीतिक पंडित अचंभित और आश्चर्यचकित थे। उनके स्वागत में लोगों ने दलीय सीमा को तोड़कर 51-51 किलो की कई मालाओं से उन्हें लाद दिया। स्वागत के बाद सिंचाई विभाग के फील्ड हास्टल में पहुंचने पर अनिल दुबे ने सर्वप्रथम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों से वार्ता की। इस अवसर पर सिंचाई विभाग डाक बंगले के फील्ड हास्टल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल, मध्य, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में अपने खोये हुए जनाधार को वापस लाने के लिए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा चौधरी अजित सिंह के अनुयायियों और समर्थकों को जोड़ने का अभियान चला रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 तक संगठन को चुस्त दुरुस्त करेगा। उन्होंने कहा कि रालोद जिला पंचायत चुनाव लड़ेगा। रालोद किसानों के मान-सम्मान और उनके हितों के लिए कोई समझौता नहीं करेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सपा प्रमुख अखिलेश तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के हिन्दी विरोधी रूख को अपना मत स्पष्ट करें कि तमिलनाडु में हिन्दी चाहते है या नहीं। स्वागत समारोह दुबे के साथ प्रदेश सचिव अफसर अली के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्रदेश महासचिव सूर्यनारायण सिंह, प्रदेश संजय पाठक मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री पीजी कालेज छात्रसंघ के अध्यक्ष उमेश शुक्ला, डॉ. संजय पाण्डेय, गोण्डा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अरुण शुक्ला, शिवपूजन शुक्ला, शिव यज्ञ पाण्डेय, अधिवक्ता रविन्द्र पाण्डेय ने मुख्य रूप से रहे।



# बटलर पैलेस को 'बुक कैफे' बनाने की प्रक्रिया शुरू

## सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर विकसित करेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण कर उसे सांस्कृतिक व ऐतिहासिक केन्द्र के रूप में पुनर्स्थापित कर रही योगी सरकार ने लखनऊ में स्थित बटलर पैलेस को 'बुक कैफे' बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के अनुसार, इस बुक कैफे में प्रदर्शनी, वर्कशॉप व आर्ट गैलरी समेत विभिन्न गतिविधियों का संचालन होगा।

उल्लेखनीय है कि 1915 में राजा महमूदाबाद ने अवध प्रांत के डिप्टी कमिश्नगर सर स्पेंसर हारकोर्ट बटलर की स्मृति में पैलेस की नींव रखी थी। ऐसे में, योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पैलेस की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया को एलडीए द्वारा गठित विशिष्ट टीम द्वारा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) माध्यम से पूरा किया जाएगा। परियोजना के अनुसार, मार्च 2025 तक बटलर पैलेस के बुक पैलेस के संरक्षण व विकास कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत साइट क्लीयरेंस, संरचनात्मक मरम्मत, बाहरी अग्रभाग संरक्षण, बुनियादी वायरिंग और संचालन जैसे कार्यों को विशिष्ट टीम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। भवन के सार्वजनिक संपर्क को बढ़ाकर स्थानीय लोगों में विरासत के प्रति जागरूक किया जाएगा। बटलर पैलेस का उपयोग मुख्यतः बुक कैफे के रूप में किया जाएगा जहां अध्ययन सामग्री के साथ ही स्नैक्स व पेय पदार्थ भी विजिटर्स के लिए उपलब्ध होगा। यहां विभिन्न प्रकार के आयोजन भी होंगे जिनके संचालन व प्रचार-प्रसार के लिए कोचिंग संस्थानों का सहयोग भी लिया जाएगा। बटलर पैलेस में बनने वाले बुक कैफे में स्थानीय संस्कृति व विरासत को बढ़ावा देने वाली कार्यशालाओं व कक्षाओं का आयोजन होगा। स्थानीय कलाकारों और ऐतिहासिक विषयों पर प्रकाश डालने वाले प्रदर्शनियों तथा फि ल्म स्क्रीनिंग के लिए भी जगह का उपयोग हो सकेगा। यहां एक आर्ट गैलरी की भी स्थापना की जाएगीए जो पैलेस व आसपास के क्षेत्र के इतिहास पर केंद्रित होगी। इसके साथ ही, लखनऊ के इतिहास और जनश्रुतियों से जुड़ी कहानियों को प्रदर्शित करने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी यहां संचालन हो सकेगा। बटलर पैलेस का इस्तेमाल कला प्रदर्शनियों, शिल्प मेले, स्थानीय उत्पादों व हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी जैसे कार्यों के लिए भी हो सकेगा।



# धामी ने क्लस्टर विद्यालयों के लिए 15 बसों को किया फ्लैग ऑफ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक अभियान छेड़ा हुआ है, जिस क्रम में राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड में कलस्टर विद्यालय की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन से उत्तरकाशी जनपद के कलस्टर विद्यालयों के लिए परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया।

- **मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र सुधार के लिए शिक्षा विभाग ने छेड़ा हुआ है व्यापक अभियान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन में समय की बचत होगी। उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचार से बच्चों को पठन-पाठन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय प्रयास किया गया है। उत्तरकाशी जनपद के नगरीय क्षेत्र के 15 कलस्टर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के लिए जिलाधिकारी उत्तरकाशी द्वारा जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद एवं अन्टाईड फण्ड से 15 बस क्रय की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी। जिन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए यह बस की सुविधा दी जा रही है, उनमें विकासखण्ड नौगांव के लिए 05, विकासखण्ड भटवाडी और विकासखण्ड डुण्डा के लिए 03-03, विकासखण्ड पुरोला के लिए 02 जबकि विकासखण्ड चिन्यालीसौड और विकासखण्ड मोरी के लिए एक-एक बस की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक भरत चौधरी, प्रमोद नैनवाल, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. एमएस बिष्ट, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, बेसिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल, जिला शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी शैलेन्द्र अमोली उपस्थित थे।




# श्रमिकों को जल्द दिए जाये स्वामित्व अधिकार : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने वर्ष 1955 में स्थापित श्रमिक कॉलोनियों की दयनीय स्थिति और वहां रहने वाले लोगों की समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने श्रम मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन कॉलोनियों में रहने वाले सभी आवंटियों एवं किरायेदारों को स्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

माहना ने मंगलवार उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रेक्षागृह में प्रदेश की श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले आवंटियों एवं किरायेदारों को मालिकाना हक दिए जाने तथा अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर श्रम विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें कॉलोनियों में अविकसित पार्कों की उपेक्षा और वहां बढ़ती गंदगी पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को परेशान करने की मंशा से पीपी एक्ट के तहत नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। इस पर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने आश्वासन दिया कि श्रम मंत्रालय द्वारा गठित राज्य परामर्शदात्री समिति जल्द ही एक सकारात्मक रिपोर्ट तैयार करेगीए जिसमें यह तय किया जाएगा कि श्रमिक कॉलोनियों के निवासियों को स्वामित्व अधिकार कैसे प्रदान किए जाएं। यह रिपोर्ट अध्यक्ष सतीश महाना को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में श्रम मंत्री अनिल राजभर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, प्रमुख सचिव श्रम डॉ. एमके सुन्दरम तथा श्रमायुक्त मारकण्डे शाही सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# अंसल ने बेच दी सरकारी जमीन, बने बंगले

## नहर को पाटकर बनाये मकान, एलडीए से मांगी अनुबंध व जिम्मेदार अफसरों की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंसल एपीआई बिल्डर ने बिना भू स्वामित्व के लखनऊ विकास प्राधिकरण से हाइटेक टाउनशिप का लाइंसस ले

- सतर्कता अधिष्ठान ने सिंचाई विभाग की जमीन के कब्जे की फिर शुरू की जांच

लिया। इसके बाद अवैध तरीके से भूखण्ड व फ्लैटों का खरीद-फरोख्त कर लोगों को ठगना शुरू कर दिया। एलडीए, आवास विकास परिषद, सिंचाई विभाग तथा नगर निगम की जमीन पर कब्जा कर अंसल ने धोखाधड़ी की। वहीं सरकारी विभागों ने अपनी जमीन को बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। हाल यह है कि सरकारी जमीनों को बेच दिया गया मगर अंसल मामले के विवाद में यहां के सैकड़ो लोग फंस गए हैं। जिन लोगों ने मकान बना लिया है अब वह एलडीए, आवास विकास समेत शासन प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। उधर, अंसल बिल्डर्स की ओर से सिंचाई विभाग की जमीन कब्जा करने के मामले में सतर्कता अधिष्ठान ने एक बार फिर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी की ओर से एलडीए को पत्र लिखकर एलडीए के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों का ब्यौरा मांगा गया है।

अंसल बिल्डर्स पर आरोप हैं कि उन्होंने गलत ढंग से नक्शा बनवा कर सिंचाई विभाग की जमीन को कब्जा कर लिया। आरोप हैं कि एलडीए के अधिकारियों की मिलीभगत से अंसल बिल्डर्स ने सिंचाई विभाग की जमीनों पर कब्जा कर उसे अपनी जमीन दिखाया और निर्माण कर लिया। अंसल ने सिंचाई विभाग की जमीन को अपनी टाऊनशिप में मिलाकर निर्माण




किया और बंदरबांट किया। सिंचाई विभाग की जमीन पर करीब 55 लोगों के मकान बन चुके हैं। जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक की ओर से एलडीए को भेजे गए पत्र के अनुसार अंसल की टाउनशिप के अंतर्गत सिंचाई विभाग की अहिमामऊ नहर, बक्कास, गोसाईंगंज फीडर, गंजरिया व अन्य आस पास की नहर को पाटकर उन पर अवैध कब्जे व अतिक्रमण कर लिया गया। इस मामले के उजागर होने पर सतर्कता अधिष्ठान ने खुली जांच शुरू की है। इस प्रकरण में एलडीए से अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि. तथा एलडीए के बीच अनुबंध, शर्तों की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा अंसल की ओर से सुल्तानपुर रोड पर विकसित की जा रही हाईटेक टाउनशिप परियोजना में विकास कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए एलडीए की ओर से कौन अधिकारी व कर्मचारी नामित था। यह भी पूछा है कि अंसल बिल्डर की ओर से अनुबंध की शर्तों के उल्लघंन करने पर एलडीए की ओर से क्या कार्रवाई की गई। हालांकि गत वर्ष से चल रही सतर्कता अधिष्ठान की जांच भी ठंडे बस्ते में थी अब अंसल के दिवालिया घोषित होने का मामला सामने आने पर सतर्कता अधिष्ठान ने पुरानी फाइल फिर खोल दी है। बता दें कि सिंचाई विभाग की तरह नगर निगम की 219 एकड़ जमीन पर भी विला बन चुके हैं। आवास विकास की जमीन पर भी अंसल एपीआई बिल्डर ने प्लाटिंग कर बेच दी है। इससे यहां के कई सेक्टर में ड्रेनेज की समस्या पैदा हो गयी है। आवास विकास परिषद की काफी जमीनों पर अंसल बिल्डर ने कब्जा कर लिया है। जिसको लेकर काफी विवाद है। इस मामले में 15 फरवरी 2025 को ही उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि अंसल ने उसकी जमीन पर कब्जा किया है। ग्राम घुसवल कला, मुजफ्फरनगर घुसवल तथा हरिहर नगर की सीमा रेखा के बीच मेदांता अस्पताल के आसपास बिल्डर ने आवास विकास की जमीन बेच डाली है। एलडीए की ओर से कराई गई जांच में सामने आया है कि सिंचाई विभाग की जमीन पर 2007 के बाद से ही अंसल एपीआई बिल्डर ने प्लाटिंग शुरू कर दी थी। लेआउट डीपीआर पास करा कर उसने विकास कार्य शुरू करा दिया था। अंसल बिल्डर ने सिंचाई विभाग की इस जमीन को लेने के लिए शासन और सिंचाई विभाग को प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी वर्ष 2010 तक इस पर कोई फैसला नहीं ले सके थे जिससे उसकी जमीनों पर 55 मकान बन गये। जबकि एलडीए ने नक्शे में साफ लिखा था कि अंसल सरकारी जमीनों पर कोई निर्माण नहीं करेगा। अब एलडीए की ओर से कराई जा रही फॉरेंसिक ऑडिट में सच से परदा उठेगा। हालांकि पूर्व में प्राधिकरण की ओर से जो जांच कराई गई थी उसमें नगर निगम की लगभग सभी 80 प्रतिशत जमीनों पर बिल्डर की प्लॉटिंग मिली थी। जिस पर निर्माण भी हो गए थे।

## बिल्ड भारत एक्सपो का शुभारंभ आज से

लखनऊ। इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से तीन दिवसीय बिल्ड भारत एक्सपो बुधवार से शुरू हो रहा है। समारोह में एमएसएमई मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। दिल्ली के भारत मंडपम में उद्घाटन समारोह में 20 से अधिक देशों के राजदूत, ट्रेड कमिश्नर्स एवं केन्द्र तथा राज्य सरकार के कई मंत्री एवं अधिकारियों की उपस्थित होगी। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत और खासतौर से उत्तर भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करना एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकों और व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है। एक्सपो में 151 से अधिक स्टॉल पर औद्योगिक उत्पादों और क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है जिसमें ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मटेरियल प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## बस में छूटा बैग परिचालक ने किया वापस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बस में यात्रा करना एक यात्री के लिए मगंलवार का दिन शुभ रहा। यात्री बस में यात्रा करने के बाद अपना बैग भूल गया जिसे परिचालक ने सही सलामत बैग वापस कर दिया जिसमें यात्री ने परिवहन विभाग के साथ परिचालक को भी धन्यवाद दिया। एटा डिपो की अनुबंधित वाहन संख्या यूपी 82 टी 2724 जिसके परिचालक प्रवेश शर्मा एटा से समय लगभग 11.30 बजे कासगंज के लिए जा रही थी। जिसमें एक यात्री जो कि एटा से मिरहची के लिए बस में बैठा था। उसने अपना वाहन में बैग भूल गया। बस कासगंज पहुंची तो सभी यात्री उतर गये लेकिन बैग कोई भी नही ले गया। परिचालक ने बैग का निरीक्षण करने के बाद एटा बस स्टैंड के प्रभारी को सौप दिया। लगभग 1 घंटे बाद वह यात्री एटा बस स्टैंड पर बैग के बारे में जानकारी करते हुए आया। जिसमें बाद परिचालक ने प्रभारी से संपर्क कराने के बाद उनका बैग उनको दे दिया। जिसमें लगभग 5 पांच हजार एक सौ रुपये और कुछ जरूरी कागज और उसकी दवाएं थी। यात्री द्वारा परिवहन निगम के चालक परिचालक की ईमानदारी की तारीफ की गई और परिवहन निगम को धन्यवाद दिया। परिचालक ने बैग वापस किया तो परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने कहा कि हमें अपने चालक परिचालक पर गर्व है।

## सीएम ग्रिड योजना में तेजी लाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में चल रही सीएम ग्रिड योजना फेज-1 के तहत चल रहे निमार्णाधीन सड़कों के कार्यों का मंगलवार को नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर में चल रहे सात प्रमुख स्थानों पर कार्यों का जायजा लिया और उनकी प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के बाद नगर निगम मुख्यालय में बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम ग्रिड योजना के तहत रुके हुए कार्यों को अगले एक हफ्ते में शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। नगर आयुक्त ने कहा कि सीएम ग्रिड योजना के तहत लखनऊ के कई महत्वपूर्ण इलाकों में उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं।

गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा मंदिर मार्ग, कालिदास चौराहा से सिविल अस्पताल होते हुए अटल चौक, यूनिवर्सिटी रोड से हनुमान सेतु रोड वाया आर.बी.एल. रोड चौराहा (कालाकांकर रोड) यातायात को सुगम बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। पुरनिया अलीगंज रोड से सुलभ शौचालय सावित्री अपार्टमेंट होते हुए गोयल मामा रोड का सौंदर्यीकरण कार्य, ताड़ीखाना डिवाइडर रोड से पप्पू जनरल स्टोर, विंध्याचल मंदिर और बाटी चोखा तक पूरे मार्ग को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके अलवा इग्नू मोड़ से एलेन हाउस स्कूल तक सड़क सौंदर्यीकरण, रजनीखंड पावर हाउस से सैनिक ढाबा रायबरेली मुख्य मार्ग तक मार्ग सुधार का कार्य किया जा रहा है।

शहर में चल रहे इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की योजना से नागरिकों को जल्द ही बेहतर यातायात और सुंदर शहर की सौगात मिलेगी।

## कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट पर नौ करोड़ का गृहकर बकाया, बैंक खाता सीज किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम ने गृहकर बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार को कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट का बैंक खाता सीज कर दिया। यह कार्रवाई 9.02 करोड़ रुपये गृहकर बकाए को लेकर की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने 700 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य रखा है। जिसमें अब तक 442 करोड़ रुपये गृहकर ही वसूला जा सका है जबकि चालू वित्तीय वर्ष में सिर्फ 13 दिन बचे हैं।

ऐसे में अब नगर निगम प्रशासन ने गृहकर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। जिसको लेकर ही नगर निगम जोन आठ की टीम ने मंगलवार को कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट का बैंक खाता सीज कर दिया। जोनल अधिकारी जोन आठ अजीत राय ने बताया कि खाता सीज करने से पहले अस्पताल प्रबंधन को पूरा मौका दिया गया। नगर निगम की ओर से नियमानुसार बिल और डिमांड नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा, अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन से व्यक्तिगत तौर पर भी संपर्क किया और बकाया चुकाने की अपील की। हालांकि, तमाम प्रयासों के बावजूद अस्पताल ने अब तक इस राशि का भुगतान नहीं किया, जिसके बाद नगर निगम को सख्त कदम उठाना पड़ा। उसके बाद भी जब टैक्स जमा नहीं तब कैंसर इंस्टीट्यूट का स्टेट बैंक की एसजीपीजीआई शाखा का बैंक खाता सीज कर दिया गया।

## निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारी करेंगे महा पंचायत

लखनऊ। बिजली के निजीकरण के विरोध में 24 मार्च को मेरठ में और 29 मार्च को वाराणसी में बिजली महापंचायत आयोजित की जाएगी ।संघर्ष समिति ने निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की पूरी प्रक्रिया को अवैधानिक करार देते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है और कहा है कि उतावलेपन में जिस प्रकार बिजली के निजीकरण की सारी प्रक्रिया अवैधानिक ढंग से की जा रही है उससे बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध सभा की। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की टेक्निकल बीड का मूल्यांकन करने के लिए आज हुई बैठक में इस हेतु बनाई गई कमेटी के अतिरिक्त पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी भी सम्मिलित हुए। इन अधिकारियों ने मनचाही कंपनी के पक्ष में मूल्यांकन हेतु दबाव डाला और पैरवी की। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि यह सच है तो यह बहुत गंभीर मामला है।

## प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त प्रदेश के 17 डॉक्टरों पर कसा शिकंजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। डॉक्टरों की मनमानी की भनक लगने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बलरामपुर जिले के दस, हाथरस के छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी की प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्तता पाई गई है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

बलरामपुर के मोमोरियल जिला अस्पताल के डॉ. हीरा लाल, डॉ. रमेश कुमार पांडेय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. उमेश कुशवाहा, संयुक्त जिला चिकित्साधिकारी जनपथ बलरामपुर के डॉ. नितिन चौधरी, एमआईके जिला महिला चिकित्सालय के डॉ. पीके मिश्रा, डॉ. महेश कुमार वर्मा, बलरामपुर के कौव्वापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. जय सिंह गौतम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरसान, हाथरस की डॉ. रिचा कालरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चंदपा, अधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरसान, एसएन त्रिपाठी शामिल आदि हैं।

## सूडा के आउटसोर्स कर्मियों का वेतन 3000 रुपये बढ़ा

लखनऊ। शहरी आजीविका केंद्रों के संचालन के जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा। शहरी बेघर लोगों को बुनियादी सुविधाओं युक्त आश्रय की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन में 3000 रुपये की वृद्धि को हरी झंडी दी गई। मंगलवार को प्रमुख सचिव नगर विकास, अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित 36वीं शासी निकाय की बैठक में उक्त निर्णय लिए गए। नगरीय निकाय निदेशालय में हुई बैठक में सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, निदेशक सूडा, डॉ. अनिल कुमार के साथ ही शासी निकाय के समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित हुए। बताते चलें कि सीएलसी शहरी गरीबो के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने एवं योजनाओं तक पहुंच बनाना है। अनौपचारिक क्षेत्र के निपुण एवं प्रशिक्षित शहरी गरीब कामगारों को सूचीबद्ध एवं पंजीकृत कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। वर्तमान में 63 शहरी आजीविका केन्द्र संचालित है। इसके साथ ही दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित होने वाले आश्रयगृह भी अब एसएचजी की महिलाओं की ओर से संचालित किए जाएंगे। शहरी बेघरों के लिए आश्रय की योजना (एस.यू.एच.) का मुख्य उद्देश्य शहरी बेघर लोगों को बुनियादी सुविधाओं युक्त आश्रय प्रदान करना है। 155 शेल्टर होम निर्माण, क्षमता 10,351 की परियोजनाएं स्वीकृत है। स्वीकृत के सापेक्ष 149 शेल्टर होम क्षमता 9,581 पर निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संचालित करा दिया गया है। संचालित 149 आश्रय गृहों में से 78 आश्रय गृहों के संचालन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त उनको निकायों को हस्तांतरित किया जा चुका है।

## अब जायद की 9 फसलें भी आयेंगी बीमा के दायरे में

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि निदेशालय में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि जायद सीजन की 9 फसलों को फसल बीमा तथा किसान क्रेडिट कार्ड ;केसीसीद्ध के

- कृषि मंत्री के अध्यक्षता में लिया गया निर्णय

दायरे में लाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, पपीता, लीची, तरबूज, खरबूज आंवला की फसलों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि इन फसलों को बीमा के दायरे में लाने से किसानों को उनकी फसलों पर मौसम तथा अन्य संभावित अनचाहे नुकसान से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ढैंचा बीज तथा जिप्सम सप्लाई की समुचित व्यवस्था अग्रिम रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को व्यय करने में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, सचिव वित्त मिनिस्थी एस, नाबार्ड के प्रबंध निदेशक, कृषि निदेशक तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माल एवेन्यू आवास से सिविल अस्पताल तक हुई मॉक ड्रिल

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती की सुरक्षा को लेकर एनएसजी के अफसर भी सर्तक हो गए है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह अचानक एनएसजी ने नौ माल एवेन्यू स्थित मायावती के आवास पर सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल की। इस दौरान मायावती की वेशभूषा में एक महिला को व्हील चेयर पर उनके आवास से एम्बुलेंस में बैठाया गया, फिर सायरन बजाती हुई एम्बुलेंस सिविल अस्पताल तक गई। इस दौरान आवास में सिविल अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम भी मौजूद रही। मायावती पिछले कुछ समय में कई बार अपनी जान का खतरा बता चुकी है। बताया जाता है कि इसको लेकर ही एनएसजी ने दो दिन पहले मायावती को पत्र लिखकर मॉक ड्रिल करने की बात कही थी। मंगलवार को एनएसजी के कमाण्डो समेत करीब 80 लोग मायावती के आवास पहुंचे। इनमें आवास पर तैनात पुलिस कर्मी के अलावा सिविल अस्पताल के डॉक्टर, फायर विभाग व एम्बुलेंस भी रही।

## गोसाईंगंज और चिनहट में 05 अवैध प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त किये

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को गोसाईंगंज व चिनहट क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान 50 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में चल रही 05 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस व स्टोर आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अभिषेक मिश्रा व अन्य की ओर से चिनहट में ग्राम-लोनापुर के पास एसटीपी से बिरई खेड़ा को जाने वाली रोड पर लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह त्रिभुवन सिंह व अन्य की ओर से लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि शिवमंगल सिंह व अन्य की ओर से गोसाईंगंज के ग्राम-मोहारी खुर्द, परेहटा में लगभग 16 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। वहीं, एसपी सिंह व अन्य की ओर से ग्राम-परेहटा में लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करायी जा रही थी। इसके अलावा नीरज पाण्डेय व अन्य की ओर से गोसाईंगंज के ग्राम-परेहटा में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसे ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता राम सागर वर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय व विवेक पटेल की ओर से प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी।

## गुणवत्ता हीन काम होने पर विभागीय अधिकारी होंगे जिम्मेदार : कमिश्नर

लखनऊ। मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने मंगलवार को विभागों की वित्तीय स्वीकृतियों, निर्माण एजेंसियों की वित्तीय प्रगति एवं जीरो पावर्टी कार्यक्रम की समीक्षा की। मण्डलायुक्त सभागार में हुई बैठक में विभागों के अधिकारियों ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, वित्तीय प्रगति और आगामी कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने व निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। विकास कार्यों में देरी और गुणवत्ता में कमी पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर विभागीय अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही होगी। जीरो पावर्टी कार्यक्रम के तहत मण्डलायुक्त ने गरीबी उन्मूलन के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा की। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिन परिवारों के पास घर नहीं हैं, उन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में शीर्ष प्राथमिकता पर शामिल करने को कहा। ऐसे परिवारों को चिन्हित कर उन्हें कपड़ा, मकान, खाना, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराई जाए।

## वैश्विक चर्चा में दुनिया जानेगी महाकुंभ की सफलता की रणनीति

### योगी सरकार की दूरदर्शिता से महाकुम्भ की सफलता पर राजधानी में होगा शिखर सम्मेलन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। महाकुम्भ की सफलता और योगी सरकार के कुशल प्रबंधन की दूरदर्शिता को जानने-समझने के लिए 19 मार्च को राजधानी लखनऊ में सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

- राजधानी लखनऊ में साइंटिस्ट्स और विशेषज्ञों का 19 मार्च को बड़ी संख्या में जमावड़ा
- योगी सरकार का कुशल प्रबंधन समझने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल सम्मेलन

इस सम्मेलन में देश के जाने माने वैज्ञानिक, जल विशेषज्ञ, पर्यावरणविद और विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पहली बार महाकुम्भ में स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो उपाय किए गए वे वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सहयोग से महाकुम्भ में जल प्रबंधन, गंगा की स्वच्छता, आधुनिक तकनीक का उपयोग और आपदा प्रबंधन को सफलतापूर्वक लागू किया गया। सम्मेलन में सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधन प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन पर चर्चा होगी। इसमें विशेषज्ञ बताएंगे कि कैसे आधुनिक तकनीकों और समन्वित प्रयासों से गंगा को स्वच्छ बनाए रखते हुए करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। महाकुम्भ के दौरान योगी सरकार ने नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए। घाटों की सफाई, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, जैविक शौचालयों और कचरा प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया। जिससे यह महाकुम्भ अब तक का सबसे स्वच्छ और दिव्य महाकुम्भ बन सका। इस शिखर सम्मेलन में कई गैर-सरकारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, शोधकर्ता और नीति निर्धारक भी शामिल होंगे। वे योगी सरकार के प्रयासों को समझने के साथ ही भविष्य में ऐसे भव्य आयोजनों के लिए अपने सुझाव भी देंगे। महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर दुनियाभर में चर्चा हो रही है। इस तरह के शिखर सम्मेलनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और नवाचारों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। इस आयोजन से भविष्य में बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक नया मानक स्थापित हो गया है।

## सीएम युवा उद्यमी के ऋण का लक्ष्य 31 तक पूरा किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि कैंप लगाकर लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना हैए

- स्वीकृत आवेदनों में तत्काल ऋण वितरण किया जाये

जिससे युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वित्त मंत्री मंगलवार को नवीन भवन स्थित पारिजात कक्ष में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित बैंकों को निर्देश दिया कि ऋण स्वीकृति के लिए लंबित प्रकरणों में तेजी लाते हुए आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। जिन आवेदनों पर स्वीकृत हो चुकी है, उन प्रकरणों में तत्काल ऋण वितरण किया जाए। बैंकों के स्तर से लगभग 3551 वितरित आवेदनों में मार्जिन मनी क्लेम किया जाना लंबित है, जिसे तत्काल क्लेम किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक अधिक से अधिक आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 1 लाख युवाओं को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतर्गत बैंकों को 118981 आवेदन अग्रसारित किए गए हैं। बैंकों द्वारा अभी तक 32087 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए 16924 को ऋण वितरित किया है। इसके अतिरिक्त 41374 आवेदन स्वीकृति हेतु लंबित हैं, जबकि 15163 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# अलीगंज में छह दुकानें जलकर राख, छह लाख का नुकसान





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज के पुराना हनुमान मंदिर चुंगी बाजार में लोहे व लकड़ी की छह गुमटियों में मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से दमकल की कई गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में करीब छह लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अलीगंज में डंडहिया बाजार के पड़ोस पुराने हनुमान मंदिर के पास चुंगी बाजार है। यहां सुबह सड़क के किनारे रखी लोहे व लकड़ी की दुकानों में आग लग गई। कुछ लोगों का दावा है कि कूड़े के ढेर में आग लगी थी, उसी से आग दुकानों तक पहुंच गई। आग की लपटें देखकर एक दुकानदार ने पुलिस व दमकल टीम को सूचना दी। साथ ही दुकान स्वामियों को बताया गया। पुलिस व दमकल टीमें मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गईं। दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल टीमें आग बुझा पाईं। दुकानदारों का कहना है कि आग बुझाने की लिए छह गाड़ियां लगी थीं। करीब साढे.दस बजे आग बुझाई जा सकी। आग लगने से क्षेत्र के मेहंदी टोला निवासी अब्दुल गफ्फार की सिलाई मशीनें, सिलाई के लिए आए कपड़े सहित करीब 60 हजार का नुकसान हो गया। यहीं के अब्दुल जब्बार की क्राकरी, सेंवई की दुकान थी। इनका दावा है कि आग लगने से ढाई लाख रुपये का नुकसान हो गया है। इसके अलावा मोहम्मद रईस की रेडीमेड, चश्मे व बेल्ट की दुकान भी जलकर राख हो गई। इनका लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हर्ष की राज पान भंडार के नाम से दुकान है। इनकी दुकान भी जलकर राख हो गई। इसमें 25 हजार का सामान जलकर नष्ट हो गया। रवि कुमार की चाय की दुकान में एक लाख व दिलीप गुप्ता की पान दुकान जलने से 10 हजार रुपये का नुकसान हो गया। एफएसओ इंदिरानगर ने बताया कि टीम दो फायर टेंडर के साथ पहुंची थी। आग की तेज लपटें निकलते देख हजरतगंज और गोमतीनगर से और फायर टेंडर की मांग की गई थी, लेकिन दो फायर टेंडर की मदद से आग पर चारों तरफ से पानी डालकर काबू पा लिया गया।

**ई रिक्शा चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर:** सरोजनी नगर इलाके में ई रिक्शा चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी ।इस टक्कर में बाइक सवार को काफी चोटे आई है ।जब इसका बाइक सवार ने विरोध किया तो चालक ने डंडे से उसकी पिटाई कर दी ।इस मामले में बाइक सवार युवक ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।राजधानी लखनऊ के आलमबाग के आजाद नगर निवासी अधिवक्ता मनीष पांडे ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च 25 को दोपहर करीब तीन बजे अपने भाई प्रत्यूष पांडे के साथ चुंगी कानपुर रोड से विजय नगर कृष्णा नगर की ओर अपने पिता के पास जा रहा था ।तभी इसी दौरान हमने अपनी गाड़ी किनारे लगा कर अपने पिता को फोन कर रहा था ।इसी बीच पीछे से एक ई रिक्शा चालक संख्या यू पी 32 यू एन 4348 ने मेरी बाइक में टक्कर मार दी और गाली गलौज करने लगा ।मैने और मेरे भाई ने उसे शांति से बात करने को कहा तो उसने मेरे भाई के गाल पर थप्पड़ मार दिया ।इस पर बीच बचाव कर उसे रोका ।लेकिन पहले मौजूद उसके दो साथियों ने ई रिक्शा चालक के साथ हो लिए और डंडे से हमला कर दिया ।इस मरबपिट में दोनों हाथों , कान ,बाए पैर ,कंधे पर काफी चोट लग गई है।

## महिला कर्मचारी को वाहन ने मारी टक्कर , घायल

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ ।** थाना सरोजनी नगर इलाके में आशियाना से ट्रांसपोर्ट नगर स्कूटी से जा रही एक निजी कंपनी की महिला कर्मचारी को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में स्कूटी सवार महिला कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है ।

जनपद हरदोई के संडीला के मानस नगर निवासी आदित्य प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय हनुमान सिंह ने पुलिस को बताया कि मेरी पुत्री दीक्षा सिंह उम्र करीब 30 वर्ष जो अतुल लिमिटेड कंपनी ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ में कार्यरत है ।17 मार्च को सुबह साढ़े दस बजे स्कूटी से अपने किराए के मकान पकरी पुल आशियाना से अपने ऑफिस अतुल लिमिटेड कंपनी ट्रांसपोर्ट जा रही थी ।तभी इसी दौरान पार्किंग नंबर 6 के बोर्ड के नीचे ट्रांसपोर्ट नगर में लापरवाही और तेजी से चला रहे ट्रक संख्या यू पी 81डी टी 3542 के चालक ने मेरी बेटी की स्कूटी में जोरदार टक्टर मार दी ।इस टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई ।किसी तरह सूचना पाकर कंपनी कर्मचारी पहुंचे और उसे अवध हॉस्पिटल में भर्ती करवाया ।जहां पर इलाज चल रहा है ।आदित्य प्रताप सिंह ने थाने पर तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है ।मांग की है कि उचित कार्य वाई करे।

# करेंसी एक्सचेंज कम्पनी का मैनेजर 44 लाख लेकर फरार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली में करेंसी एक्सचेंज फर्म के ब्रांच मैनेजर ने फोरेक्स मैनेजर के खिलाफ 44 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने फर्म के लॉकर में रखी विदेशी और भारतीय मुद्रा गायब कर दी। जिसके बाद दफ्तर आना बंद कर दिया। गोरखपुर निवासी अमानउल्लाह सिद्दीकी हजरतगंज स्थित अलहिंद टूर एण्ड ट्रेवल में ब्रांच मैनेजर हैं। सितंबर 2024 में अयोध्या खाजुरावर निवासी अर्जुन कुमार वर्मा ने फोरेक्स मैनेजर की पोस्ट पर नौकरी ज्वाइन की थी। आरोपित के पास लॉकर की चाभी रहती थी। जिसमें रखी विदेशी मुद्रा और रुपयों का हिसाब भी अर्जुन ही संभालता था। 14 फरवरी को अर्जुन दफ्तर आया। दोपहर में बिना बताए चला गया। शाम तक उसके वापस नहीं आने पर अमानउल्लाह ने कॉल मिलाई। फोन रिसीव नहीं हुआ। अर्जुन से सम्पर्क नहीं होने पर अमानउल्लाह ने रिपोर्टिंग मैनेजर सुधीर सुकुमार को सूचना दी। फर्म का सेफ्टी लॉकर की चाभी भी आरोपी ले गया था। किसी तरह से दूसरी चाभी मंगाकर लॉकर खोलने पर करीब 44 लाख रुपये गायब होने का पता चला। अमानउल्लाह ने अर्जुन पर संदेह जताते हुए हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## मोबाइल के थोक व्यापारी के घर करीब पचहत्तर लाख की चोरी

- चिनहट के कंचनपुर मटियारी स्थित कौस्तुभ एन्क्लेव की घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट के कंचनपुर मटियारी में एक मोबाइल के थोक व्यापारी के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवर व नकदी चोरी कर ली। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। पुलिस की चार टीमें चोरों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है।

मूल रूप से जौनपुर के मछली शहर सोनहिता के कान्हापुर गांव के रहने वाले रोहित कुमार सिंह चिनहट के कंचनपुर मटियारी स्थित कौस्तुभ एन्क्लेव कालोनी में कई सालों से रह रहे हैं। रोहित ने बताया कि अ-टू-वैल्यू के नाम से उनकी मोबाइल फोन की फर्म है। वह जियो और कई अन्य मोबाइल का थोक का काम करते हैं। यूपी और बिहार तक उनका कारोबार फैला है।

रविवार रात अपने परिवार के साथ घर से कुछ दूरी पर साले के निमार्णाधीन मकान में गए थे। वहां से देर रात करीब डेढ़ बजे लौटे। घर के मुख्य गेट का ताला टूटा पड़ा देखकर भौचक्के रह गए। अंदर पहुंचे तो ड्राइंगरूम, बेडरूम का भी ताला टूटा पड़ा था। अलमारी और ब्रीफकेश के लॉक टूटे थे। सारा सामान अस्त व्यस्त था। बेड बॉक्स में रखा सामान भी बाहर पड़ा था। ज्वैलरी के बाक्स खुले पड़े थे। चोर अलमारी में रखी करीब 35 लाख रुपये की नकदी और हीरे, सोने और चांदी के नए पुराने 40 लाख रुपये कीमत के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद चिनहट थाना प्रभारी भरत पाठक, एसीपी विभूतिखंड राधा रमण सिंह घटनास्थल का निरीक्षण कर फोरेंसिक टीम को बुलाकर फिंगर प्रिंट के साक्ष्य संकलन किए। थानाप्रभारी भरत पाठक ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित ने 35 लाख की नकदी और 40 लाख के जेवर चोरी होने की बात बताई है। उनसे जब साक्ष्य मांगे गए तो उन्होंने बाद में देने की बात कही। चोरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज 5 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

- 150 वकीलों पर मुकदमा, हड़ताल से काम ठप
- वकील के मुंह में पेशाब करने का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वकीलों और पुलिस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, और इस मामले में कार्रवाई करते हुए डीसीपी पूर्वी ने विभूतिखंड थाने में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इसमें एक अतिरिक्त इंस्पेक्टर, दो दरोगा और दो सिपाही शामिल हैं। पुलिस और वकीलों के बीच हुई मारपीट के मामले की दर्ज चारों मुकदमें की जांच गोमती नगर विस्तार के थाने से कराई जाएगी। दरअसल, थाने में वकील के मुंह में पेशाब करने का पुलिस पर आरोप है। इसी के चलते मंगलवार शाम को लखनऊ बार, सेंट्रल बार और अवध बार एसोसिएशन ने हड़ताल किया। इसके बाद बुधवार दोपहर 1 बजे तक कार्रवाई करने का समय दिया। वकीलों ने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो सैकड़ों अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेंगे। मंगलवार को वकीलों के मामले को लेकर लखनऊ में कई चौराहों पर पुलिस हाई अलर्ट रही। बैरिकेडिंग के साथ पुलिस बल सड़कों पर उतारा गया। जवान लाठी और सेफ्टी जैकेट से लैस थे। यह तैयारी वकीलों के हड़ताल पर जाने और शहर में रैली निकालने के ऐलान के बाद की गई थी।

**पूर्वी जोन की बैठक में हुआ फैसला:** मामले को लेकर पूर्वी जोन में स्थापना बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला लिया गया। डीसीपी पूर्वी ने इन सभी को तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश जारी किए। दरअसल, विभूतिखंड थाने में होली पर हुए विवाद के बाद वकीलों और पुलिस में टकराव है। वकील मामले में आज पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर अपने ऊपर लगे मुकदमे वापस करने की मांग रखेंगे। पुलिस ने विवाद के बाद 150 वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी, मंत्री ब्रज भान सिंह, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह कुशवाहा और मंत्री अमरेश सिंह की अगुवाई में लाइब्रेरी हॉल में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में 11 प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें वकीलों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

### इन पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई

- पंकज कुमार सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक
- सैय्यद अहमद मेंहदी जैदी, उपनिरीक्षक
- योगेश कुमार सेंगर, उपनिरीक्षक
- शुभम त्यागी, उपनिरीक्षक
- अमित कुमार यादव, आरक्षी

## जिला अदालत के वकील आज भी रहेंगे न्यायिक कार्य से विरत

लखनऊ। अवध बार एसोसियेषन ने वादकारियों के हित को ध्यान में रखते हुए विभूतिखंड थाने में अधिवक्ताओं के साथ हुई मारपीट की घटना के मामले में बुधवार को हाई कोर्ट में न्यायिक कामकाज पर वापस आने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया है कि इस मामले में हाई कोर्ट में याचिका योजित की जायेगी। वहीं जिला अदालत और कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सेंट्रल बार एसोसियेषन व लखनऊ बार एसोसियेषन ने घटना के विरोध में बुधवार को भी न्यायिक कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया है।

## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने दो पुत्रों महफूज खां व महताब आलम में छोटे पुत्र महताब आलम को उसके गलत चाल-चलन एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करने के कारण मैंने अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से महताब आलम का कोई सरोकार नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। छोटा मुन्ना पुत्र साकिर नि.-ग्राम-सैदीपुर, मजरा-डिंगुरापुर, पो.-ढखेरा परगना व तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर।

## कल बदली रहेगी पुराने लखनऊ की यातायात व्यवस्था

लखनऊ। राजधानी में 19वीं रमजान के अवसर पर गुरुवार (20 मार्च) को सआदतगंज स्थित मस्जिद कूफा में सुबह चार बजे मजलिस का आयोजन किया जाएगा। डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि इस दौरान नमाज और मजलिस संपन्न होने तक सुबह दो बजे से समाप्ति तक आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। कटरा (कल्लू) तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहन रौजा-ए-काजमैन की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह वाहन बड़े तालाब राजाजीपुरम होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से किसी भी प्रकार के वाहन नक्खास तिराहे की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह वाहन ऐशबाग या बुलाकी अड्डा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। टुड़ियागंज तिराहे से किसी भी प्रकार के वाहन मंसूरनगर, गिरधारी इन्टर कालेज थाना सआदतगंज की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह वाहन थाना बाजारखाला, हैदरगंज तिराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। मंसूरनगर तिराहे से किसी भी प्रकार के वाहन रौजा-ए-काजमैन की ओर नहीं जा सकेगे, बल्कि यह वाहन नौबस्ता की ओर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सहादतगंज, रौजाए काजमैन तिराहे से किसी भी प्रकार के वाहन रौजाए काजमैन इमामबाड़ा/मंसूर नगर की ओर नहीं आ सकेगा, बल्कि यह वाहन चौपटिया होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फुटेला, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 18.03.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फुटेला, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 19.03.2025 से दिनांक 25.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत फुटेला पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 25.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम (रुपये में) | अनुमानित लागत | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | रमेश प्रताप सिंह का कैटल सेट निर्माण कार्य। माप- 3.50 .6.50 मीटर। | 1,53,921 रुपए | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया व अन्य सामग्री |
| 2 | रेखा सिंह का कैटल सेट निर्माण कार्य। माप- 3.50 .6.50 मीटर। | 1,53,921 रुपए | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- फुटेला, वि0ख0- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

# गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगराम थाना के अनैया गांव से लापता युवक का शव गांव के बाहर एक बाग में लगे पेड़ की डाल में गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची द्वारा मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है ।जिसमें मृतक युवक ने एक महिला से प्रेम प्रसंग होने का जिक्र करते हुये महिला द्वारा शादी कर घर में रखने का दबाव बनाने के चलते आहत होकर परिजनो से माफी मांगते हुये आत्महत्या किये जाने की बात कही है। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस जांच में जुट गयी है।

नगराम के अनैया खरगापुर गांव में पीयूष मिश्रा(30) अपनी पत्नी शांति व चार वर्षीय बेटे कुंज के साथ रहते थे। मृतक के छोटे भाई प्रियंक मिश्रा ने बताया बीते सोमवार की सुबह भाई पीयूष मिश्रा घर से निकले थे लेकिन घर वापस नही लौटे काफी खोजबीन के बाद भी पति का कुछ भी पता ना चलने पर मगंलवार की सुबह परिजनो के साथ नगराम थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करायी थी ।जिसके बाद पुलिस फोर्स संग परिजन लापता युवक पीयूष को तलाश रहे थे । मंगलवार दोपहर बाद करीब चार बजे गांव के बाहर स्थित एक बाग में लगे चिलवल के पेड़ की डाल में गमछे के फंदे के सहारे पियूष का शव लटकता हुआ मिला ।सूचना के बाद थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी व चौकी प्रभारी हरदोइया उपेंद्र यादव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को नीचे उतरवाकर जांच पड़ताल की तो मृतक की जेब से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला ?। थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में किसी महिला से प्रेम प्रसंग के चलते व शादी के लिये दबाव बनाने से आहत होकर आत्महत्या किये जाने की बात पता चली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत:** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के डिप्टीगंज रेलवे क्रासिंग पर एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि निलमथा के अटल पूरी कालोनी में रहने वाले श्रवण कुमार (70) मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जो ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर को जब इस बात की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक परिजन शव का पोस्टमार्टम नही कराना चाह रहे थे, लेकिन बाद में कोई आरोप न लगे इस लिए पोस्टमार्टम करा लिया गया।

## निर्माणाधीन मकान में युवक ने लगायी फांसी, मौत

लखनऊ ।थाना बिजनौर इलाके में एक युवक ने निमार्णाधीन मकान में फांसी लगा ली ।जिससे उसकी मौत हो गई ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

थाना सरोजनी नगर के मकदूम नगर ,बदाली खेड़ा निवासी राकेश मौर्य का बेटा भानु प्रताप मौर्य उम्र करीब 30 वर्ष बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा में एक निमार्णाधीन मकान के आंगन के जाल से रस्सी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। निमार्णाधीन मकान के सामने मृतक की मोटर साइकिल सी टी 100 यू पी 32 बी यू 5222 खड़ी थी ।मृतक अपने घर से साढ़े नौ बजे मेदांता हॉस्पिटल जाने के लिए निकला था ।मृतक का निमार्णाधीन मकान में मकान का कार्य लगभग पिछले एक महीने से नहीं चल रहा था ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बिजनौर पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया ।थाना प्रभारी बिजनौर के मुताबिक मौके पर शांति व्यवस्था की स्थित सामान्य है ।

## अधिवक्ता से मारपीट पर वकीलों का फूटा गुस्सा, तहसील में धरना-प्रदर्शन

लखनऊ ।सरोजनी नगर तहसील में अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप है कि विभूति खंड गोमती नगर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने होली के दिन अधिवक्ता के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की।

अधिवक्ता सौरभ कुमार वर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह होली के दिन अपने साथियों के साथ त्यौहार मना रहे थे। तभी उनके साथी अमित गुप्ता का फोन आया। गुप्ता ने बताया कि वह विभूति खंड थाने में एक मामले की पैरवी के लिए गए हुए थे। जहां उनके साथ बदसलूकी की गई। जैसे ही सौरभ कुमार वर्मा और राहुल पांडे ने यह बात सुनी, तो वे तुरंत थाने पहुंच गए। उनका आरोप है कि थाने पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया और उनकी सोने की चेन भी छीन ली। अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर लखनऊ बार एसोसिएशन, सेंट्रल बार एसोसिएशन, अवध बार एसोसिएशन सहित लखनऊ की सभी तहसीलों की सभी बार एसोसिएशनों ने भी कड़ा एतराज दर्ज कराया है और पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। सरोजनी नगर तहसील बार एसोसिएशन ने भी अपना विरोध दर्ज कराया है। संगठन के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर विभूति खंड थाने के पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान रजिस्टर से लेकर तहसील के न्यायिक कार्यों को बंद कर दिया गया।

## गुरु नानक देव और कबीर आराधक ही नहीं बल्कि आराध्य थे : प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी और नेशनल पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से मंगलवार 18 मार्च को नेशनल पीजी कालेज में गुरु नानक देव एवं कबीर के विचारों का भी भारतीय समाज पर प्रभाव विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी के प्रतिनिधि और कार्यक्रम संयोजक अरविंद नारायण मिश्र ने वक्ताओं को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार विद्वान प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि मध्यकालीन युग के गुरु नानक जी और संत कबीर के विचार में पूर्ण रूप से समानता थी। उन्होंने जात-पात, ऊंच नीच, पाखंड, आडंबरों का पुरजोर विरोध किया था। गुरु नानक देव और कबीर दोनों ने भारत ही नहीं बल्कि विश्व की एकता को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। दोनों आराधक ही नहीं बल्कि आराध्य थे।

संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ता प्रो. हरि शंकर मिश्र ने कहा कि गुरु नानक देव और कबीर दोनों मध्यकालीन युग के महान संत थे। उनके अनुसार मध्यकालीन युग



साहित्यिक दृष्टि से स्वर्ण कालीन युग है। संगोष्ठी में मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढी के विचारों के उपरांत नेशनल पीजी कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रामकृष्ण ने गुरु नानक और कबीर के जीवन और अध्यात्म को एक दूसरे का पूरक बताया। संगोष्ठी का सफल संचालन वरिष्ठ साहित्यकार रश्मि शील ने किया। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो देवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो सूर्यप्रसाद दीक्षित, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो हरिशंकर मिश्र, नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्ष मेजर डॉ मनमीत कौर सोढी, नेशनल पीजी कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राम कृष्ण, अकादमी के कार्यक्रम संयोजक अरविंद नारायण मिश्र सहित पंजाबी संगत की उपस्थित रही।

## बैंक कर्मी बनयुवक के खाते से साढ़े चार लाख रुपये पार

लखनऊ। लखनऊ में साइबर ठग ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक के करीब 4.5 लाख रुपए पार कर दिए। उसने झांसा दिया कि बिना किसी एनुअल चार्ज वाला क्रेडिट कार्ड बना देगा। डिटेल देते ही युवक के तीन बैंक के खातों से रुपए निकल गए। पीड़ित युवक की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाना पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

गोमतीनगर विस्तार स्थित सुलभ आवास निवासी अरविंद कुमार के मुताबिक, बीते 15 फरवरी को अमित सिन्दे नाम के युवक का मोबाइल पर फोन आया। उसने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक से बोल रहा हूं। आपका रुपए कार्ड डिलीवर होना है। रूपे कार्ड अप्लाई करने के चलते हमने उसके कहने पर घर का एड्रेस, नाम और डिटेल बता दीं। इस दौरान दो मैसेज आने आए। मैसेज के विषय में पूछने पर उसने कहा कि कुछ फार्मेलिटी के लिए मैसेज किए जा रहे हैं। कॉल कटने के बाद मैसेज देखे तो बता चला कि खातों से 4.63 लाख रुपए कट गए हैं। साइबर ठग ने बातचीत के दौरान पर्सनल डिटेल लेकर आईसीआईसीआई के कार्ड से 149325 रुपए, एक्सिस के कार्ड से 253350 रुपए और एसबीआई के कार्ड से 60908 रुपए निकाल लिए। पुलिस साइबर टीम की मदद से साइबर ठग के विषय में जानकारी जुटा रही है।

# चैत्र माह शुरू, पड़ेंगे नवरात्र और राम नवमी जैसे व्रत और त्योहार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंग्रेजी कैलेंडर में जहां नए वर्ष की शुरूआत जनवरी माह से होती है, वहीं नया हिंदू कैलेंडर मार्च-अप्रैल में पड़ने वाले हिंदू माह चैत्र के महीने से होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र का महीना वर्ष का पहला महीना होता है। इस माह से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा ने चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को संसार का निर्माण किया था। फाल्गुन माह हिंदू वर्ष का आखिरी महीना होता है और उसके बाद चैत्र का महीना आता है। साल के पहले हिंदू माह में कई तरह के त्योहार और व्रत आते हैं जिसका धार्मिक महत्व काफी होता है।

**नया हिंदी नववर्ष विक्रम संवत 2082:** हर वर्ष चैत्र माह से नया हिंदू नववर्ष आरंभ हो जाता है। इस बार हिंदू नववर्ष की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है। 29 मार्च को विक्रम संवत 2081 खत्म हो जाएगा और नया विक्रम संवत 2082 आरंभ होगा। इसी दिन से पंचांग की गणना की जाती है और व्रत-त्योहारों का निर्धारण किया जाता है।

**चैत्र नवरात्रि और गुड़ी पड़वा:** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होती है। इस दिन महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा के रूप में नया हिंदू वर्ष का उत्सव मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि पर देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा-आराधना की जाती है।

**गणेश चतुर्थी:** हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व होता है। चैत्र के महीने में दो विशेष चतुर्थी के व्रत रखे जाएंगे। पहली चतुर्थी 17 मार्च और दूसरी 01 अप्रैल को है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश की पूजा-आराधना करने से सभी तरह के विघ्न और बाधाएं दूर होती हैं।

**एकादशी व्रत:** हर महीने दो एकादशी तिथियां आती हैं। चैत्र माह की पहली एकादशी 25 मार्च को जबकि दूसरी 8 अप्रैल को पड़ेगी।

**चैत्र माह में शीतला सप्तमी और अष्टमी:** इस माह शीतला सप्तमी और अष्टमी के व्रत रखे जाएंगे। 21 मार्च को शीतला सप्तमी जबकि 22 मार्च को शीतला अष्टमी रखी जाएगी। जिसे बसोड़ा के नाम से भी जाना जाता है। इस व्रत में माता को ठंडे भोजन का प्रसाद के रूप में भोग लगाया जाता है।

**चैत्र अमावस्या :** हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व होता है। यह तिथि पितरों को समर्पित होती है और इस दिन पितरों को तर्पण, श्राद्ध और दान-स्नान करने का विशेष महत्व होता है। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।

**राम नवमी :** चैत्र माह में राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के पर्व को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप मनाया जाता है। इस बार 06 अप्रैल को राम नवमी है। इस दिन भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-आराधना और भजन-कीर्तन का महत्व होता है।

**हनुमान जन्मोत्सव :** चैत्र पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जयंती मनाई जाती है। इस बार हनुमान जयंती 12 अप्रैल को है। इस तिथि पर भगवान हनुमान जी के दर्शन और पूजा-अर्चना की जाती है।

**चैत्र माह का महत्व:** हिंदू धर्म में सभी 12 महीनों में चैत्र माह का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्याताओं के अनुसार चैत्र माह से सतयुग की शुरूआत हुई थी। इस माह में भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण किया था और सभी प्राणियों की जल प्रलय से रक्षा की थी। चैत्र माह से शीत ऋतु खत्म होती है और ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है।

## शुभ योग में 27 को होगी मासिक शिवरात्रि की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हिंदू धर्म में मासिक शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। हर महीने में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि व्रत रखा जाता है। यह दिन भगवान शंकर को समर्पित होता है। इस दिन पूरे विधि-विधान से शिव जी की की आराधना की जाती है। आज मासिक शिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाएगा। भोले बाबा की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। पंचांग के अनुसार, चैत्र महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि मार्च 27, 2025 को रात 11:03 बजे तक रहेगी, जिसके बाद चतुर्दशी तिथि की शुरूआत होगी। मार्च 28, 2025 को शाम 07:55 बजे तक चतुर्दशी तिथि रहेगी। मासिक शिवरात्रि पर निशा काल में शिव-शक्ति की पूजा होती है। अतः 27 मार्च को चैत्र माह की शिवरात्रि मनाई जाएगी।

मासिक शिवरात्रि शुभ योग :

मासिक शिवरात्रि पर साध्य और शुभ योग का निर्माण हो रहा है। साध्य योग का संयोग 27 मार्च को सुबह 09 बजकर 25 मिनट तक है। इसके बाद शुभ योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त का भी योग है। इन योग में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक की हर एक मनोकामना पूरी होगी।

**पूजा-विधि:** स्नान करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें। शिव परिवार सहित सभी देवी-देवताओं की विधिवत पूजा करें। अगर व्रत रखना है तो हाथ में पवित्र जल, फूल और अक्षत लेकर व्रत रखने का संकल्प लें। फिर संध्या के समय घर के मंदिर में गोधूलि बेला में दीपक जलाएं। फिर शिव मंदिर या घर में भगवान शिव का अभिषेक करें और शिव परिवार की विधिवत पूजा-अर्चना करें। अब मासिक शिवरात्रि व्रत की कथा सुनें। फिर घी के दीपक से पूरी श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आरती करें। अंत में ॐ नमः शिवाय का मंत्र-जाप करें। अंत में क्षमा प्रार्थना भी करें।

# बसंती बिष्ट को मिला सोनचिरैया का लोक निर्मला सम्मान





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी की माता निर्मला अवस्थी की स्मृति में रोपित लोकनिर्मला सम्मान रुपी पौध का षष्टम पुष्प मंगलवार को उत्तराखंड के जागर गायन की परम्परा को प्रसिद्ध करने वाली लोकगायिका पद्मश्री विदुषी डॉ बसंती बिष्ट को समर्पित किया गया।

डॉ बसंती उत्तराखंड की पहली ऐसी महिला है जिन्होंने मंच पर जागर गायन किया है। उनके पहले सिर्फ पुरुष की मंच पर जागर गायन किया करते थे। सोनचिरैया संस्था द्वारा गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल केजीएमयू की कुलपति पद्मश्री डॉ सोनिया नित्यानंद ने उन्हें यह सम्मान दिया। सम्मान स्वरुप उन्हें एक लाख रू की धनराशि, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान सोनचिरैया की अध्यक्षा पद्मश्री विद्या विन्दु सिंह भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉ बसंती का जीवन हर एक के लिए प्रेरणादायक है। वे आत्म सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण हैं। आपने जो चाहा ना सिर्फ उसे पाया बल्कि उसमें ऊंचाई भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भारत में विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चलने की जरूरत है। आज भारत तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमे विकास के साथ साथ विरासत को भी साथ लेकर चलना होगा। संगीत और कलाओं का तो हर जगह महत्व है। मेडिकल साइंस भी यह मानता है कि संगीत जल्दी उपचार में मदद करता है। उन्होने यह भी कहा कि मालिनी अवस्थी ने यह सिद्ध किया है कि बेटियां अपने माता पिता की विरासत को समृद्ध करती हैं। मैंने अक्सर देखा है कि जब कोई बीमार होता है तो अक्सर उनकी तीमारदारी बेटियां ही करती हैं। इस अवसर पर लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने कहा कि मेरी मां गा नहीं सकती थीं लेकिन वो मुझे ना सिर्फ संगीत के गुरुओं तक ले गईं बल्कि मेरी उंगली पकड़ कर मुझे देश के कोने कोने में पहुंचाती रहीं। मैं उनके प्रति उऋण तो कभी नहीं हो सकती पर मुझे यह विचार आया कि उनके नाम से उन महिला लोक कलाकारों को सम्मानित किया जाना चाहिये। जिन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए ना सिर्फ रूढ़ियों को तोड़ा है बल्कि एक अलग मुकाम भी हासिल किया। इसके पहले ऐसी पहल कहीं नहीं हुई थी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में पहली प्रस्तुति बुंदेलखंड के कलाकारों ने होली के गीतों पर दी। 'आज बिरज में होरी रे रसिया', 'होली खेले रघुबीरा अवध में' और 'केसरिया रंग डारि कन्हैया ने' जैसे गीतों पर कलाकारों ने लोगों के साथ जमकर फूलों की होली खेली। इस प्रस्तुति के बाद राजस्थान के मेवा सपेरा एंड ग्रुप ने कालवेलिया नृत्य की प्रस्तुति 'कालो कूद पड्यो मेलन में' गीत पर दी। शाम की खास प्रस्तुति पद्मश्री बसंती बिष्ट की रही। प्रस्तुति की शुरूआत उन्होंने भगवान शिव के जागर से की। यह जागर दो सहेलियों संजोया और लक्ष्मी की कथा थी जिनको देव सभा में आने की अनुमति नहीं मिलती तो वे शिव के पास जाती हैं। शिव ध्यान में बैठे होते हैं तो वे भी ध्यान में बैठ जाती हैं। शिव के उठने पर वे सब भूल कर उनकी भक्ति का वरदान मांगती है जागर है - 'दिन बूढ़ो घाम संजोया ढली गे'। इस सुन्दर प्रस्तुति के बाद उन्होंने गोधूलि वेला में श्री कृष्ण का गायों को चराने जाने का दृश्य 'लागो गोकुलो बैराठो' गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस गीत में उनकी पोती सौम्य बिष्ट ने श्री कृष्ण के रूप में सुन्दर उत्तराखंडी नृत्य भी प्रस्तुत किया।

# रिश्ते खून से नहीं बल्कि भावनाएं उसे घनिष्ठ बनाती हैं

- यूपीएसएनए के त्रिदिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह की दूसरी संध्या में मंचित हुआ आखिरी वसंत
- समारोह की तीसरी अंतिम शाम 19 मार्च को मंचित होगा नाटक भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से त्रिदिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह की दूसरी शाम मंगलवार 18 मार्च को दर्पण लखनऊ की प्रस्तुति आखिरी वसंत का मंचन शुभदीप राहा के सराहनीय लेखन और निर्देशन में गोमती नगर स्थित अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में किया गया। यह नाटक, विदेश में जाकर बस गए बच्चों के बाद हिन्दुस्तान में एकाकी रह गए वयोवृद्ध अभिभावकों की परिस्थितियों को, आधुनिक बाजारवाद के परिवेश में प्रभावी रूप से पेश करता है। नाटक संदेश देता है कि रिश्ते खून के कारण नहीं घनिष्ठ होते बल्कि भावनाएं उसे घनिष्ठ बनाती हैं।

सुनील शुक्ला के सधे संचालन में हुयी इस नाट्य संध्या में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, रंजन कुमार के साथ अकादमी अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्वलन किया। नाटक एक बुजुर्ग दंपत्ति सुधीर और गीता के साथ शुरू होता है जो अपने बेटे रणदीप के साथ अपने झगड़े को निपटाने की कोशिश कर रहे हैं जो कनाडा में अपनी पत्नी वंदना के साथ बस गया है। नाटक जब आगे बढ़ता है तो दर्शकों को पता चलता है कि पांच साल पहले संपत्ति को लेकर झगड़ा हुआ था। अब सुधीर और गीता किसी तरह रणदीप और वंदना को वापस भारत बुलाना चाहते हैं। दूसरी ओर कहानी में मोड़ आता है जब सुधीर और गीता के घर में जेल से भागा हुआ एक अपराधी राधू पहुंच जाता है। इसी बीच भावनाओं पर हावी होते बाजारवाद को दशार्ते दो किराए के बेटा-बहु भी घर पहुंच जाते हैं। नाटक के अंत में परिस्थितियों का मारा अपराधी राधू, सच्चे प्यार की तलाश में अंजान, वृद्ध दम्पत्ति को अपना अभिभावक बना लेता है। मंच पर सुधीर की भूमिका वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, गीता की चित्रा मोहन, वंदना की अलका विवेक, रणदीप की विकास श्रीवास्तव, राधू की संजय देगलुरकर और मंजीत सिंह की वंश श्रीवास्तव ने अदा कर प्रशंसा हासिल की। मंच पार्श्व में सैयद लारैब और सुमित श्रीवास्तव ने मंच सामग्री प्रबंधन, मधुसूदन ने मंच निर्माण, रोजी दुबे ने वेशभूषा, देवाशीष मिश्रा ने प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन, मनोज वर्मा ने मुख सज्जा, विवेक श्रीवास्तव ने संगीत संचालन, राधेश्याम सोनी ने प्रस्तुति संयोजन और विद्या सागर गुप्त ने प्रस्तुति का दायित्व बखूबी संभाला। अकादमी के निदेशक डॉ.शोभित कुमार नाहर के अनुसार प्रादेशिक नाट्य समारोह की अंतिम और तीसरी शाम 19 मार्च को शाहजहांपुर की नाट्य संस्था गगनिका द्वारा नाटक भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर का मंचन कप्तान सिंह कर्णधार के निर्देशन में किया जाएगा। इसका लेखन मीराकान्त ने किया है।

# आध्यात्मिक और पारंपरिक मूल्यों का विकास जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में वैश्विक स्तर पर भारतीय संगीत का शिक्षण एवं प्रदर्शनः प्रचार-प्रसार एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के मार्गदर्शन एवं गायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति महोदया के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके पश्चात सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. साहित्य कुमार नाहर ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रो. मधु भट्ट तैलंग, रैमो स्कैनो, प्रो. स्वतंत्र शर्मा और प्रो. राजेश केलकर जैसे प्रतिष्ठित संगीत विशेषज्ञों ने वेबिनार में सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किए। प्रो. मधु भट्ट तैलंग ने भारतीय संगीत की परंपरागत शिक्षण पद्धति पर जोर देते हुए विद्यार्थियों में आध्यात्मिक और पारंपरिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, रैमो स्कैनो ने भारतीय संगीत के वैश्विक प्रचार-प्रसार में गुरु-शिष्य परंपरा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अन्य विशेषज्ञों ने भी वर्तमान समय में भारतीय संगीत के उत्थान में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वेबिनार के प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रो. स्वतंत्र शर्मा और द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. सृष्टि माथुर ने की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री कृतिका मिश्रा अतिथि शिक्षिका, गायन) एवं पीएच.डी. गायन के शोधार्थियों द्वारा किया गया। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# होली मिलन समारोह में शामिल हुए फिल्मी कलाकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में न्यू एबीसी मोंटेसरी स्कूल, इंदिरा नगर, लखनऊ में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा, कला, प्रशासन और व्यापार जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने सभी अतिथियों का रंग-गुलाल और फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। संस्था की महासचिव श्रीमती रीना राय जी ने कहा, भारत त्योहारों का देश है, जहां आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की परंपरा हमें एक सूत्र में बांधती है। होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज में स्नेह और समरसता का संदेश देने का अवसर भी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नवोदय विद्यालय समिति के पूर्व उपयुक्त श्री ए.के. शुक्ला जी ने होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें भेदभाव भुलाकर आपसी प्रेम और एकता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सुनील वर्मा (गुलाबो सिताबो, बाला, इंस्पेक्टर अविनाश, पटना शुक्ला आदि फिल्मों एवं वेब सीरीज में अभिनय कर चुके), एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी रामविलास सिंह यादव, लेफ्टिनेंट जे.एस. चौहान, ओजस्वी वक्ता, शिक्षाविद एवं समाजसेवी सी.के प्रसाद, रविंद्र देव शुक्ला, शिक्षाविद एवं समाजसेवी प्रज्ञा पांडे, लखनऊ हाई कोर्ट बेंच के वरिष्ठ अधिवक्ता रत्नेश तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं मार्गदर्शक आर.के. सिंह, कमल कनौजिया एवं वरिष्ठ चिकित्सक शिवेंद्र सिंह समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांकः 2135/मु.न.सृ.यो. /नि.कार्य / ई-टेण्डर /2024-25 दिनाँकः 17 मार्च, 2025**

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक- 2134 / मु.न.सृ.यो. / नि.कार्य / ई-टेण्डर / 2024.25 दिनांक 17 मार्च 2025 द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत कुल 05 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18 मार्च 2025 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 07 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2024-25 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./ नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के HDFC बैंक स्थित खाता सं.-50100494491581 IFSC Code HDFC0007523 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर. / टी.डी.आर./ एन.एस.सी./ सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे । निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, नवीनतम हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र / पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 07 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। उक्त ई-निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है ।

| | |
|---|---|
| **(प्रमिता सिंह)** | **(सुधा देवी)** |
| **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगरपालिका परिषद** | **नगरपालिका परिषद** |
| **बहराइच** | **बहराइच** |


# तीन तलाक पर चोट करती है फिल्म 'रिवाज'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कलाकार- मिथुन चक्रवर्ती, आफताब शिवदासानी, मायरा सरीन, अनिता राज
- निर्देशक- मनोज सती

**रेटिंग- 3.5/5**

**लखनऊ।** मुस्लिम धर्म में तीन तलाक का मुद्दा हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। आए दिन खबरों में सुनने के लिए मिलता रहा है कि किसी ने फोन पर कोसों दूर से तलाक दे दिया तो किसी ने मैसेज पर लिखकर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। फिर अगर तलाकशुदा महिला से वापस से शादी करना होता था तो उसके लिए महिला को हलाला करना पड़ता है। यहां देखा जाए तो दोनों तरफ से महिलाएं ही पिस रही थीं। इससे तंग आकर महिलाओं ने अपनी आवाज उठाई और एक लहर उठी की तीन तलाक को खत्म कर दिया जाए। सरकार ने भी साथ दिया।

ऐसे में अब ओटीटी पर इसी गंभीर मुद्दे को लेकर आई हैं मायरा सरीन और उनका साथ मिथुन चक्रवर्ती, आफताब शिवदासानी अनिता राज, जाकिर हुसैन और जया प्रदा जैसे स्टार्स ने दिया है। सिनेमा के इतिहास में महिलाओं के संघर्ष पर सैकड़ों फिल्में बनती रही हैं। इस लिस्ट में अब एक और फिल्म रिवाज शामिल हो गई है। ये रिवाज तीन तलाक का रहा है, जिसने सिर्फ महिलाओं के भाग्य में पीड़ा ही दी। इस पीड़ा को रिवाज में बखूबी दिखाया गया है। इसकी कहानी एक ऐसी महिला की है, जो तीन तलाक के खिलाफ लड़ रही होती है।

समाज को आइना दिखाती है। ये महिला जैनब शेख (मायरा सरीन) होती है, जो तीन तलाक के पुराने कानून के विरुद्ध आवाज बुलंद करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे वो ना केवल इस कानून के खिलाफ बल्कि लोगों की सोच और अपनी पूरी कौम के खिलाफ लड़ रही होती है। मायरा ने जिस ईमानदारी के साथ अदाकारी की है वो देखने लायक है। कई मंझे हुए कलाकारों के साथ उन्होंने अपने कुशल अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है और फिल्म के मुख्य पात्र को स्क्रीन पर असरदार ढंग से पेश किया है। उनका संवाद हो, या चेहरे का एक्सप्रेशन या फिर भावनाओं को प्रकट करना या कोई दिल को चुभने वाला डायलॉग बोलना हो। मायरा ने हर तरह से अपने किरदार को जीवंत कर दिया है। वहीं, मिथुन चक्रवर्ती तो मंझे हुए कलाकार हैं ही तो उनकी एक्टिंग ने फिल्म में चार चांद लगा दिए। वकील रमजान कादिर के रोल में उन्होंने महिलाओं के सपोर्ट में आवाज उठाई और इस जंग में उनका साथ देते नजर आए। साथ ही मुसलमान का मतलब भी दमदार अभिनय के साथ दिखाते हैं। इसके साथ ही आफताब शिवदासानी (हनीफ कुरैशी), जैनब के पति के रोल में हैं। ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म रिवाज में कई दमदार डायलॉग्स भी हैं। इसमें मायरा के डायलॉग्स कमाल के लगे हैं, जो तीन तलाक के प्रति महिलाओं के दर्द को बयां करते हैं। अगर उन डायलॉग्स की बात की जाए तो इसमें पहला डायलॉग है, इनका जब मन होगा तलाक दे देंगे, जब मन होगा माफी मांगकर निकाह की बात कर लेंगे। जैनब का यह संवाद औरत के दर्द को बयां करता है। फिर वह आगे कहती है, मैं कसम खाती हूं, तेरे जैसे लोगों का गुरुर तोडूंगी। वहीं, फिल्म में मिथुन कहते हैं, तलाक औरत दे या मर्द दे, नुकसान तो परिवार का ही होता है। इस तरह के संवाद के जरिए फिल्म में कई संदेश भी दिए गए हैं। मायरा यानी कि जैनब का एक और डायलॉग होता है, यह लड़ाई मेरे अकेले की नहीं है। एक्ट्रेस अपने इस डायलॉग से समाज की महिला वर्ग को प्रोत्साहित कर रही हैं कि वो भी उनके खिलाफ होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करें। फिल्म रिवाज में अगर बैक ग्राउंड स्कोर और गानों की बात की जाए तो इसका बैक ग्राउंड म्यूजिक शानदार है, जो आपको फिल्म की कड़ी से जोड़ता है। कई सीन्स ऐसे भी आते हैं, जिसके म्यूजिक इमोशनल कर देते हैं। उन सीन्स में म्यूजिक जान डाल देते हैं। फिल्म का एक गाना ह्यतू मेरा नाम है, जो काफी अच्छा लगता है।

# लखनऊ ऑर्बिटल रेलवे कॉरिडोर का किया जायेगा निर्माण




- रेल परिचालन को मिलेगी नयी दिशा, संचालन प्रक्रिया होगी सुदृढ़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल संचालन की प्रक्रिया को सुदृढ़ करते हुए तथा रेल परिचालन को एक नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ ऑर्बिटल रलवे कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा कमण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्रियान्वित की जाने वाली इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना के प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य लखनऊ क्षेत्र में रेल यातायात की भीड़-भाड़ को कम करना और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। कुल 170 किमी. के दोहरीकृत रेलमार्ग के इस ऑर्बिटल रेल कॉरीडोर का निर्माण कार्य लखनऊ-कानपुर सेक्शन, लखनऊ-शाहजहांपुर झमुरादाबाद सेक्शन, ऐशबाग- डालीगंज झसीतापुर सिटी, लखनऊ- बाराबंकी-गोंडा सेक्शन, लखनऊ- बाराबंकी-अयोध्या सेक्शन, लखनऊ-सुल्तानपुर झवाराणसी सेक्शन एवं लखनऊ-रायबरेली-वाराणसी सेक्शन की रेल परिसीमाओं के अंतर्गत किया जाएगा कऑर्बिटल रेलवे कॉरिडोर परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सर्वेक्षण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है, सर्वे के उपरांत योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।इसके पश्चात भविष्य में इस परियोजना को कार्यान्वित किया जाएगा। परियोजना की आवश्यकता एवं महत्वः लखनऊ क्षेत्र में वर्तमान में सात मुख्य रेल मार्ग हैं, जिनके माध्यम से सभी यात्री एवं मालगाड़ी ट्रेनें संचालित होती हैं। इन मार्गों पर भारी भीड़-भाड़ के कारण रेल यातायात बाधित हो रहा है। यह क्षेत्र उत्तर रेलवे, उत्तर-पूर्व रेलवे, और पूर्व-मध्य रेलवे के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है, जिससे यहाँ रेल यातायात का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है।ज्ञात हो कि वर्तमान में, लखनऊ के अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, मुरादाबाद, सीतापुर, रायबरेली, और सुल्तानपुर की ओर जाने वाले मार्गों पर अत्यधिक ट्रेनों का संचालन होता है।

लखनऊ/ऐशबाग स्टेशनों पर लगभग 90% मालगाड़ियाँ और 70-80% यात्री गाड़ियाँ गुजरती हैं। लखनऊ के चारों ओर एक 170 किमी लंबा रेलवे कॉरिडोर बनाया जाएगा। सभी सात प्रमुख मार्गों को इस ऑर्बिटल कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। यह कॉरिडोर कनेक्शन के माध्यम से जुड़ा होगा और रेल-ऑन-रेल पुलों (फ्लाइ) के जरिए प्रमुख मार्गों के ऊपर से गुजरेगा। एक नया ग्रीनफील्ड मेगा पैसेंजर टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसमें 30 से अधिक लाइनें और 20 प्लेटफार्म होंगे। एक मेगा रेल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण आगरा एक्सप्रेसवे के निकट किया जाएगा। इस परियोजना के तहत मालगाड़ियों का संचालन सुगम होगा, जिससे व्यापार एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। रेलगाड़ियों के परिचालन में विलंब को कम करके प्रतिगाड़ी लगभग 1 घंटे का समय बचाया जाएगा। सर्वे पूर्ण होने व परियोजना स्वीकृत होने के बाद यह परियोजना लखनऊ के यात्री एवं माल परिवहन के लिए एक नया युग स्थापित करेगी तथा रेलवे परिचालन को और अधिक कुशल एवं सुविधाजनक बनाएगी।

## मानव तस्करी को लेकर आरपीएफ और जीआरपी को सजग रहने की जरूरत






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चन्द्र मोहन मिश्र, रेलवे सुरक्षा बल के निर्देशन में आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में मानव तस्करी और रेलवे सुरक्षा बल विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता बबन प्रकाश, कॉनसलटेंट/बीबीए, नई दिल्ली द्वारा अपने सम्बोधन में विगत वर्ष-2024 के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा मानव तस्करों से कुल-22 बच्चों को रेस्कयू करने के बावत अच्छे कार्य के लिए सराहना की गयी। उन्होंने एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूरे भारत में मानव तस्करी के वर्तमान परिदृश्य और बच्चों को तस्करों से बचाने के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के साथ-साथ वर्तमान कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। जोकि कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ करने में सहायक होगी। उन्होंने इस सम्बंध में जे0 जे0 एक्ट एवं बीएनएस में वर्णित सम्बंधित धाराओं के विषय में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि मानव तस्करी एक बहुत ही गम्भीर विषय है, इस पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस को बहुत ही सतर्क एवं सजग रहने की आवश्यकता है। इससे पूर्व वरि0 मंडल सुरक्षा आयुक्त चन्द्र मोहन मिश्र द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि सभी बल कर्मी स्टेशनों एवं ट्रेनों में ड्यूटी करते समय निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति द्वारा इस तरह की कार्यवाही करते हुए देखे जाने पर उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सेमिनार में रवि शंकर सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल/लखनऊ, भूवनेश्वरी, निरीक्षक/यात्री सुरक्षा/लखनऊ के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेल पुलिस गोरखपुर एवं लखनऊ अनुभाग, उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग युनिट के विभिन्न रैंको के कुल 152 सदस्यों ने भाग लिया।

## प्रियांशी ने खेलो इंडिया में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ।64 यूपी बटालियन लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की उभरती हुई ताइक्वांडो खिलाड़ी, प्रियांशी जुगरान ने अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग में अपनी उत्कृष्ट क्षमता का परिचय देते हुए जूनियर वर्ग के 68 किग्रा से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया और भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन के सहयोग से आयोजित की गयी थी।

प्रियांशी जुगरान, जो 64 यूपी बटालियन एनसीसी व बी.कॉम सेमेस्टर - 4 लखनऊ विश्वविद्यालय की एक समर्पित कैडेट व विद्यार्थी हैं, ने इस उपलब्धि के माध्यम से न केवल अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण को प्रमाणित किया, बल्कि ताइक्वांडो के क्षेत्र में अपनी स्थिति और भी मजबूत की। प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी बेहतरीन तकनीक, रणनीति और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जो उनके व्यक्तिगत विकास और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को दर्शाता है। प्रियांशी का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन न केवल उनके लिए बल्कि ताइक्वांडो और खेलों के प्रति युवा पीढ़ी के समर्पण को प्रेरित करने वाला है। इस सफलता के बाद भविष्य में उनकी और भी बड़ी उपलब्धियों की संभावना जताई जा रही है, जो ताइक्वांडो के क्षेत्र में उनके उज्जवल करियर की ओर संकेत करती है। इस अवसर पर 64 यूपी बटालियन के कॉमडिंग ऑफिसर कॉर्नल पीपी यस चौहान, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ रजनीश कुमार यादव व सूबेदार दिनेश कुमार ने उनके उज्वल भविष्य की बधाई दी।

## वेद, गीता, रामायण और भोजपुरी, अवधी ब्रज भाषा के साहित्य को पढ़ेंगे लविवि छात्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के विद्यार्थी अब आगामी सत्र से वेद, पुराण, उपनिषद्, गीता, रामायण, महाभारत और भारतीय भाषाओं को अपने पाठ्यक्रम में पढ़ेंगे। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अंग्रेजी विभाग के परास्नातक पाठ्यक्रम में किया गया है। जिसके तहत भारतीय संस्कृति और साहित्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर पांच नए पेपर आरंभ करने का फैसला किया गया है। यह सभी पेपर 20-20 क्रेडिट के होंगे। यह जानकारी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ओंकार नाथ उपाध्याय ने दी।

प्रोफेसर उपाध्याय ने बताया कि भारत वर्ष के अंग्रेजी साहित्य में यह परिवर्तन पहली बार हुआ है। जिसका अब अन्य विश्वविद्यालय भी अनुसरण करेंगे। उनका कहना है कि इंडियन क्लासिकल लिटरेचर, इंडियन पोएटिक्स एंड एस्थेटिक्स, लैंग्वेज लिटरेचर इन ट्रांसलेशन, इंडियन लिटरेचर इन इंग्लिश और इंडियन डायस्पोरा एंड कल्चर स्टडीज नामक पांच नए पेपर शुरू किए जाएंगे। इसमें इंडियन क्लासिकल लिटरेचर के अंतर्गत ऋग्वेद के अग्नि सूक्त के पांच मंत्र, वेद, पुराण, उपनिषद्, गीता, रामायण और महाभारत से जुड़े साहित्य को पढ़ाया जाएगा। इंडियन पोएटिक्स एंड एस्थेटिक्स में महर्षि पाणिनी की अष्टाध्यायी किताब के 14 माहेश्वर सूत्रों और अलंकार, ध्वन, रस, छंद शास्त्र को भी बताया जाएगा। जबकि इंडियन लिटरेचर इन इंग्लिश में कनाडा, अमेरिका और इंग्लैंड में रहने वाले भारतीय लेखकों की किताबों और उनके व्यक्तित्व के बारे में बताया जाएगा, जिनका कार्य सिर्फ अंग्रेजी भाषा में है।

**भोजपुरी, अवधी, ब्रज भाषा की कविताएं भी पढ़ेंगे:** प्रोफेसर ओंकार नाथ के मुताबिक, लैंग्वेज लिटरेचर इन ट्रांसलेशन में 22 भारतीय भाषाओं के साहित्य को अंग्रेजी में पढ़ाएंगे। जिसमें भोजपुरी की कविता बटोहिया को जोड़ा गया है। साथ ही अवधी में तुलसीदास और ब्रज में सूरदास के साथ तमिल, तेलुगू, गुजराती कविताओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

**प्रवासी भारतीयों की गाथा भी जानेंगे विद्यार्थी:** इंडियन डायस्पोरा एंड कल्चर स्टडीज पेपर में छात्रों को उन भारतीय मूल के लोगों के इतिहास और वर्तमान स्थिति के बारे में बताया जाएगा जो एक मजदूर के रूप में भारत से फिजी, मॉरीशस, जमैका और साउथ अफ्रीका जैसे कई देशों में गए और आज वहां शासक के रूप में हैं। यह लोग भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं।

**इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन पेपर में सीटें फुल:** प्रोफेसर ओंकार के अनुसार, विभाग में तीन वर्ष पूर्व इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन नामक इंटरडिसिप्लनरी पेपर शुरू किया गया था। जिसे कला संकाय का कोई भी छात्र पढ़ सकता है। इस पेपर में कुल 100 सीट थी। मगर, इसे पढ़ने वाले छात्रों की संख्या दोगुनी है।

## डॉ. एसएन पांडे एसएलएस बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड 2024 से सम्मानित




लखनऊ। रीवा, मप्र सोसाइटी ऑफ लाइफ साइंसेज ने एसएलएस बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड 2024 से डॉ. एसएन पांडे, प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनके जीवन विज्ञान (लाइफ साइंसेज) के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान और उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान 7 मार्च को राष्ट्रीय सम्मेलन-नवाचार और पर्यावरण प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों के अवसर पर दिया गया, जिसका आयोजन पर्यावरण जीवविज्ञान विभाग, एपीएस विश्वविद्यालय, रीवा, मध्य प्रदेश द्वारा किया गया था। सोसाइटी ऑफ लाइफ साइंसेज ने डॉ. पांडे के असाधारण शोध और समर्पण की सराहना करते हुए उनके वैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया। यह सम्मान उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता और पर्यावरणीय एवं जैविक विज्ञान में उनके योगदान को दर्शाता है।

## यूपीएसआरटीसी को मिला स्मार्ट मोबिलिटी और ट्रांसपोर्टेशन टेक्नोलॉजीज में गोल्ड अवॉर्ड



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) को स्मार्ट मोबिलिटी और ट्रांसपोर्टेशन टेक्नोलॉजीज में उत्कृष्ट श्रेणी के तहत गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित डीजी टेक कनक्लेव में प्रदान किया गया। यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने देश की राजधानी दिल्ली में ग्रहण किया। यह उपलब्धि परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की स्मार्ट और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन के लिए तकनीकी नवाचारों की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, परिवहन निगम के चेयरमैन वेंकटेश्वर लू का धन्यवाद किया। परिवहन निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक व प्रवक्ता अमर नाथ सहाय ने बताया कि इस मौके पर प्रबंध निदेशक श्री मासूम अली सरवर के साथ परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (आईटी) यजुवेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## नयी तकनीकी से खुद को अपडेट रखें छात्र : जेपी पाण्डेय

- एकेटीयू में क्रिप्टोग्राफी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से मंगलवार को तीन दिवसीय क्रिप्टोग्राफी बूटकैम्पः क्रिप्टोग्राफी अनलॉक्ड विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने क्रिप्टोग्राफी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय इन्क्रिप्टेड तकनीकी का प्रयोग परीक्षा में प्रश्नपत्रों के लिए 2016 से कर रहा है। इससे न केवल खर्च में कमी आयी बल्कि सुरक्षा और सुचिता पर भी बड़ा असर पड़ा। आने वाला समय ऐसी ही नई तकनीकी का है। इसमें सबसे अहम भूमिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होगी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय एजेंटिक एआई का है। हर क्षेत्र में एआई की दखल होने वाली है। नई तकनीकी चुनौतियां भी हैं तो अवसर की भी कोई कमी नहीं है। तकनीकी छात्रों की जिम्मेदारी इसलिए और बढ़ जाती है कि बदलती तकनीकी से खुद को अपडेट रखें और समाज को इसका फायदा पहुंचाएं। बताया कि विश्वविद्यालय भी नई तकनीकी को अपना रहा है। इसी क्रम में आगामी सत्र से छात्रों की सभी डिग्री ब्लॉकचेन पर रखी जाएगी। डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा ने कहा कि तीन दिनों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। इस दौरान कई तकनीकी पर प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा। कहा कि यह छात्रों के लिए अवसर है। ताकि छात्र तैयार होकर अपने भविष्य को सही दिशा दे सकें। क्रिप्टोग्राफी का उपयोग लगभग हर कोई करता है, बस जानकारी नहीं होती है। दरअसल क्रिप्टोग्रफी वह तकनीकी है जो हमारे किसी डाटा को हैक करने से बचाती है। मसलन, वाट्सएप पर हम जो भी सूचनाएं किसी को भेजते हैं उसे कोई बीच में हैक करने से यह तकनीकी रोकती है। तीन दिन के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इनक्रिप्टेड तकनीकी की सामान्य जानकारी दी जाएगी। साथ ही ब्लॉकचेन, साइबर सिक्योरिटी आदि के बारे में भी छात्रों को बताया जाएगा। इसके अलावा तीनों दिन साइबर अटैक करके उसे रोकने, वाईफाई के जरिये साइबर अटैक और उससे बचाव का प्रैक्टिकल भी किया जाएगा। छात्रों को प्रशिक्षण देवांश विक्रम और आयुष मोहन साह ने दिया। कार्यक्रम का संचालन वंदना शर्मा ने किया। जबकि धन्यवाद इनोवेशन के हेड महीप सिंह ने दिया। इस मौके पर बीटेक और एमटेक छात्रों के अलावा शिक्षक भी मौजूद रहे।

## आनंद द्विवेदी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत अभिनंदन



**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को दोबारा महानगर अध्यक्ष घोषित किये जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत अभिनंदन करने के लिए मंगलवार को कैसरबाग स्थित महानगर कार्यालय में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों, एनजीओ के प्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे। आनंद द्विवेदी को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया और अपने लोकप्रिय अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के दोबारा निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने चिनहट मंडल में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा महानगर महामंत्री अभिषेक गुप्ता, गौरव राय, मंडल अध्यक्ष कमल पांडे, पार्षद अरुण राय, पूर्व पार्षद स्नेह लता राय सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनकर स्वागत किया।

## लक्ष्य को प्राप्त करने के सुनियोजित प्रयास किए जायें : मुख्यमंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में राज्य कर विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संग्रह अभिवृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से संवाद बनाकर राजस्व संग्रह के लिए तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के सुनियोजित प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के प्रयासों से प्रदेश में जी0एस0टी0/वैट संग्रह में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। वर्ष 2025-26 के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये राजस्व संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किए जाएं। राज्य कर विभाग द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। उत्तर प्रदेश में जी0एस0टी0 में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या देश में सर्वाधिक है। जी0एस0टी0 पंजीयन के लिए किए जा रहे जागरूकता प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वर्ष 2023-24 में क्रियाशील कुल पंजीकृत व्यापारियों की संख्या 17.2 लाख थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 19.9 लाख हो चुकी है। पंजीयन आधार को अधिकाधिक बढ़ाने का प्रयास निरंतर जारी रखा जाए। जी0एस0टी0 रिटर्न दाखिल करना हर व्यापारी का कर्तव्य है। यह सुखद है कि उत्तर प्रदेश रिटर्न दाखिल करने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। व्यापारियों को रिटर्न दाखिल करने के बारे में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यापारियों के कल्याण के लिए संकल्पित है। दुर्घटना में व्यापारी की मृत्यु, आंशिक व पूर्ण विकलांगता की स्थिति में नॉमिनी/उत्तराधिकारी व व्यापारी को राज्य सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। पात्र व्यापारियों/परिजनों को संवेदनशीलता के साथ योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी0एस0टी0 की कर प्रणाली में समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाने से अनेक प्रकार के डेटा उपलब्ध हैं। आई0टी0 टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डेटा विश्लेषण करते हुए राजस्व संग्रह के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। वाणिज्य कर अधिकारी से लेकर ज्वाइंट कमिश्नर स्तर तक के अधिकारियों के कार्यों एवं संग्रह की समीक्षा की जाए। राजस्व संग्रह में खण्डवार आ रही अनियमितता की समीक्षा कर इसे दूर किया जाए।

# भाजपा सुने स्वामी विवेकानंद के भाषणः अखिलेश यादव

### सपा प्रवक्ता फखरूल हसन चांद की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सपा अध्यक्ष

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव राजधानी में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरूल हसन चांद द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने सभी को एक साथ मिलने का अवसर दिया। हम लोग सब आपस में मिलजुलकर रहते हैं। हमारी मिली-जुली संस्कृति है। हम सब लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं। दुनिया में बहुत कम देश होंगे जहां एक साथ इतने धर्म और जातियां मिलजुल कर भाईचारे के साथ रहते हैं।

अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समाज में नफरत फैलाने वाली और नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को स्वामी विवेकानंद के शिकागो में सभी धर्मों के बीच दिए गए भाषण को सुनना और समझना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हम उस देश और धर्म से आते हैं जहां वैश्विक स्वीकार्यता है। हमारा धर्म सहनशीलता सिखाता है। धैर्य और सहनशीलता हमारे धर्म की संस्कृति यही है। स्वामी विवेकानंद देश के तमाम संत, महंत, विचारकों ने देश को शांति एकता और एकजुटता का संदेश दिया। इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश मिला। लखनऊ के कई इमाम और मौलवी साहब, हिन्दू, सिख और ईसाई धर्मगुरू तथा अन्य गणमान्य लोगों ने कल आरिफ होटल, लखनऊ में हुई इफ्तार पार्टी में शिरकत की।

मुख्य रूप से इस इफ्तार पार्टी में मौलाना हजरत सुएब बकाई साहब, महंत अर्पितानंद बफार्नी, मौलाना सुफियान निजामी ऐशबाग ईदगाह, मौलाना अब्दुल्ला नदवी नदवा कॉलेज लखनऊ, पं. ओम प्रकाश शास्त्री, मौलाना फरमान नदवी, इमाम नदवा कॉलेज, पं. दुर्गेश दीक्षित, फादर हार्वड एबिल लालबाग चर्च लखनऊ, मौलाना यासिर नदवी, मौलाना मारूफ आजम आजारी, मौलाना मो. अजहरुद्दीन खान दारुल उलूम बारसिया, हाफिज कारी मो. रोशन कादरी, मौलाना शर्फुद्दीन दुबग्गा, ज्ञानी गुरमीत सिंह यहियागंज गुरुद्वारा, ज्ञानी राजवीर सिंह मालवीय नगर गुरुद्वारा, अनीस खान वारसी अध्यक्ष वारसी ग्रुप एसोसिएशन, ज्ञानी राम सिंह सराय फाटक गुरुद्वारा की उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक फरीद अहमद किदवई, विधायक अरमान खान, रेहान नईम पूर्व विधायक, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय महासचिव यामीन खां, समाजसेवी अनीस खान वारसी, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, कृष्ण कन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा, सलामत उल्लाह, ज्ञानेश्वर प्रसाद पाण्डेय एडवोकेट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता सभा, सिकन्दर यादव प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, व्यापारी नेता पवन मनोचा, पूर्व प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा डॉ. इमरान इदरीश, मनीष यादव सपा नेता आदि शामिल रहे।

संक्षेप

## विश्व गौरिया दिवस आज

**देवरिया।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर इस पखवारे कई कार्यक्रम अर्चना फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित हैं, इसी क्रम आज पंडित दीन दयाल पार्क न्यू कॉलोनी मे दोपहर 3 बजे से एक वृक्ष के नीचे एक पोस्टर एवं ड्राइंग प्रतियोगिता गौरैया संरक्षण पर आयोजित किया गया है जो दो वर्ग मे होगी। उक्त प्रतियोगितामे कागज की शीट दी जायेगी आपके प्रतिभागी को कलर एवं ड्राइंग सम्बंधित सामान लाना पड़ेगा। इस अवसर पर लकड़ी का स्पैरो हाउस भी दिया जायेगा।

## किशोर को गोली मारी गंभीर रूप से घायल

**आगरा।** आगरा के थाना डौकी क्षेत्र के गांव सैयद में आज एक व्यक्ति ने बंदूक से गोली चलाकर एक किशोर को घायल कर दिया। किशोर के सिर में गोली लगी है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलाने वाला भी गांव का ही एवरन है और दबंग प्रवृत्ति का बताया गया है। जिस किशोर के सिर में गोली लगी है, वह सैयद गांव का राकेश कुमार है और 11वीं का छात्र है। राकेश कुमार आज अपने माता-पिता और बहन गुड़िया के साथ कहीं से घर की ओर पैदल-पैदल लौट रहा था। इसी दौरान गांव का एवरन बंदूक से निशाना लगा रहा था। इस पर राकेश ने चिल्ला कर कहा, चाचा गोली मत चलाना। राकेश ने कई बार गोली न चलाने को कहा, लेकिन एवरन ने गोली चला दी, जो राकेश के सिर में लगी। वह वहीं पर गिर पड़ा। यह देख साथ चल रहे माता-पिता और बहन चीखने लगे। मौके पर गांव के लोग एकत्रित हो गए। उधर एवरन मौके से भाग खड़ा हुआ। घायल राकेश को उसका बड़ा भाई अस्पताल ले गया। यह भी कहा जा रहा है कि पुरानी रंजिश में किशोर को गोली मारी गई है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस की टीम तत्काल गांव में पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की शुरू कर दी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** एसपी विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह नेतृत्व में उ.नि. आशा राम मय हमराह का. अनमोल सरोज, का. दुर्गा प्रसाद मय पुलिस टीम थाना रामपुर कारखाना द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम गौरा तिराहे के पास थाना क्षेत्र रामपुर कारखाना देवरिया से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं-058/2025 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352,109(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त छोटे लाल यादव पुत्र कोमल यादव निवासी डुमरी थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## देशी तमंचा व कारतूस समेत एक गिरफ्तार

**देवरिया।** एसपी विक्रांत वीर द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अभियान नाकाबंदी के तहत एएसपी तथा क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना रूद्रपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास सोनकर पुत्र हरि सोनकर साकिन जमुनही चौराहा थाना रुद्र ?पुर जनपद देवरिया के पास से एक अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ झिरझिरवा पुल (सूरजपुर) के पास से गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय में मुअसं 79/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अविनाश मौर्य, अजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह यादव, धनन्जय बिन्द और जवाहर बिन्द शामिल हैं।

# बच्चों को स्वच्छता व अनुशासन का पाठ पढ़ायें : राज्यपाल




- विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए महिला सशक्तीकरण और बाल विकास पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक

**कुशीनगर।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कुशीनगर जिले में प्री-स्कूल और स्वास्थ्य किट वितरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वच्छता और अनुशासन का पाठ पढ़ाना जरूरी है। यह कार्यक्रम कुशीनगर जिला समाहरणालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को मजबूत करना और बचपन की शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए महिला सशक्तीकरण और बाल विकास पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। पटेल ने कहा कि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना होगा ताकि वे भविष्य में देश की प्रगति में योगदान दे सकें।

राज्यपाल ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि बचपन से ही बच्चों को स्वच्छता और अनुशासन का पाठ पढ़ाना जरूरी है, जिससे वे इसे अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। उन्होंने कहा कि जैसे मजबूत फसल के लिए धरती तैयार करनी पड़ती है, वैसे ही बच्चों को संस्कार और ज्ञान देकर उच्च शिक्षा के लिए तैयार करना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को संसाधनों से लैस करने के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत छोटे-छोटे बच्चे ही देश के भविष्य की नींव हैं।

पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में ये बच्चे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे क्योंकि उनके कंधों पर एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कहा कि बेटा हो या बेटी, बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों को शिक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात जोर दिया कि प्रसव अस्पतालों में ही होने चाहिए जिससे जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। राजभवन से जारी एक बयान के अनुसार राज्यपाल ने कुशीनगर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया। इस अवसर पर 250 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट, 50 लाभार्थियों को भू-पट्टा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, डिजी शक्ति योजना के तहत 200 लाभार्थियों को टेबलेट, 150 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट तथा 250 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड दिये गये।

# संदीप ने शादी के 19 साल बाद पत्नी को मार डाला

**आगरा।** पिछले दो दिन के अंदर हत्या के दो मामलों ने लोगों को सोचने को मजबूर किया है कि समाज किधर जा रहा है। पति-पत्नी के जिस रिश्ते को सात जन्मों का बंधन माना जाता है, वही रिश्ते इसी जन्म में दरक रहे हैं। यहां तक कि कहीं पत्नी तो कहीं पति को जान भी गंवानी पड़ रही है। दोनों मामलों में से एक में पत्नी ही अपने पति की जानलेवा बनी तो दूसरे मामले में पति ने ही अपनी जीवनसाथी को परलोक पहुंचा दिया। दोनों ही मामलों के पीछे अवैध संबंधों की कहानी निकलकर आई है। जगदीशपुरा के निवासी व्यापारी जितेंद्र बघेल की हत्या कर उसका शव मथुरा जिले की सीमा में फेंक दिया गया था। मृतक की मां ने पत्नी नीतू के खिलाफ नामजद मुकदमा लिखाया तो पुलिस को इस मामले को खोलने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। पुलिस हिरासत में आते ही नीतू ने स्वीकार कर लिया था कि उसी ने पति की हत्या की है, लेकिन उसकी यह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही थी। पुलिस ने नीतू के फोन की कत्ल डिटेल जांची तो कागारौल का विष्णु बघेल पुलिस के रडार पर आया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही विष्णु भी टूट गया। इसके बाद मामले का जो खुलासा हुआ है, वह पति-पत्नी के रिश्तों में आए भटकाव का खुलासा करता है। दरअसल नीतू के रिश्ते विष्णु से हो गए थे। पति जितेंद्र उससे मारपीट करता था, इसलिए नीतू ने विष्णु की मदद से पति को रास्ते से हटवा दिया। अपने आशिक को बचाने के लिए नीतू इस हत्याकांड को अपने ऊपर ही ले रही थी, लेकिन पुलिस सच्चाई तक पहुंच गई। हत्याभियुक्त विष्णु ने अपने दोस्त की मदद से इस वारदात को अंजाम दिया। अब नीतू और उसका प्रेमी विष्णु अपने किए का फल भोगेंगे। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र की कालिंदी विहार क ?लोनी में भी पति-पत्नी का पवित्र रिश्ता दरका और एक पति ने अपनी पत्नी को ठिकाने लगा दिया। संदीप ने अपनी पत्नी गुंजन की हत्या की और फिर थाने जा पहुंचा। पुलिस को सच्चाई बताई तो पुलिस मौके पर पहुंची। घर में गुंजन का शव मिला तो संदीप को हिरासत में ले लिया गया। पति-पत्नी के रिश्ते में दरार और इसका अंजाम एक की मौत तक पहुंचने के इस मामले में भी अवैध संबंधों की बात सामने आ रही है। मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि संदीप उनकी बेटी से मारपीट करता था क्योंकि उसके किसी महिला से संबंध थे। मृतका के दो बेटों ने भी पुलिस को यही बताया है कि उसके पिता मां को आयेदिन पीटते थे। संदीप और मृत गुंजन की शादी 19 साल पहले हुई थी। दो बेटे हैं जो समझदार हैं। अब ये दोनों बच्चे अनाथ जैसी स्थिति में पहुंच गए हैं क्योंकि मां की हत्या हो चुकी है और पिता हत्या के जुर्म में जेल जा चुका है।

# पार्टी दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ है: नेता प्रतिपक्ष




**कुशीनगर।** मंगलवार को स्वर्गीय शुकुरुल्लाह अंसारी के परिजनों से मिलकर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने ढाढ़स बढ़ाया। कहा कि पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार वालों के साथ है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की दोपहर में पहुंचें नेता प्रतिपक्ष लाल विहारी यादव ने सपा के जिलाध्यक्ष रहें स्वर्गीय शुकुरुल्लाह अंसारी की पत्नी हसीबुन निशा व परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार का ढाढ़स बढ़ाया।उन्होंने आगे कहा कि श्री अंसारी का इस दुनिया से असमय जाना बहुत दुःखद है। उन्होंने पार्टी के लिए जीवन समर्पित कर दिया। आजीवन पार्टी के लिए संघर्ष करते रहें, पार्टी के लिए किए संघर्षो को भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी ने एक सच्चा सिपाही खोया है। पार्टी इस दुःख की घड़ी में परिवार वालों के साथ खड़ी है। हर संभव पार्टी परिवार की मदद करेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री पीके राय, पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, सपा जिलाध्यक्ष देवरिया व्यास यादव, चंद्रजीत यादव, पुरन्दर प्रताप यादव, कैसर जमाल टीटू, इलियास अंसारी, जाहिद अंसारी, राजेंद्र यादव, अशफाक आलम, मुस्ताक अंसारी, नसरुल्लाह अंसारी, माजिद अली, साबिर अली, रोबीना खातून, आरिफ अली, फैजुलहक अली, आरिफ हुसैन, आजम अली, इरफान अली सहित परिजन व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

## निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर बैठक 20 को

**देवरिया।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में 20 मार्च 2025 को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री को आमंत्रित किया गया है। सभी संबंधित प्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया के इस महत्वपूर्ण चरण में सहयोग करें।

## डाक जीवन बीमा महा अभियान की तैयारियों पर समीक्षा बैठक संपन्न

**देवरिया।** स्थानीय अनुश्री उत्सव स्थली में देवरिया डाक मण्डल के प्रधान डाकघर देवरिया के क्षेत्रांतर्गत सभी शाखा डाकपालों की समीक्षा बैठक अधीक्षक डाकघर अजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 24 मार्च 25 को आयोजित होने वाले डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा महा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं सभी शाखा डाकपालों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त जनता के बीच जाकर सन 1884 से संचालित डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में जागरूकता फैलाये। साथ ही आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करे। इस अवसर पर प्रदीप कुमार मिश्र निरीक्षक डाक पूर्वी, राकेश कुमार मिश्र निरीक्षक डाक पश्चिमी, सभी डाक अधिदर्शक तथा जनपद के समस्त शाखा डाकपाल उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स का होली मिलन जलसा संपन्न

**देवरिया।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन का होली मिलन जलसा पेंशनर्स कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवेंद्र मणि की अगुवाई में पेंशनरों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान हनुमान तिवारी, सुरेश कुशवाहा, ईश्वर दत्त उर्फ अर्जुन मणि, वीरेंद्र मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, कोमल प्रसाद, राजवंशी आदि उपस्थित रहे।

# सहायक उपकरणों से सुगम होगा दिव्यांगों का जीवन : डीएम

- दिव्यांगजनों के लिए विशेष चिन्हांकन शिविर 22-23 मार्च को राजकीय आईटीआई, देवरिया में होगा आयोजित



**देवरिया।** डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवरिया का दौरा कर एडिप योजना के तहत आयोजित होने वाले दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर की तैयारियों का निरीक्षण किया। यह शिविर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 22 व 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक चलने वाले इस शिविर में दिव्यांग मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट छड़ी, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरणों के लिए लाभार्थी चिह्नित किए जाएंगे। चिन्हित लाभार्थियों की उपकरणवार सूची एलिम्को कानपुर भेजी जाएगी, जिसके आधार पर बाद में जनपद में उपकरण आएंगे जिसका ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण कराया जाएगा।

डीएम ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है। इससे उनका जीवन सुगम होगा। उन्होंने दिव्यांगजनों से 22-23 मार्च को शिविर में आने और योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस दो दिवसीय शिविर में चिन्हित लाभार्थियों की सूची एलिम्को कानपुर भेजी जाएगी, जिसके आधार पर बाद में उपकरण प्राप्त होंगे, जिसका वितरण ब्लॉकवार किया जाएगा। डीएम ने ग्राम प्रधानों से विशेष अनुरोध किया कि वे गांव के दिव्यांगों को शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि वे उपकरण प्राप्त कर सकें।

डीएम ने यह भी बताया कि जिन दिव्यांगजनों के पास दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं है, उनके लिए शिविर स्थल पर ही प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा, पेंशन संबंधी कार्यों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। दिव्यांगजन नई पेंशन के लिए आवेदन कर सकेंगे, और जिनकी पेंशन रुकी हुई है, उनके समाधान के लिए बैंक एवं पोस्ट ऑफिस काउंटर लगाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में हेल्प डेस्क, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए, ताकि दिव्यांगजनों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, एसडीएम/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी, एआरटीओ आशुतोष चतुर्वेदी, डीएसओ संजय पांडेय समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**पात्रता व आवश्यक दस्तावेज**

शिविर में पंजीकरण के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य होगा। आवेदक की सभी स्त्रोतों से मासिक आय 22,500 से कम होनी चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र सांसद, विधायक या ग्राम प्रधान द्वारा जारी किया जा सकता है। इसके अलावा, फोटोयुक्त पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, बैंक पासबुक या पैन कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। शिविर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरणों की आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों का चिह्नांकन और पंजीकरण किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने के लिए पात्रता की शर्तों में यह शामिल है कि आवेदक ने पिछले तीन वर्षों में किसी शासकीय योजना के तहत कोई उपकरण प्राप्त न किया हो, जबकि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए यह अवधि पांच वर्ष होगी। शिविर स्थल पर आधार प्रमाणीकरण और एनपीसीआई पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे पात्र दिव्यांगजन जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर सकें। साथ ही, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से बैंक खाता खोलने की सुविधा दी जाएगी। मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की भी व्यवस्था की गई है, ताकि जिनके पास प्रमाण पत्र नहीं है, वे मौके पर ही इसे प्राप्त कर सकें।

# कटका क्लब ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कटका क्लब सामाजिक संस्था ने जिलाधिकारी की गैर-मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कच्चा खानपुर बाजार की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अंधेरे के चलते राहगीरों को अत्यधिक कठिनाई होती है, जिसके समाधान के लिए उन्होंने यहां स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। इसके अलावा, संस्था के आईटी सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र ने जिले में सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों को जल्द से जल्द अपने कार्य क्षेत्र में तैनात किया जाना चाहिए, ताकि शहर में स्वच्छता बनाए रखी जा सके। साथ ही, संस्था के क्रीड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने कटका बाजार में जल की समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि इस समय भीषण गर्मी के दौरान यहां पीने के पानी का केवल एक नल है, जिसका उपयोग पूरा बाजार करता है, जिससे कई लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि बाजार में ठंडे पीने के पानी के लिए फ्रीजर की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपते हुए संस्था ने जिले में चल रहे आवास के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया में हो रही फजीर्वाड़े की भी शिकायत की। संस्था के आईटी सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर चल रही इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर प्रधान और सेक्रेटरी की मिलीभगत से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस मौके पर संस्था के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और जिला प्रशासन से तत्काल समाधान की उम्मीद जताई।

## युवक की करंट लगने से मौत

**कुशीनगर।** जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंझरिया में एक मुसहर युवक की बिजली के करंट से झूलस कर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक छबिलाल प्रसाद पुत्र भवलेश्वर मुसहर उम्र करीब 18 वर्ष रोज के भांति मजदूरी करने गांव के खेत में गया हुआ था। अचानक बिजली का तार टुट कर उसके शरीर पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची सेवरही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

# महौली पौर में फट रहे मकान भाकियू ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** भाकियू सुनील के कार्यकर्ताओं ने मथुरा महानगर के बार्ड नंबर 68 चौबिया पाड़ा स्थित गली महौली की पौर में मकान फटने का सिलसिला निरंतर जारी है, भाकियू सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त को अवगत कराया कि चैबिया पाडा क्षेत्र टीले पर बसा हुआ है करीव 20000 हजार की आबादी इस टीले पर निवास करती है इस क्षेत्र में पीने के पानी की पाइप लाइन अंडरग्राउंड पड़ी हुई है। यह अंडरग्राउंड पाइप लाइन अंग्रेजों के जामने की पड़ी हुई है जो पूरी तरह से जर्जर हो गई है लेकिन विद्युत विभाग ने अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन डालने के लिए पूरे चौबिया पांडे क्षेत्र की मिट्टी को खुदवा कर चैविया पाड़ा क्षेत्र से बाहर भेज दिया चौबिया पड़ा क्षेत्र मे अंडरग्राउंड पाइप लाइन है उसके ऊपर अंडरग्राउंड विद्युत विभाग की विद्युत लाइन है जिसके चलते अंडरग्राउंड पाइप लाइन का पानी जमीन में मर रहा है जिससे पूरे चैबिया पाड़ा क्षेत्र की गलियां निरंतर फट रही है चैबिया पड़ा क्षेत्र स्थित गली महोली की पौर के निवासी डर-डर कर अपना जीवन काट रहे हैं स्थानीय निवासियों ने अनेकों बार मीडिया के माध्यम से व नगर निगम जाकर अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसान नेताओं ने कहा शीघ्र ही चैबिया पाड़ा क्षेत्र मे पानी की पाइपलाइन सड़क के ऊपर ओपन डाली जाए जिनके मकान फट रहे हैं उनको शीघ्र मुआवजा दिया जाए नहीं तो भाकियू सुनील के कार्यकर्ता चैविया पाड़ा क्षेत्र की जनता के साथ मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## एसपी ने मेहरौना में की पैदल गश्त, संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की करायी चेकिंग



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना लार क्षेत्रान्तर्गत मेहरौना में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया तथा मेहरौना चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की सघन चेकिंग करायी गयी, जिसके परिणाम स्वरुप स्थानीय पुलिस द्वारा 60 वाहनों का 68,000/ रुपये का चालान किया गया तथा 03 वाहनों को सीज किया गया। सोमवार को 04 व्यक्तियों द्वारा पुलिस के साथ की गयी मारपीट में आरक्षी सर्वेश कुमार यादव को गम्भीर चोटें होने के कारण सीएचसी लार में भर्ती है, पुलिस अधीक्षक ने सीएचसी लार पहुंचकर आरक्षी सर्वेश कुमार यादव उपरोक्त के स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी ली गयी तथा क्षेत्राधिकारी सलेमपुर को व प्रभारी निरीक्षक लार को निर्देश दिया गया कि चिकित्सक से समन्वय स्थापित कर आरक्षी का इलाज कराया जाय जिससे वह यथाशीघ्र स्वस्थ हो जाये।

## पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले 4 गिरफ्तार

**देवरिया।** लार क्षेत्रान्तर्गत मेहरौना चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइक बीआर 29.एएफ.6240 पर सवार 4 व्यक्ति बिहार की तरफ से आ रहे थे। जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा आरक्षी सर्वेश कुमार यादव को ठोकर मारकर गिरा दिया एवं कुछ आगे जाकर स्वयं गिर गये। जिसके उपरान्त वे आक्रामक होकर स्थानीय पुलिस के साथ चाकू व सरिया लेकर मारपीट करने लगे। जिसके संबंध में उ.नि. धर्मेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर थाना लार में मुअसं-72/2025 धारा 109(1),132,121(1), 221,352, 351(3), 3(5) बीएनएस व 7 सीएलए व 4, 25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग अभियुक्त गण उपेन्द्र मिश्रा पुत्र त्रिवेणी मिश्रा, अमरेश मिश्रा पुत्र उपेन्द्र मिश्रा, कमलेश मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा और पंकज मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा निवासीगण-श्रीकलपुर लक्ष्मीपुर थाना गुठनी जनपद सिवान (बिहार) के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू, रॉड, सरिया को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**कुशीनगर।** जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के तुर्कवलीया में सोमवार की रात एक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। जिसकी सूचना मंगलवार को सुबह पुलिस को मिली, मौके पर पहुंची सेवरही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी सेवरही लाया। जहां पर चिकित्सकों ने गहनता से जांच किया और मौत की पुष्टि की। बताया जाता है कि मृतक मिट्ठू प्रजापति पुत्र विंध्याचल ग्राम भताहवा थाना ठकराहा उम्र 20 वर्ष ने अपने पत्नी को लेकर किराए के मकान में सेवरही थाना क्षेत्र स्थित तुर्कवलीया में कुछ दिनों से रहता था। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि करीब 9 बजे रात में घर पहुंचे और खाना पीना कर के सो गए और जब सुबह हुई तो उन्हें जगाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं जगने पर आस पास के लोगों को बुलाया लोग आए तो बताया गया कि इनकी मृत्यु हो गई है। सेवरही थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता लगेगा। जिसके बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## रासेयो के शिविरार्थियों ने दूसरे दिन प्रभातफेरी में पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**भटनी(देवरिया)।** स्व रामलाल त्रिपाठी महाविद्यालय पिमराशुक्ल मे चल रहे एन एस एस के सप्त दिवसीय शिविर के दुसरे दिन शिविरार्थियों ने प्रभातफेरी निकाल कर पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों को जागरुकसाथ ही हुआ मेंहदी प्रतियोगी का आयोजन ।सफल प्रतिभागियो को किया गया पुरस्कृत। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।कार्यक्रम मे पहले शिविरार्थियों ने प्रभातफेरी निकाल कर ग्रामीणो को पर्यावरण के प्रति किया जागरुक ।इसके बाद मेंहदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन जिसमे /सेविकाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया । जिसमे नेहा पाण्डेय प्रमिला कुशवाहा किरन यादव गुडिया चौरसिया पूजा यादव सहित स्वयंसविकाओ ने भाग लिया ।जिसमे सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया । बौध्दिक सत्र मे पर्यावरण संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ । बौद्धिक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को प्रदुषित होने से बचाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा ।पर्यावरण प्रदूषण के संकट से सम्पूर्ण विश्व प्रभावित है ।लेकिन अपने आवश्यकता की पूर्ति के लिए व्यक्ति प्राकृतिक सम्पदा दोहन करने मे लगा हुआ है ।लेकिन सम्भावित संकट को जान कर भी अनजान बनेलोग प्राकृतिक सम्पदा से छेडछाड करने से बाज नही आ रहे है । लोगो से पर्यावरण के प्रति सकरात्मक रुख अपनाने की अपील किया ।डॉ ब्रजेश यादव ने कहा कि स्वयंसेवक सेविकाओं को अनुशासित रहकर ही अपने लक्ष्य के तरफ अग्रसर होने से ही लक्ष्य प्राप्त हो सकता है ।कार्यक्रम मे डॉ जीतेन्द्रनाथ पाण्डेय अरविंद कुमार पाण्डेय विवेक तिवारी श्यामसुंदर यादव ओमप्रकाश यादव दिव्या त्रिपाठी गुंजन उपाध्याय व विनोद तिवारी सहित कालेज के सभी शिक्षक उपस्थित रहे ।

# 323 पदयात्री थाई बौद्ध भिक्षुओं ने की बुद्ध वंदना



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर तीर्थाटन पर आए 323 थाई पदयात्री बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना कर विश्व कल्याण की कामना की। उपासकों ने भिक्षुओं को भोजन दान दिया गया।

मंगलवार को कुशीनगर पहुंचे भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ तथागत बुद्ध का पूजन, अर्चन किया और चीवर चढ़ाया। भिक्षु माथा कुंवर मंदिर, बुद्ध धातु वितरण स्थल, रामा भार स्तूप पहुंचकर बुद्ध की पूजा की। घनश्याम दूबे, नाग मणि, विक्की, आलोक, प्रशांत, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित स्थानीय उपासकों ने भिक्षुओं के पिंड पात्र में फल, खाद्य आदि दान किया। इससे पूर्व कुशीनगर तीर्थाटन पर आए भिक्षुओं के दल के प्रमुख भंते चलान ने बताया कि भिक्षु थाईलैंड से 7 मार्च को बोध गया पहुंचे हैं और वहां से बौद्ध भिक्षुओं का दल पैदल बनारस, लुंबिनी श्रावस्ती होते हुए कुशीनगर पहुंचा। यहां से दल वैशाली, केसरिया, नालंदा होते हुए बोधगया पहुंचेगा और 30 मार्च को स्वदेश रवाना हो जाएगा। दल हर साल बौद्ध तीर्थ के यात्रा पर भारत आता है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से ट्रक के उड़े परखच्चे ,दो घायल

**जगदीशपुर ,अमेठी।** रेलवे गेट बंद करते समय तेज रफ्तार आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर प्रतिबंधित सीमा मे प्रवेश कर गया उसी समय आ रही मालगाडी से टकरा गया जिससे ट्रक के परखच्चे उड गए जिसमे सवार चालक व खलासी घायल हो गए जिन्हे ईलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया गया । थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग निहालगढ पर घटना उस वक्त घटी जब रेलवे गेट बंद करते समय अचानक तेज रफ्तार आ रहा ट्रक गेट के अंदर प्रतिबंधित सीमा मे दाखिल हो गया इसी दौरान आ रही मालगाडी की टक्कर से ट्रक के परखच्चे उड गए तथा उसपर सवार चालक सोनू चौधरी निवासी बस्ती व खलासी घायल हो गए इस घटना की खबर पाकर रेलवे विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य जारी किया जिसके चलते काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा लेकिन जल्द ही बचाव कार्य खत्म होकर यातायात बहाल हो गया।

संक्षेप

## नौ वांछित गिरफ्तार

सीतापुर। थाना रामपुरकलां, कमलापुर, मिश्रिख, इमलिया सुल्तानपुर की पुलिस टीमों ने कुल 09 वांछित, वारण्टियों को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि थाना रामपुरकलां पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र केशन निवासी ग्राम चैड़िया कोठार, थाना कमलापुर पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्त सागर पुत्र बिन्द्रा तथा तोता उर्फ संतोष पुत्र सोहन निवासीगण ग्राम खेरवा, थाना मिश्रिख पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त अनिल पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम टिपौना, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने 05 वांछित अभियुक्त वाजपेयी पुत्र प्रकाश, शिवबक्श पुत्र हीरा, दीपू पुत्र भूप, सर्वेश पुत्र सुकाली, चरन्जू पुत्र मुल्लू निवासी ग्राम हरिनाथपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## जंगली जानवर ने बनाया बछड़े को निवाला

सीतापुर। मिश्रिख थाना कोतवाली क्षेत्र में जंगली जानवर ने एक बछड़े को निवाला बनाया है। ग्रामीणों के द्वारा पदचिह्न देखे जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के पश्चिम जंगल में एक बछड़े की मौत के बाद जंगली जानवर के पगचिह्न मिले हैं। वन विभाग 24 घंटे बाद भी जानवर की पुष्टि नहीं कर सका है। मंगलवार को भी टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने खेत में जंगली जानवर के पगचिह्न देखे। वन दरोगा ऋषभ सिंह तोमर के अनुसार ये पगचिह्न तेंदुए या लकड़बग्घे के हो सकते हैं। प्रारंभिक जांच में लकड़बग्घे के होने की संभावना ज्यादा है। वन विभाग ने क्षेत्र में विशेष टीमें तैनात कर दी हैं। मंगलवार को भी कॉम्बिंग अभियान जारी है। विभाग जानवर की पहचान और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। वन विभाग की टीम 24 घंटे बाद भी जानवर की पुष्टि नहीं कर पाई है।

## मधुमक्खियों के हमले में कई अधिवक्ता घायल

पुरवा, उन्नाव। पुरानी तहसील परिसर में मंगलवार दोपहर समय लगभग चार बजे अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों को हमला बोलता देख पुरानी तहसील परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं सहित कोतवाली में मौजूद पुलिस कर्मियों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के हमले से अधिवक्ता सुरेश यादव, आशू शर्मा, मोहसिन, मुंशी हृदय शंकर, लवकुश, विनय, कृष्ण कुमार सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने धुआं कर मधुमक्खियों को किसी तरह भगाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। उक्त घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां भर्ती कर डाक्टर तपन गुप्ता ने उपचार किया। डाक्टर तपन गुप्ता ने बताया कि अधिवक्ता सुरेश यादव व हृदय शंकर को मधुमक्खियों ने ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। सभी का उपचार किया गया है। सभी खतरे से बाहर है।

# सनातन का झंडा नित नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। मुख्यमंत्री युवा रोजगार उत्सव, नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का नियुक्ति पत्र वितरण एवं महाकुंभ 2025 प्रयागराज डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रसारण कार्यक्रम खैराबाद स्थित भूमिजा ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मयंकेश्वर शरण सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रभारी मंत्री ने बटन दबाकर महाकुम्भ 2025 प्रयागराज डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रसारण प्रारम्भ किया जिसे सभी द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का गति प्रदान करते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने, अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से तथा प्रतिवर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में आगामी 10 वर्षों की समयावधि में 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयाँ स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा लागू की गयी महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के जनपद सीतापुर में लाभान्वित लाभार्थियों अंकित यादव, इकर्श अवस्थी, फरीद खॉन, मो0 अहमद, मोहिनी द्विवेदी, निर्मला एवं सुधाकर को चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत लैपटाप हेतु पात्र लाभार्थियों रामा देवी, अश्वती मिश्रा, शुभ वर्मा, गुरूनीव सिंह, अर्पिता गुप्ता, अनुज प्रताप सिंह एवं अर्पणा को लैपटॉप वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों आरती सिंह, गिलोरी कटियार, कु0 अनामिका राठौर, सपना अवस्थी, पिंकी रावत, सरोजनी देवी, कु0 अनुष्का शर्मा, सुमन चौधरी एवं लता देवी आदि को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया। शेष नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी नियुक्ति पत्र का वितरण कराया गया।

● प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र किया वितरित

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत स्वरोजगार स्थापित कर युवा न सिर्फ स्वयं के आजीविका का साधन बना सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने जनपद में लक्ष्य के अनुरूप लोगों को योजना का लाभ दिये जाने हेतु प्रेरित करते हुये कहा कि इससे रोजगार के नए आयाम सृजित होंगे।

महाकुंभ-2025 के दौरान व्यवस्थाओं की चर्चा करते हुये प्रभारी मंत्री ने महाकुंभ में पूर्ण मनोयोग से कार्य करने वाले सभी कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा प्रधानमंत्रीएवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प एवं समर्पण की भी सराहना की, जिसके चलते इतना भव्य, सुव्यवस्थित एवं विशाल आयोजन सम्भव हो सका। उन्होंने कहा कि यह एकता की ताकत है कि सनातन का झण्डा नित नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है तथा विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने नवनियुक्त सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी बधाई दी। प्रभारी मंत्री ने सभी को प्रेरित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करने हेतु पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। कार्यक्रम को विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने सम्बोधित करते हुये महाकुंभ-2025 की भव्यता, दिव्यता तथा सुव्यवस्थित आयोजन की प्रशंसा की।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की भी गरिमामय उपस्थिति रही।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को मिली जमानत

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद सांसद राकेश राठौर को हाई कोर्ट

● 46 दिन बाद जेल से बरी होंगे सांसद



के बाद अब सीजेएम कोर्ट से भी राहत मिल गई है। दुष्कर्म के मामले में दर्ज मुकदमें में धारा 63 में हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद सीजेएम कोर्ट ने जमानत दे दी है। धारा 69 में मुख्य दण्डाधिकारी गौरव प्रकाश ने जमानत दे दी है। सांसद की जमानत मिलने पर समर्थकों में खुशी छा गई है।

आज सांसद की जेल से रिहाई हो जाएगी। मालूम हो कि कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर पर सजातीय संगठन की एक महिला के पति ने बीते 17 जनवरी को दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद सांसद को पुलिस ने 30 जनवरी को सांसद आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद हाई कोर्ट में बेल दाखिल की थी। जिसमें बीते 11 मार्च को उच्च न्यायालय नें धारा 63 में न्यायाधीश राजेश सिंह चैहान ने जमानत दे दी थी। इसी दौरान पुलिस ने जांच के दौरान धारा 69 भी बढ़ा दी थी। धारा 69 बढ़ोत्तरी के कारण सांसद की रिहाई नही हो पाई थी। हाई कोर्ट ने मामले में निचली अदालत में जमानत दाखिल करने आ आदेश दिया था। जिसके बाद बीते 13 मार्च को जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिस पर न्यायाधीश गौरव प्रकाश ने 18 मार्च के लिए सुनवाई का आदेश दिया था। मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से कोर्ट में बहस हुई। सांसद पक्ष कई अधिवक्ताओं ने बहस की। बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर दिया गया। जिसे लंच के बाद सुनातें हुए न्यायाधीश गौरव प्रकाश ने एक-एक लाख रुपए की दो जमानते सहित निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। सांसद की जमानत के बाद समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई। खबर लिखे जाने तक सांसद की रिहाई नही हो पाई थी। संभवतः आज जेल से रिहाई होगी।

### सांसद का एक नजर में घटनाक्रम

17 जनवरी को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

26 जनवरी को हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत खारिज

29 जनवरी को प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस ने किया गिरफ्तार

01 फरवरी को निचली अदालत से जमानत खारिज

20 फरवरी हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, 22 फरवरी की मिली तारीख

22 के बाद 27फरवरी फिर 11 मार्च को हुई सुनवाई में मिली जमानत

18 मार्च को धारा 69 में मिली जमानत, जिसमें होगी रिहाई

# हर घर तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का संकल्पः अभिषेक



खैराबाद/सीतापुर। भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ला को दोबारा नियुक्त किया गया है। खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने नगरपालिका में आतिश बाजी करते हुए कार्यकर्त्ताओ का मुह मीठा करवाया।इस दौरान कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। अभिषेक गुप्ता ने कहा- राजेश शुक्ल जी ने अपनी संगठनात्मक कुशलता से कार्यकताओं का मान-सम्मान बढ़ाया है, जिसके कारण सभी कार्यकर्ता उन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते थे। घोषणा के बाद राजेश शुक्ला के समर्थकों में खुशी का माहौल छा गया।

# मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे पत्रकार के आवास, शीघ्र खुलासे का दिया आश्वासन

## निर्दोष नहीं भेजे जायेंगे जेल



महोली/सीतापुर। भाजपा सरकार मे राज्य मंत्री व सीतापुर जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मंगलवार को महोली कस्बे में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के आवास पर पहुंचे। परिजनों को ढांढस बधाते हुए कहा कि राघवेंद्र की हत्या होना एक जघन्य अपराध है। इसमें जो भी दोषी होगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना के अनावरण के लिए टीमें लगी हुई है।

लगातार पुलिस अधीक्षक से मेरी वार्ता हो रही है। सही घटना का खुलासा किया जाएगा किसी भी निर्दोष को नहीं फसाया जाएगा। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद कराए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद प्रमुख प्रतिनिधि संजीव सिंह, एडिशनल एसपी डॉ प्रवीण रंजन, क्षेत्राधिकारी, विशाल गुप्ता, एसडीएम शशीबिंदु द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा सहित नागरिक मौजूद रहे।

# लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा चकबंदी संबंधी समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिए तथा इसके अंतर्गत जो भी नक्शा या चक बनाए जाये, उसमें सभी किसानों का ध्यान रखा जाए। सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से



निस्तारित किया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी कार्यों की प्रगति निर्धारित मानकों से धीमी है, वहां तेजी लायी जाये तथा अतिरिक्त टीमें लगाते हुये कार्यों को कराया जाये। खतौनी सत्यापन के कार्यों को समयबद्ध रूप से कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जहां चकबंदी प्रक्रिया प्रारम्भ की जानी है, उन गांवा में नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुये शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाये। उन्होंने समय सीमा निर्धारित करते हुये कार्यों को पूर्ण किये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद केंद्र पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये : रणवीर सिंह



पाटन, उन्नाव। गेहूं खरीद को लेकर उप जिलाधिकारी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता तथा सचिवों के साथ बैठक कर मानक के अनुसार खरीददारी सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए।तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत मंगलवार को उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने शासन की मंशा के अनुसार गेहूं की होने वाली खरीदारी को लेकर सहायक विकास अधिकारी सहकारिता तथा सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में शासन के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं खरीद के लिए उपकरण बोरा तथा अन्य सामग्री के साथ खरीद केंद्र पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना जाए वही गेहूं खरीद को शासन के मानक के अनुसार खरीददारी सुनिश्चित करने के लिए लेखपालों व अन्य माध्यमों से गांव में प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। ताकि किसान अपने उत्पादशं का सही मूल्य पा सके। बैठक में उन्होंने संबंधित लोगों को दिशा निर्देश देते हुए यह भी कहा की जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हुआ है। उनका पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए और जहां कोई समस्या आ रही हो उसको हल किया जाए। इस मौके पर विनय कुमार वर्मा स्टेनो, एडियो सहकारिता आशीष कुमार, प्रेम नारायण भारती व सचिव गंगासागर, महेश सिंह, नेहा सिंह, अभिमन्यू आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर शहीद की स्मृति में बन रहे स्मारक का भूमि पूजन संपन्न हुआ



उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी की अगुवाई में नगर के शहीद शशिकांत तिवारी की स्मृति में सदर विधायक पंकज गुप्त के निजी प्रयासों से पूरन नगर नई बस्ती बरवट मे बन रहे स्मारक का भूमि पूजन सदर विधायक पंकज गुप्ता की अनुपस्थिति में उनके सुपुत्र प्रखर गुप्त द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर वीर नारी अनिता तिवारी पुत्र देवांश तिवारी के अलावा सीआरपीएफ सूबेदार नंदलाल साहब, सीआरपीएफ कैप्टन फैयाज अहमद अंसारी व पूर्व सैनिक सहित आधा सैकड़ा आमजन भी उपस्थित रहे। विमल द्विवेदी ने उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व कहा आप सैनिकों की वजह से ही हम लोग शांति से रह पाते है त्योहार मना पाते है, शहीद शशिकांत तिवारी का सर्वोच्च बलिदान लंबे समय तक देश और समाज को प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व सैनिक ऐके दीक्षित, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, मसवासी मण्डल अध्यक्ष सुशील रावत, सभासद राजेन्द्र भारतीय, राकेश राजपूत, पूर्व सैनिकों में सतीश बाजपेई, दिलीप सिंह,राजेश मिश्रा, नन्द किशोर पटेल, सुदेश हिन्दुस्तानी, एपी श्रीवास्तव, हरिपाल यादव, एम एल बाजपेई, अवधेश दीक्षित, विकास सिंह सेंगर, योगेंद्र तिवारी, मनीष अवस्थी, धर्मेन्द्र शुक्ल, मुकेश दीक्षित, मनीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# लोगों को जल संरक्षण, स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुद्दे पर किया जागरूक

सीतापुर। सीता इण्टर कालेज के चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रार्थना और ध्वज गीत के पश्चात टोलियां बनाकर शिविरार्थियों ने नगर पालिका परिषद के वार्ड सुदौली में लोगो को जल संरक्षण,



स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे मुद्दे पर जागरूक किया। शिविरार्थियों ने वार्डवासियों को स्वच्छता के फायदे बताते हुए विस्तार से चर्चा की। सीता इण्टर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी फराज अली के नेतृत्व में वार्ड सुंदौली पहुँचे। शिविरार्थियों ने अल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा टोलियां में बंटकर वार्ड का भ्रमण किया और लोगो को जल संरक्षण की महत्ता बताई। विद्यार्थियों ने बताया कि पानी बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। गर्मियों में जल स्तर नीचे जाएगा जिससे कई इलाकों में पेयजल की समस्या हो सकती है। इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक जल बचाना होगा। इसके अतिरिक्त जनसंख्या नियंत्रण, बिजली बचाओ और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रमुख पुष्पराज आदि उपस्थित रहे।

# जस्टिस फॉर राघवेंद्र मुहिम शुरू करेंगे सभी सामाजिक संगठन

जिला संवाददाता(vol)




सीतापुर। मृतक पत्रकार राघवेंद्र की हत्या के दस दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक घटना का खुलासा न होने व अपराधियों के न पकड़े जाने को लेकर सीतापुर के सभी सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा व किसान नेता शिव प्रकाश सिंह की पहल पर आज सभी सामाजिक संगठनों ने पत्रकार संगठनों के साथ संयुक्त बैठक कर इस घटना में अब तक दोषियों के पकड़े जाने व पीड़ित परिवार के लोगो को आर्थिक मदद कैसे मिले विषय को लेकर लालबाग पार्क स्थित हिंदी सभा सभागार में बैठक कर रणनीति बनाई, बैठक की अध्यक्षता किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव शिव प्रकाश सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ कि कल सभी संगठन के प्रमुखों का एक डेलीगेशन पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के खुलासे में हो रही देरी पर उनका मंतव्य जानेगा व सही दोषियों को पकड़कर समय बद्ध विवेचना व पैरवी कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने व मृतक पत्रकार का चरित्र हनन करने वाली खबरों को सूत्रों के हवाले से प्रसारित करवाने पर रोक लगाने की मांग करेगा और पुलिस इस घटना के पीछे यदि कोई सफेदपोश नेता या भूमाफिया शामिल है तो उसको हर हाल में बेनकाब करने की मांग करेगा।

पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि मृतक पत्रकार की पत्नी पुलिस जांच से संतुष्ट नही है व जनमानस को लगता है कि सही दोषियों को बचाया जा रहा है अतं संगठन सीबीआई जांच की मदद को लेकर पैदल मार्च करेंगे उन्होंने कहा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जब तक सही सच सामने न आये पुलिस को अनौपचारिक खुलासे से बचना चाहिए व मृतक के चरित्र पर उंगली उठाने वाली बातों को सार्वजनिक किया जाना मृतक पत्रकार की निजता का हनन होगा जब तक उन बातों का किसी भी तरह हत्या से जुड़ाव साबित न हो जाये।किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा जरूरत पड़ी तो सभी संगठन लखनऊ तक पैदल मार्च करेंगे और राघवेंद्र को हर हाल में न्याय दिलाएंगे।

किसान नेता उमाशंकर यादव ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने कहा सही अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस गलत स्क्रिप्ट लिख रही है सारे वकील इस आंदोलन में संगठनों का साथ देंगे ,अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सचेन्द्र दीक्षित ने कहा राघवेंद्र के परिवार को सभी संगठन मिलकर आपसी सहयोग व जनता से सहयोग लेकर आर्थिक मदद करेंगे। पत्रकार संघ के पंकज सक्सेना ने कहा मृतक पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए जिस तरह सीतापुर के सभी सामाजिक संगठन साथ आये है वो अभूतपूर्व है।हिंदी सभा के पुस्तकालय प्रभारी उदय प्रताप त्रिवेदी ने कहा पत्रकार की हत्या का सच सामने आना चाहिए और पत्रकार संगठनों की इस लड़ाई में हम सब साथ है। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा लोकतंत्र के चैथे स्तम्भ पर हमला बर्दाश्त नही किया जाएगा बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम तय हुआ कल 11 बजे पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस घटना कांड में अब तक हुई तफ्तीश पर चर्चा की जाएगी व अपनी शंकाओं से भी उन्हें अवगत कराया जाएगा उसके बाद आगे की योजना क्रियान्वित होगी। बैठक में पत्रकार संघ के पंकज सक्सेना राहुल अरोड़ा सुषमा दिव्यांश सिंह आशीष मिश्र सुधांशु जीतेन्द्र मिश्र व बार अध्यक्ष विजय अवस्थी आलोक यादव व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता किसान नेता शिव प्रकाश सिंह उमाशंकर यादव पिंदर सिंह सिद्धू मधु पांडेय आजाद अधिकार मंच के नवल किशोर मिश्रा झंकार नाथ शुक्ला दुर्गेश शुक्ला जागरूक नागरिक मंच के शोभित बाजपेयी असित तिवारी विजय गुप्ता अधिवक्ता मंच के अमित श्रीवास्तव सपना त्रिपाठी प्रमिला बंसल अरुन मिश्रा सविता बाल्मीकि आदि शामिल रहे।

# 48 घंटे के बाद भी सर्राफा व्यापारी के पुत्र का नहीं लगा सुराग

सीतापुर। क्षेत्र के सर्राफा व्यापारी का पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। 48 घंटे के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। युवक को आखिरी बार बाराबंकी जिले के भगौली नहर के पास बाइक के साथ देखा गया था। उसके बाद आगे की कोई लोकेशन नहीं मिल सकी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के साथ ही युवक की तलाश तेज कर दी है।



मंगलवार को विधायक आशा मौर्या ने भी बेलदारी टोला स्थित पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। महमूदाबाद के सरार्फा कारोबारी प्रवीण रस्तोगी (28) पुत्र प्रवीण रस्तोगी रविवार की सुबह अपनी बाइक लेकर कहीं चला गया था। युवक को महमूदाबाद-फतेहपुर मार्ग पर बाइक से देखा गया था। परिजनों ने उसी दिशा में तलाश आगे बढाई। युवक को भगौली नहर के पास आखिरी बार देखे जाने की पुष्टि हुई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 48 घंटे बाद भी युवक का कोई पता नहीं चलने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता प्रवीण रस्तोगी ने बताया कि रविवार की सुबह उन्होने दीपांशु ने कास्मेटिक की दुकान खोलने के लिय कहा था। दीपांशु ने दुकान खोली किन्तु उसके बाद अचानक वह घर आया और बाइक की दूसरी चाबी लेकर कहीं निकल गया। काफी देर बाद वापस नहीं आया तो खोज शुरू की गई। युवक के बैंक खाते से पैसों का लेनदेन किया गया है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। मंगलवार की शाम विधायक आशा मौर्या ने बेलदारी टोला स्थित आवास पर परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने कोतवाल अनिल सिंह को मौके पर बुलाकर अभी तक पुलिस कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। कोतवाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है इसके अतिरिक्त युवक के नम्बरों को भी सर्विलांस पर लगाया गया है। युवक की आखिरी लोकेशन घर के पास मिली है उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया था। विधायक ने एसपी चक्रेश मिश्र को फोन कर मामले को टीमें गठित कर जल्द से जल्द युवक को बरामद करने के निर्देश दिए। सरार्फा कारोबारी प्रवीण रस्तोगी का 28 वर्षीय पुत्र दीपांशु रस्तोगी काफी बुद्धिमान है। उसे इंटरनेट आदि की बखूबी जानकारी है। परिजनों को आशंका है उसका किसी ने ब्रेन वॉश किया है। पिता प्रवीण रस्तोगी, मां पिंकी रस्तोगी, भाई शिवांशु रस्तोगी के साथ भाभी रूचि रस्तोगी का रो-रो कर बुरा हाल है। सभी लगातार बेटे को सुरक्षित वापस लाने की अपील की रहे हैं।

# खालिस्तानियों की नकेल कसेगा अमेरिका!



विजय कपूर

पिछले माह वाशिंगटन में मोदी व ट्रम्प की संयुक्त प्रेस वार्ता में अमेरिका में खालिस्तानी गुटों की मौजूदगी के बारे में सवाल किया गया था, जिसका ट्रम्प ने कोई सीधा उत्तर नहीं दिया था। तुलसी गबार्ड ने मोदी व ट्रम्प की दोस्ती पर तो बढ़चढ़ कर चर्चा की, कट्टरपंथ व आतंकवाद को सभी के लिए खतरा भी बताया, लेकिन एसएफजे पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय आग्रह पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया।

अपराधियों, आतंकियों व विदेशी तत्वों को सख्त संदेश भेजते हुए पंजाब पुलिस ने वैष्णव मंदिर पर बम फेंकने वाले एक संदिग्ध को मार गिराया। गौरतलब है कि 15 मार्च 2025 को सुबह लगभग 12:35 पर दो मोटर साइकिल सवारों ने अमृतसर में लड्डू गोपाल (श्रीकृष्ण के रूप) को समर्पित ठाकुरद्वारा मंदिर पर बम फेंका था। हालांकि पुजारी मंदिर के अंदर ही सो रहे थे, जो बाल-बाल बच गये। मंदिर का थोड़ा सा हिस्सा भी क्षति ग्रस्त हुआ, लेकिन इस विस्फोट में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। संदिग्ध हमलावरों की शिनाख्त गुरसिदक सिंह व विशाल के रूप में की गयी। पुलिस का अनुमान है कि यह विस्फोट पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर किया गया ताकि पंजाब में अशांति फैलाकर खालिस्तानी मुहिम को पुनः जागृत किया जा सके। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर के अनुसार, पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में जो इस प्रकार के अनेक विस्फोट हुए हैं, उनमें आईएसआई का हाथ संदिग्ध है। बहरहाल, भुल्लर ने अपनी टीम के साथ दोनों संदिग्धों का पीछा किया, उन्हें अमृतसर के निकट गांव बाल सिकंदर में गिरफ्तार करने के उद्देश्य से घेर भी लिया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें एक हेड कांस्टेबल जख़्मी हो गया। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलायीं, इससे गुरसिदक तो वहीं ढेर हो गया, लेकिन विशाल भागने में सफल रहा। उसकी तलाश जारी है। बाद में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, हमारी शून्य-बर्दाश्त नीति है। हम गैंगस्टर्स, पाकिस्तान की आईएसआई और उसके आकाओं को ऐसा सबक सिखायेंगे कि वह पंजाब की तरफ आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत नहीं करेंगे।

अप्रैल 1979 में पटियाला के पंजाबी विश्व विद्यालय में एक सम्मेलन चल रहा था, लम्बे लम्बे भाषणों से श्रोता बोर हो रहे थे, लेकिन लंच की प्रतीक्षा में बैठे हुए थे। तभी अचानक दो लोग हॉल के पीछे से दौड़ते हुए आये और मंच पर चढ़ गये। उन्होंने भारत के संविधान के विरोध में नारे लगाये और फिर कुछ पम्फलेट हवा में उछालकर जितनी तेजी से दौड़ते हुए आये थे उतनी ही तेजी से दौड़ते हुए बाहर चले गये। तब दुनिया ने पहली बार 'खालिस्तान'



शब्द सुना था, जिसकी वजह से पंजाब में चार दशकों से अधिक तक अशांति रही। अब काफी समय से पंजाब में स्थिति नियंत्रण में है, बावजूद इसके कि कभी अमृतपाल सिंह के जरिये तो कभी मंदिरों पर बम फेंक कर हालात को विस्फोटक व तनावपूर्ण बनाने का प्रयास किया जाता रहा है, विशेषकर इसलिए कि कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड में खालिस्तानी संगठन अब भी सक्रिय हैं और पाकिस्तान भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। बीती 6 मार्च को जब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रिटेन में थे तो उनके काफिले पर खालिस्तानी चरमपंथियों ने हमला करने का प्रयास किया था।

## तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा

कनाडा व ऑस्ट्रेलिया से तो नियमित खबरें आती रहती हैं कि खालिस्तानियों की भारत विरोधी गतिविधियाँ जारी हैं और वह मंदिरों पर भी हमले करते रहते हैं। यह सब न केवल चिंता का विषय है बल्कि ऐसी चिंगारी भी हैं जो कभी भी विकराल आग का रूप धारण कर सकती है। इसलिए सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी खालिस्तानी गतिविधियों को नियंत्रित करना आवश्यक है। इस पृष्ठभूमि में अमेरिका की खुफिया विभाग प्रमुख तुलसी गबार्ड की 17 मार्च 2025 से आरंभ हुई ढाई दिन की भारत यात्रा महत्वपूर्ण हो जाती है, जिस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से विशेष रूप से मुलाकात की। इन मुलाकातों में भारत ने खालिस्तान के मुद्दे को मुख्य तौर पर उठाया। भारत का कहना है कि खालिस्तानी चरमपंथी अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। भारत ने अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए अमेरिकी प्रशासन से आग्रह किया है कि वह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) जैसी संगठनों पर सख्त कार्यवाही करे, जिसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है। इन मुलाकातों में रक्षा और सूचना साझा करने आदि विषयों पर भी गहन चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका की साझेदारी को अधिक गहरा करना है। गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा 2007 में स्थापित एसएफजे एक अमेरिकी संगठन है जो भारत में खालिस्तान नाम के एक अलग सिख राज्य की मांग करता आ रहा है। यह मुख्य रूप से कानूनी गतिविधियों, लॉबिंग और जनमत संग्रह आयोजित करने के माध्यम से अपने अलगाववादी एजेंडा को आगे बढ़ाता है साथ ही यह पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन को फिर से जीवित करने का प्रयास कर रहा है। एसएफजे को विदेशी ताकतों, विशेषकर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से समर्थन प्राप्त है ताकि भारत को अस्थिर किया जा सके।

भारत सरकार ने 2019 में गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत एसएफजे पर प्रतिबंध लगाया था। साथ ही इसे आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अलगाववादी गुट घोषित किया था। इसके अतिरिक्त भारत में एसएफजे की वेबसाइट ब्लॉक है और इसके प्रमुख सदस्यों की संपत्ति जब्त कर ली गई है। पन्नू पर भारत में 104 अपराधिक मामले दर्ज हैं। भारत चाहता है कि अमेरिका पन्नू के खिलाफ भी कार्यवाही करे। ध्यान रहे कि भारत अपने दोस्त देशों को उनकी धरती पर हो रहीं भारत विरोधी गतिविधियों और अतिवादियों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता व अन्य लोकतांत्रिक आजादियों का दुरुपयोग करके आतंकवाद को महिमा मंडित करने के बारे में सतर्क करता रहता है। तुलसी गबार्ड के समक्ष खालिस्तानी मुद्दे को उस समय उठाया गया है जब प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से द्विपक्षीय मुलाकात करते हुए कहा कि वह अपने देश में खालिस्तानी अलगाववादी गतिविधियों को नियंत्रित करें भारत की मुख्य चिंता यह है कि फाइव आईज, अंग्रेजी बोलने वाले पांच देशो (अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड) जो आपस में इंटेलिजेंस शेयर करते हैं, में खालिस्तानी तत्व मौजूद हैं, जो भारतीय हितों के विरुद्ध कार्य करते हैं अमेरिका व कनाडा ने तो यह बेबुनियाद आरोप भी लगाये हैं कि भारत विदेशों में खालिस्तानियों को अपना निशाना बनाता है।

अमेरिका ने भारत के एक पूर्व इंटेलिजेंस अधिकारी पर यह आरोप लगाया कि वह पन्नू की (असफल) हत्या की सजिश में शामिल था। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि भारतीय अधिकारियों की खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप निज्जर की वैंकोवर में की गई हत्या में भूमिका थी। भारत ने इन दोनों आरोपों का सख्ती के साथ खंडन किया है। तथ्य यह है कि कनाडाई कमिशन की जनवरी 2025 में फाइल की रिपोर्ट में कहा गया है कि निज्जर की हत्या में किसी विदेशी राज्य का निश्चित लिंक नहीं है। पिछले माह वाशिंगटन में मोदी व ट्रम्प की संयुक्त प्रेस वार्ता में अमेरिका में खालिस्तानी गुटों की मौजूदगी के बारे में सवाल किया गया था, जिसका ट्रम्प ने कोई सीधा उत्तर नहीं दिया था। तुलसी गबार्ड ने मोदी व ट्रम्प की दोस्ती पर तो बढ़चढ़ कर चर्चा की, कट्टरपंथ व आतंकवाद को सभी के लिए खतरा भी बताया, लेकिन एसएफजे पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय आग्रह पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया। इसलिए एसएफजे पर अमेरिका में कार्यवाही मुश्किल ही प्रतीत होती है। भारत को अपने यहां ही सुनिश्चित करना होगा कि अलगाववादी तत्व अपने पैर फिर से न फैला सकें।

# राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही अमेरिका ने दुनिया को अपने चश्मे से देखने और अपने अनुकूल हांकने की गलत आदत डाल ली थी। यही कारण है कि लंबे समय तक अमरीकी मनमानी के शिकार तीसरी दुनिया के देश होते रहे। अमरीका दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने को, अपने विचारों को थोपने को, अपने कारोबारी हितों को दूसरे देशों की कीमत पर साधने के लिए हमेशा उत्सुक रहा है। इसके लिए उसने दूसरे देशों में सरकारों को अस्थिर कराने, तख्ता पलट की कार्रवाई कराने यहां तक कि उसकी एजेंसियां बड़े पैमाने पर उन नेताओं और व्यक्तियों की हत्या कराने तक में शामिल रही हैं, जिसे वे अमरीकी हितों में बाधा मानती थीं। अमरीका दुनिया पर अपनी मनमानी थोपता रहा है। नब्बे के दशक में सोवियत संघ के विघटन और शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद उसकी यह स्थिति और मजबूत हुई। लेकिन बदलती विश्व व्यवस्था में कोई भी चीज हमेशा स्थिर नहीं रह सकती। आज अमेरिका बेशक दुनिया का सबसे समृद्ध और ताकतवर देश है लेकिन एकमात्र महाशक्ति नहीं



है। दुनिया पर अमरीका अपनी मनमानी थोपता रहे, ऐसा भी अब नहीं चलने वाला। आज कम से कम चार महाशक्तियों का उदय हो चुका है। अगर इसमें अभी भी किसी को संदेह है, तो-चार साल में यह संदेह दूर हो जायेगा जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगा। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में आज अमरीका के सामने भी अनेक चुनौतियां हैं। चीन तेजी से आगे बढ़ रहा है और अमरीका को पीछे छोड़ने की मंशा रखता है। एशिया, अफ्रीका से लेकर यूरोप तक में, चीन अमरीका के सामने चुनौती पेश कर रहा है। ऐसे में अगर अमरीका अपने रवैये में बदलाव नहीं करता है और भारतीय हितों के प्रति संवेदनशील नहीं होता है, तो वह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में चीन और रूस की साझा ताकत के सामने अपना पराभव देखने को विवश होगा। इसलिए अमरीका को यह बात अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि वर्तमान विश्व व्यवस्था और नयी उभरती प्रवृत्तियों के बीच भारत ही एक ऐसा देश है जो लोकतांत्रिक है, महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है और जरूरत पड़ने पर चीन के सामने अमरीका के साथ खड़ा भी हो सकता है। इसलिए अमेरिका को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे भारत के सामने आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौती पेश आये। फिलहाल अमरीका में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जो भारत के खिलाफ है। बार-बार ट्रंप के द्वारा भारत के खिलाफ बयानबाजी, भारत पर टैरिफ बढ़ाने की बात हो या फिर गुरपतवंत सिंह पन्नू और सिख फॉर जस्टिस की भारत विरोधी गतिविधियां, इन हरकतों से भारत के सामने आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां पेश आती हैं। यह बात अमरीका को दो-टूक बताने की जरूरत थी और एक बेहतरीन मौके पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल और वरिष्ठ अधिकारियों ने बता दिया है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप प्रशासन की उच्च अधिकारी तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा के मौके पर उनको साफ-साफ भारत की सुरक्षा चिंताओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमरीका में सिख फॉर जस्टिस और आतंकवादी पन्नू की गतिविधियों पर लगाम लगाने का मुद्दा उठाया। पन्नू दरअसल अमरीका में रहकर लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है और पंजाब में समय-समय पर खालिस्तानी गतिविधियों को हवा देने का काम भी करता है। राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से रक्षा, प्रौद्योगिकी और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भारत एवं अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। लेकिन भारत की प्रमुख चिंता पन्नू और सिख फॉर जस्टिस की गतिविधियां ही हैं। अब देखना है अमरीका आगे क्या करता है। भारत की चिंताओं की अनदेखी करना किसी मित्र राष्ट्र की पहचान नहीं हो सकती है, अमरीका को यह समझना होगा।

## विचार

जिस प्रकार भौंरा फूलों की रक्षा करता हुआ मधु को ग्रहण करता है, उसी प्रकार मनुष्य को हिंसा न करते हुए अर्थों को ग्रहण करना चाहिए।

-आचार्य विदुर.

प्राणी अकेला जन्मता है, अकेला ही मरता है और अपने पाप-पुण्यों का फल अकेला ही अनुभव करता है।

-वेदव्यास.

जितना ही हम अध्ययन करते हैं, उतना ही हमको अपने अज्ञान का आभास होता जाता है।

-शैले.

बिना अनुभव के कोरा शाब्दिक ज्ञान अंधा है।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भाव.

## सोशल मीडिया



मानवता के इतिहास में सौहार्द व सहनशीलता ही सबसे बड़ी उपलब्धि है और सबसे बड़ा उत्सव भी। इसमें करोड़ों की गिनती से अधिक किसी एक की सहृदयता का महत्व है। अखिलेश यादव.



महाराष्ट्र में किसी भी कब्र व मजार को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि इससे वहां आपसी भाई चारा, शांति व सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। मायावती.



देवेन्द्र प्रधानजी ओडिसा में भाजपा के संस्थापक स्तंभ, एक सच्चे राजनेता और जनता के नेता थे। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने पार्टी को आकार दिया और पीढ़ियों को प्रेरित किया। नितिन गडकरी.

# जीवन अपने भीतर खोजो

जीवन क्या है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है, धन में खोजते, पद में खोजते। पद और धन दृश्य हैं। बाहर खोजते। बाहर जो भी है सब दृश्य है : उसमें खोजना जो द्रष्टा है, साक्षी है, तो तुम्हें परम जीवन की स्फुरणा मिलेगी। उसी स्फुरणा में उत्तर है, मैं उत्तर नहीं दे सकूंगा। कोई उत्तर कभी नहीं दिया है। उत्तर है नहीं, मजबूरी है, देना चाहा है बहुतों ने कभी किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया है और जिन्होंने उत्तर सच में देने की चेष्टा की है, उन्होंने सिर्फ इशारे बताए हैं कि तुम अपना उत्तर कैसे खोज लो। उत्तर नहीं दिया, संकेत किए हैं, ऐसे चलो, तो उत्तर मिल जाएगा। उत्तर बाहर नहीं है, उत्तर तुम्हारे भीतर है। उत्तर है इस रूपांतरण में कि मेरी आंखें बाहर न देखें, भीतर देखें। मेरी आखें दृश्य को न देखें, द्रष्टा को देखें। मैं अपने अंतरतम में खड़ा हो जाऊं, जहां कोई तरंग नहीं उठती, वहीं उत्तर है, क्योंकि वहीं जीवन अपनी पूरी विभा में प्रकट होता है। वहीं जीवन के सारे फूल खिलते हैं। वहीं जीवन का नाद है, ओंकार है। जिंदगी, सच है कि झूठ ही लगती अगर अफसाना न होती। वह जो दृश्य का जगत है, एक कहानी है, जो तुमने रची और जो तुमने तुमसे ही कही। एक नाटक है, जिसमें निर्देशक भी तुम, कथा-लेखक भी तुम, अभिनेता भी तुम, मंच भी तुम, मंच पर टंगे पर्दे भी तुम और दर्शक भी तुम। एक सपना है, जो तुम्हारी वासनाओं में उठा और धुएं की तरह जिसने तुम्हें घेर लिया। एक तो जिंदगी यह रही, दुकान की, बाजार की, पत्नी-बेटे की, आकांक्षाओं की। संसार जिसे कहा है। और एक जिंदगी और भी है, वह जो भीतर बैठा देख रहा है। देखता है कि जवान था, अब बूढ़ा हुआ, देखता था कि तमन्नाएं थीं, अब तमन्नाएं न रहीं, देखता था कि बहुत दौड़ा और कहीं न पहुंचा, देखता था, देखता रहा है, सब आया, सब गया, जीवन की धारा बहती रही, बहती रही, लेकिन एक है कुछ भीतर जो नहीं बहता, जो ठहरा है, जो स्थिर है, जो अडिग है, वह साक्षी। एक जीवन वह है। बाहर का जीवन भटकाता, भरमाता है। उत्तर के आश्वासन देगा और उत्तर कभी आएगा नहीं। भीतर का जीवन ही उत्तर है। तुम पूछते हो—जीवन क्या है?

अंतर्दृष्टि

तुम्हें जानना होगा। तुम्हें अपने भीतर चलना होगा। मैं कोई उत्तर दूं, वह मेरा उत्तर होगा। शांडिल्य कोई उत्तर दें, वह शांडिल्य का उत्तर होगा। वह उन्होंने जाना, तुम्हारे लिए जानकारी होगी। और जानकारी ज्ञान में बाधा बन जाती है। जानकारी से कभी जानना नहीं निकलता। उधारी से कहीं जीवन निकला है! बजाय तुम बाहर उत्तर खोजो, तुम अपने को भीतर समेटो।

**ओशो.**

# नेतागिरी का जज्बा पैदा करें

व्यंग्यलोक

वे दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप द्यैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले-सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोडूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने में मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पडूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

# नदियों के लिए बड़ा खतरा है पिघलता हुआ ग्लेशियर



ग्लोबल वार्मिंग

निकहत कुंवर

अपनी कठिन यात्रा के दौरान गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना नदियां हिमालय से निकलकर पांच देशों- भारत, चीन, बांग्लादेश, भूटान व नेपाल की पानी की जरूरत पूरी करते हुए समुद्र में समा जाती हैं। इन देशों की विशाल जनसंख्या इन नदियों के ताजे पानी पर ही निर्भर है। लेकिन यह निर्भरता जल्द ही इन देशों को संकट में डाल सकती है। क्लाइमेट चेंज का भयंकर साया उन ग्लेशियरों व बर्फ की चादरों पर पड़ रहा है जो इन नदियों को पानी से भरते हैं। ये ग्लेशियर व बर्फ की चादरें तेजी से सिकुड़ती जा रही हैं, जिससे इन नदियों में पानी की मात्रा निरंतर कम होती जा रही है। ऐसा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूएन 2023 वाटर कांफ्रेंस में बोलते हुए कहा। उनके अनुसार, 'चूंकि ग्लेशियर व आइस शीट्स निरंतर सिकुड़ती जा रही हैं, इसलिए आने वाले कुछ दशकों में हिमालय की प्रमुख नदियां जैसे गंगा व ब्रह्मपुत्र इससे प्रभावित होंगी और उनमें पानी कम हो जायेगा।'

गौरतलब है कि हिमालय क्षेत्र से गंगा, ब्रह्मपुत्र व इंडस सहित दस मुख्य नदियां निकलती हैं, जो अपने वाटरशेड में लगभग 1.3 बिलियन लोगों की पानी की जरूरत को पूरा करती हैं। संयुक्त राष्ट्र की पिछली रिपोर्ट में भी कहा गया था कि गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना नदियों का डेल्टा एशिया में निरंतर सबसे अधिक खतरे में रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने अब इस बात पर पुनः बल देते हुए कहा है कि समुद्रों का जलस्तर बढ़ रहा और नदियों के डेल्टा में घुसपैठ करके समुद्र का पानी बड़े हिस्सों को बेकार कर सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि पृथ्वी पर सभी प्रकार के जीवन के लिए ग्लेशियरों का बहुत अधिक महत्व है। आज हम जिसे घर कहते हैं, उस लैंडमास को ग्लेशियरों ने ही सदियों में तराशा है। विश्व के वाटर टावर ग्लेशियर हमारे संसार के दस प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। लेकिन यह दोधारी भी है। एमिशन व वार्मिंग का खतरनाक स्तर मुख्य ग्लेशियरों को पिघला रहा है। वह बड़ी मात्रा में अपना बर्फ खो रहे हैं। मसलन, अंटार्टिका में सालाना 150 बिलियन टन बर्फ नष्ट हो रही है। ग्रीनलैंड की स्थिति तो इससे भी अधिक खराब है, यहां सालाना 270 बिलियन टन बर्फ खत्म हो रही है। यह बर्फ ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पिघल रही है, जिसके कारण समुद्र में पानी का स्तर बढ़ता जा रहा है। इससे समुद्रतटों के शहरों पर डूबने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन शहरों में मुंबई भी शामिल है। जाहिर है, अगर इस ट्रेंड को रोका बल्कि पलटा न गया तो परिणाम बहुत भयावह हो सकते हैं। एक समय था जब हिमालय में गंगोत्री मंदिर तक ग्लेशियर व आइस शीट्स थीं, अब वह वहां से लगभग 25 किमी के फासले पर पहुंच गई हैं। हिमालय के इन ग्लेशियरों से गंगा आदि नदियों को नियमित पानी मिलता रहता था और बर्फबारी होने पर ग्लेशियरों को अपना बर्फ मास मिल जाता था। अंटार्टिका आदि के ग्लेशियर अपने अंदर पानी के भंडार को रोके रहते थे। यह संतुलन बना रहता था। लेकिन ग्लोबल वार्मिंग से हिमालय के ग्लेशियर सिकुड़ गये हैं, जिससे नदियों में पानी कम होता जा रहा है और अंटार्टिका के ग्लेशियर पिघलकर समुद्र का जलस्तर बढ़ा रहे हैं। इससे अंदेशा यह है कि लो-लाइंग समुदाय और कुछ देश हमेशा के लिए खत्म हो जायेंगे। गौरतलब है कि इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ वर्ष पहले मालदीव की काबिना ने समुद्र के पानी के अंदर अपनी बैठक की थी। संकेत स्पष्ट था कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित कीजिये वर्ना उन जैसे द्वीप-देश तो हमेशा के लिए समुद्र में डूब जायेंगे। इसलिए गुटेरेस ने सभी देशों से आग्रह किया है कि सभी समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए वह एकजुट होकर काम करें और ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से आगे बढ़ने न दें।

समस्या केवल गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना में पानी की मात्रा के कम होने को लेकर ही नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से नदियों के पानी का तापमान भी बढ़ता जा रहा है, भारतीय नदियां गर्म हो रही हैं, जिससे एक्वेटिक जीवन के लिए वातावरण खतरनाक हो जायेगा। साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित एक नये अध्ययन के अनुसार नदियों के पानी का तापमान बढ़ जायेगा और उसमें ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जायेगी। नदियों के पानी का तापमान गर्मियों में 7 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता और 2070-2100 तक 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## आपकी बात

### स्टार्टअप को मिले प्रोत्साहन

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॅार्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॅार्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टार्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगार में सहायक हैं उद्यम

छोटे उद्योग रोजगार, समृद्धि और देश की तरक्की के लिहाज से बहुत अहम हैं। देश की इतनी बड़ी आबादी को नौकरी देना किसी के लिए संभव नहीं है, लेकिन अगर इतनी बड़ी आबादी सिर्फ सिर गिनने के लिए न हो बल्कि सिर से दुगुने हाथ बन जायें तो फिर रोजगार की कमी भी नहीं रहेगी। प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये हैं तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है। लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए। अभी सरकार ने अधिकतम उम्र सीमा चालीस वर्ष कर दी है। इसी तरह आरक्षित वर्ग को तीन से पांच साल की छूट मिलती है। ऐसे में अगर पैंतालिस साल का व्यक्ति सरकारी नौकरी में आवेदन डालेगा तो नौकरी मिल भी जाती है तो दो-तीन साल लग जायेंगे। अब पैंतालिस साल के बाद नौकरी मिल भी जाये तो भी महज दस-पन्द्रह साल में व्यक्ति रिटायर हो जायेगा।

**कृष्ण कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## महिला जनसुनवाई आज

बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निदेशानुसार माह मार्च के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले ह्ययमहिला जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के पश्चात श्रीमती प्रजापति महिला बन्दी गृहों व बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने दी है।

## किसान दिवस आज

बहराइच। शासन के निदेशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## 50 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वारण्टी व 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 50 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना जैदपुर पुलिस ने अभियुक्त अभिषेक कुमार भारती उर्फ राजेश पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम दनियल चक मुंडेरा थाना नोनहरा, गाजीपुर को धर्मकाटा बाईपास तिराहा कस्बा जैदपुर से 151 ग्राम अवैध मारफीन बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। इसी क्रम मे थाना रामनगर पुलिस ने अभियुक्त कयूम पुत्र स्व0 यूसुफ निवासी ग्राम सुढ़ियामऊ थाना रामनगर को ग्राम मामपुर, रामनगर से 45 ग्राम अवैध स्मैक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## भजन ही सभी शास्त्रों का सारः आचार्य राधेश

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज से सटे गोपालपुर गौहनिया गांव में चल रही द्वितीय दिवस की भागवत कथा में आचार्य राधेश महाराज ने बताया कि मन का सच्चा गुरु आत्मा है। ह्लदानं एकम कलियुगेह्ल... कलयुग में दान और दया के सहारे धर्म रह गया है। राजा परीक्षित ने शमीक ऋषि के गले में मरा हुआ सांप पहनाया, किंतु ऐसा करके उन्होंने अपने गले में तो मानो जीवित सांप ही पहन लिया हो। सर्प काल का स्वरूप है। सभी इंद्रिय वृत्तियों को अंतर्मुख करके प्रभु में फंसा हुआ ज्ञानी जीव के गले में सर्प पहनाने का अर्थ है। काल को मारना जितेंद्रिय योगी का काल स्वयं मरता है।

# अब तो सरयू मैया ही रहम करें...

## कटान का कहर झेल रहे रामपुर पुआरी मांझा मदराही के 80 परिवारों का कोई पुरसाहाल नहीं

- लेखपाल बोले - सर्वे में व्यस्त हूं मौका नहीं मिला

जिला संवाददाता (vol)



गोसाईंगंज-अयोध्या। अब तो सरयू मैया ही रहम करें, तो बच सकते हैं आशियानें। यह किसी फिल्म का डायलॉग नहीं बल्कि रामपुर पुआरी मांझा के कटान पीड़ितों का दर्द है।16 दिनों से कटान का कहर झेल रहे सदर तहसील के रामपुर पुआरी मांझा के मजरे मदराही के 80 परिवारों का अभी तक कोई पुरसाहाल नहीं है। सदर तहसील समेत जिम्मेदार विभागों का कोई भी अधिकारी आज तक प्रभावित क्षेत्रों में नहीं पहुंचा है।16 दिन की कटान में अब तक 400 बीघा खेती योग्य जमीन और फसलें नदी की धारा में समा चुकीं हैं। अब हालात यह कि यदि नदी की धारा ना मोड़ी गई तो कभी भी मदराही के 80 घर नदी की धारा में तब्दील हो जाएंगे। इतनी खराब हालत होने के बावजूद भी अभी तक तहसील की तरफ से लेखपाल भी गांव में कटान प्रभावित लोगों का हाल-चाल लेना मुनासिब नहीं समझा है। सिंचाई विभाग तो एक दिन नदी की धारा मोड़ने के लिए गिनती के कुछ मजदूरों को लगाया था उसके बाद वह भी गायब हो गया और अब टेंडर का इंतजार कर रहा है कटान की जद में आए मदराही के हरिश्चंद्र, मुन्ना, कोमल, राजाराम, सोहन, संतराम, सूरज, बैधनाथ, सुखराम, राधेश्याम, अवधेश, महेश, बिंदु प्रसाद, जैसराज, रामपुर, बृजराज कहते हैं कि अब तो सरयू मैया ही दया करें तो घर गृहस्थी बच सकती है नहीं तो कभी भी हमारे आशियानें नदी की धारा में तब्दील हो जाएंगे। बताया कि हम लोगों ने लगातार लेखपाल से लेकर तहसील के अधिकारियों को सूचना देते रहे लेकिन अभी तक किसी ने गांव में झांकना उचित नहीं समझा। अब सभी से सारी उम्मीदें समाप्त हो चुकी हैं।

रामपुर पुआरी माझा के लेखपाल देश दीपक ने बताया कि इस समय कृषि भूमि का मासिक सर्वे चल रहा है। जिससे अब मदराही गांव में जाने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा फिर हमारे जाने से क्या होगा। जिस विभाग के पास राहत एवं बचाव कार्य का फंड होता है उनके अधिकारी और कर्मचारी का जाना जरूरी है।

रामपुर पुआरी माझा के प्रधान रमेश निषाद ने बताया कि करीब एक पखवारे से गांव में कटान लगी है। अब तक खेती योग्य जमीन व फसले काट रही थी लेकिन अब गांव कटान की चपेट में आ गया है। तहसील के अधिकारियों को सूचित किया गया लेकिन अभी तक गांव में लेखपाल भी नहीं पहुंचा। तहसीलदार सदर विनोद ने बताया कि कटान प्रभावित मदराही गांव के लेखपाल को निर्देशित किया गया है कि कटान पर नजर बनाए रखें और कटान प्रभावितों के लिए राहत एवं बचाव कार्य जारी है। आज गांव का दौरा कर कटान से प्रभावित लोगों के नुकसान का आकलन किया जाएगा।

## अवध विवि की एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा आज से

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से दो पालियों में शुरू होगी, जो 26 मार्च तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न जनपदों में 14 केन्द्र बनाये गए जिसमें 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने के लिए सभी केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च तक चलेगी। दो पालियों की एलएलबी परीक्षा में 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें एलएलबी त्रिवर्षीय में 15,614 व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा में 5989 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

## सीएचसी पर प्रसव पूर्व महिलाओं की विभिन्न प्रकार की गई जांच



सोहावल-अयोध्या।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच सेवा व उचित परामर्श प्रदान किया गया। सीएमओ सुशील कुमार बालियान के निर्देश पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिला रोग विशेषज्ञ डा. फातिमा द्वारा 84 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गयी। जिसमें आधा दर्जन उच्च जोखिम गर्भ धारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डा.प्रेमचंद्र भारती द्वारा आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं को आधा लीटर दूध व फल का वितरण किया गया। इस मौके पर सभी गर्भवती महिलाओं को दवाएं, अल्ट्रासाउंड एवं जांच की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। सीएचसी प्रभारी डा0 प्रेमचंद्र भारती ने बताया कि उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की निरंतर निगरानी और समय समय पर जांच,दवा व खान पान पर विशेष जागरूकता बनाए रखने के लिए गर्भवती महिलाओं के क्षेत्र से जुड़ी आशा बहुओं को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी की महिलाओं को उचित चिकित्सीय परामर्श लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## नौकरी दिलाने के लिए लाखों रुपये घूस खाते में लेने का लगाया आरोप

अयोध्या। संभागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र दर्शन नगर अयोध्या में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत अभिषेक यादव एवं मनोज कुमार यादव तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अश्वनी कुमार श्रीवास्तव के बैंक खाते धोखाधड़ी के आरोप में सीज कर दिया गया है। नौकरी दिलाने के लिए लाखों रुपए घूस खाते में लेने का आरोप पीड़ित ने पुलिस के प्रभारी निरीक्षक साईबर थाना जनपद अयोध्या को दिए गए प्रार्थना पत्र में लगाया है। पीड़ित ग्राम अकबर पुर पोस्ट शिवदयाल गंज जनपद गोण्डा निवासी उदयराज ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने प्रार्थी की पुत्री को नौकरी दिलाने के लिए अपने खाता नंबर 10961612382 एसबीआई अयोध्या, 4747000100077164 पीएनबी अयोध्या,30957691927 एसबीआई में कुल मिलाकर दस लाख रुपए जरिए आरटीजीएस लिया।इन लोगों ने पीड़ित से आठ लाख नकद लिया है। आरोपियों ने नियुक्ति पत्र देने के बाद छह लाख रुपए की और मांग किया था। पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि सालों गुजरने के बाद भी उक्त लोगों ने प्रार्थी की बेटी की नौकरी नहीं दिलाने पर जब पैसे की मांग की गई तो वह जान-माल की धमकी दे रहे हैं। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त बैंक खाते को साईबर थाना ने संबंधित खातों को सीज कर दिया गया है।

## 111वें दिन भी जारी रहा बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

अयोध्या। जनपद मे लगातार चल रहीं विद्युत कर्मियों का आंदोलन 111वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। विद्युत वितरण खंड द्वितीय में तैनात कार्यकारी सहायक लिपिक अजय सोनकर सहित सभी विद्युत कर्मियों ने निजीकरण व निविदा संविदा कर्मचारियों का वेतन माह फरवरी का नही मिलने के विरोध में करते हुए एक स्वर मे कहा कि जब तब सरकार निजीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने की घोषणा नहीं करेगी तब तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति अयोध्या क्षेत्र अयोध्या के संयोजक श्री रघुवंश मिश्रा जी ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश मे आंदोलन जारी है तथा भविष्य मे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा सरकार से इस विषय पर स्पष्टीकरण देने के लिए बाध्य किया जाएगा। विद्युत कर्मी अजय सोनकर ने बताया कि प्रदर्शन में रघुवंश मिश्र,जय गोविंद सिंह, अकुर यादव अनुराग श्रीवास्तव, अशीश सिंह, सतेन्द्र पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रामपथ के त्रिवेणी सदन में लगी आग

## दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से दो घंटे बाद आग पर पाया गया काबू



अयोध्या। शहर के रअमानीगंज क्षेत्र में रामपथ पर स्थित त्रिवेणी सदन आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की सम्भावना जताई जा रही है। सुबह करीब दस बजे स्थानीय लोगों को त्रिवेणी सदन के तीसरी मंजिल से धुआं उठता दिखाई दिया। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दिया गया। सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। दरवाजा बंद होने के कारण उसे तोड़ कर आग पर नियंत्रण किया गया। त्रिवेणी सदन विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई है। बिल्डिंग में श्रद्धालुओं के लिए डारमेट्री तीसरी मंजिल पर है। जहां आग लगी थी। बिल्डिंग में पार्किंग भी बनाई गई है। इसका संचालन एक प्राईवेट कम्पनी द्वारा किया जाता है।विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि बिल्डिंग बनाते समय फायर एनओसी ली गई थी। अन्य विभागों से भी एनओसी ली गई थी। त्रिवेणी सदन का संचालन मुम्बई की कम्पनी सुखसागर द्वारा किया जाता है। आग कैसे लगी यह जांच का विषय है। अगर संस्था की लापरवाही पाई जाती है तो कार्यवाही की जाएगी। सीएफओ महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि डारमेट्री एरिया में आग लगी थी। दरवाजे बंद थे। जिन्हे तोड़ कर फायर कर्मी अंदर गए। सूचना मिलते ही मौके पर दो दमकल की गाड़ियां भेजी गई। कुछ समय बाद एक और गाड़ी भेजी गई। घटना में कोई जन हानि नही हुई है।

## कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान राख

अयोध्या। कोतवाली नगर अंतर्गत जमुनिया बाग स्थित एलजी चेंबर में कमला ट्रेडर्स की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना सुबह करीब 7:00 बजे की है, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। शहर के रामनगर स्थित नील विहार कॉलोनी निवासी दुकान मालिक राजेंद्र आहूजा ने बताया कि दुकान में करीब 30 से 40 लाख रुपए का रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान जल गया है। नगर कोतवाल अश्वनी पांडे ने बताया फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, जिससे मार्केट में अन्य दुकान जलने से बच गई। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। संभावना है शार्ट सर्किट के चलते आग लगी।

## भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



अयोध्या। भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश कार्यसमिति में लिए गए निर्णय के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन एवं प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ, अयोध्या जिलाध्यक्ष अम्बरीष सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से य प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर आज प्रधानमंत्री महोदय को सम्बोधित विभिन्न मांगों सम्बन्धी ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है भारतीय मजदूर संघ, अयोध्या जिला मन्त्री सुजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एलआईसी में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति का आदेश वापस लेने, ईपीएस 95 की पेंशन में बढ़ोत्तरी करने संविदा/स्कीम वर्कर्स की समस्याओं का समाधान करने समेत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 4 श्रम संहिताओं में से वेतन संहिता 2019 एवं सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को शीघ्र लागू करने के साथ व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता 2020 और औद्योगिक सम्बन्ध संहिता 2020 में संशोधन के पश्चात लागू किया जाये जिला मन्त्री ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ आशा करता है कि सरकार इन सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र ही विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करेगी।विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख जय प्रकाश सिंह , संरक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, जिला मन्त्री सुजीत कुमार पाण्डेय, उपमंत्री जी एन पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, संगठन मन्त्री शुभम सिंह, प्रचार प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी, आशा संगठन जिलाध्यक्ष मीरा पाठक समेत बड़ी संख्या में आशा/आशा संगिनी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मजदूर संघ के दैनिक श्रमिक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छात्रों को मोमेंटो देकर किया सम्मानित



बाराबंकी। असेनी मोड स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्रोफेसर प्राचार्य डॉक्टर सीताराम सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह मे मुख्य अतिथि डा0 सिंह ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है। बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। समारोह में वर्ष 2024-25 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं मोमेटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर ऋतु सिंह ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में जनेस्मा के इतिहास प्रवक्ता डॉ0 मानव कुमार सिंह ने जीवन मे निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर समाजसेवी आदित्य वर्मा अंगद मौजूद रहे।

## योग में षटकर्म की कार्यशाला आयोजित




बहराइच । वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन, आयुष विभाग एवं स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से कॉलेज के सभागार में योग में षटकर्म की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अभिलाषा वर्मा, डायरेक्टर स्पार्क पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज के द्वारा किया गया कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा षटकर्म, जल नेति, रबर नेति, धौतीकर्म, कुंजल क्रिया, त्राटक का योगाभ्यास किया गया। योग के माध्यम से रोगों से बचाव, उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा के बताया कि यह कार्यक्रम योग प्रशिक्षकों के कार्य को और बेहतर बनाने, योग के प्रचार प्रसार एवं जन मानस तक पहुंचानें उनके दिनचर्या में लाने के उद्देश्य से किया गया है। योगाभ्यास में योग प्रशिक्षक जयप्रकाश वर्मा द्वारा षटकर्म परिचय, श्रीमति शीला वर्मा द्वारा जल नेति, रबर नेति, श्रीअरूण कुमार के द्वारा धौती परिचय, गया प्रसाद द्वारा कुंजल क्रिया एवं प्रवीण वर्मा द्वारा त्राटक क्रिया पर व्याख्यान दिया गया। योग प्रशिक्षक कौशलेंद्र ने प्रयोगात्मक क्रिया के द्वारा योग प्रशिक्षकों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, स्पार्क कालेज के प्राचार्य डॉ मोहसिन, गीता कुशवाहा, राकेश कुमार दुबे, आस्था, श्वेता, माला, डॉ परवेज, नीलम एवं जनपद मे संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी समेत दो पर हमला



मिल्कीपुर-अयोध्या। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी सहित एक अन्य पर हमला हालात गंभीर मेडिकल कॉलेज रेफर। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र के बवां गांव निवासी इस्लाम राणा जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी अयोध्या कुमारगंज बाजार से अपने एक साथी सूरज के साथ बाईक से जैसे गांव पहुंचे ही थे कि दो लोगों ने पीछे गाड़ी पर बैठे सूरज पर हमला कर दिया जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गयी, गिरते ही दोनों लोग बाईक सवार पर हमलावर हो गये, ग्रामीणों ने किसी तरह बीच बचाव किया। घायल दोनों लोगों को उपचार के लिए सौ सैय्या चिकित्सालय कुमारगंज लाया गया, जहां पर हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक घायल सूरज नामक व्यक्ति हरियाणा से बंवा गांव निवासी बीसू के साथ घूमने आया था दोनों दोस्त थे, गांव के इस्लाम समेत अन्य लोगों से सूरज की दोस्ती हो गयी जो बीसू को खराब लग रहा था, बीसू सूरज से कह रहा था कि आप यहां से हरियाणा चले जाओ लेकिन वह दोस्तों के रोकने से रुक गया चर्चा यहां भी है कि गांव में कोई भंडारा होने वाला था उसी में शामिल होने के लिए लोग उसे रोक रहे थे, यह बात बीसू को नागावार लगी और अपने साथी गांव निवासी शिव मोहन पुत्र राम दुखी के साथ गांव में ही बाइक से जा रहे उपरोक्त दोनों लोगों पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाने के उपनिरीक्षक नीरज चैरसिया, अशोक कुमार, कांस्टेबल अजय यादव अस्पताल पहुंचकर घायल इस्लाम और सूरज कुमार का बयान दर्ज किया। घायल दोनों लोगों ने अपने बयान पुलिस को दे दिए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक सिग्नल व हाई मास्क लाइट का एसपी ने किया उद्घाटन



बाराबंकी। जाम की समस्या से निजात दिलवाने को लेकर पटेल तिराहा, नाका सतरिख चैराहे पर जेड़एफ ग्रुप द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित टैजफिक सिग्नल व हाई मास्क लाइट का पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब शहर के सभी प्रमुख चैराहों पर सेंसरयुक्त हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। जो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिह्नित कर स्वतः चालान काटेंगे। ट्रैफिक सिस्टम को अपग्रेड करने के साथ ही पुलिस लाइन चैराहा समेत अन्य चैराहों पर भी ट्रैफिक लाइट के साथ सेंसर युक्त हाईटेक कैमरे निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। लोकार्पण के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अमित प्रताप सिंह, प्रभारी यातायात उ0नि0 रामयतन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद की 86 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

## 24 मार्च को होगा सम्मान समारोह



बहराइच । जनपद में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हुई समीक्षा बैठक में बड़ी सफलता सामने आई है। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 104 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 86 पंचायतें सत्यापन के बाद टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायतों के संयुक्त प्रयासों से यह सफलता मिली है। 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर सभी 86 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रति 1000 आबादी पर 30 संभावित टीबी मरीजों की जांच की गई, जिसमें एक या उससे कम मरीज का नोटिफिकेशन पाया गया। साथ ही, 60 फीसदी मरीजों की ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट जांच पूरी हुई, जबकि 85फीसदी मरीजों का सफल उपचार हुआ। निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी मरीजों को पहली किस्त का भुगतान सुनिश्चित किया गया। इन सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि निक्षय पोर्टल की नियमित समीक्षा करें और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। उन्होंने एक्स-रे जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी गतिविधियों को पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा कि ष्स्वास्थ्य विभाग निगरानी और उपचार को लगातार प्रभावी बना रहा है। अधिकांश पंचायतों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा अभियान में समुदाय की भागीदारी और शीघ्र जांच सुनिश्चित करने पर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जहीर हसन के निधन पर शोक की लहर

अयोध्या। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीकापुर निवासी पीसीसी सदस्य जहीर हसन के निधन पर कांग्रेस जनों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री जो अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए दिल्ली गए हुए हैं । उन्होंने दूरभाष पर जहीर हसन चाचा के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा बीकापुर में कांग्रेस के एक युग का अंत हो गया ।उनका मार्गदर्शन सही गलत के संबंध में उनके निर्देश हमेशा सर आंखों रहा है ,एक सच्चा हित चिंतक और सच्चा कांग्रेसी हमने खोया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी । जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ,अशोक सिंह ,रामदास वर्मा ,पीसीसी सदस्य चेतनारायण सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार पांडे, पीयूष राय, मोहम्मद अहमद ने उनके गांव कूड़ा पहुंचकर स्वर्गीय जहीर चाचा को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी । कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा स्वर्गीय जाहिर चाचा की कमी हमेशा खलेगी।

संक्षेप

## मामूली बात पर चार लोगों की पिटाई

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र में सहन की जमीन पर कब्जे की बात का विरोध करने पर चार लोगों की पिटाई किये जाने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस मामले के जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के दतौली गांव निवासिनी सुनीता पत्नी संतोष रैदास ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि उसके पड़ोसी शिवकुमार, राजकुमारी व किशोर उसके सहन की जमीन पर कब्जे की नीयत से शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे थे। जिसका उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी, डंडो से उसकी पिटाई कर दी। बचाने दौड़े उसके देवर बबलू, पुत्री दिव्यांशी व बुधाना की भी आरोपियों ने पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बस्ती में लगी आग 18 घर जलकर खाक

**भेटुआ,अमेठी।** ब्लाक की ग्राम पंचायत बैसडा पूरे रामदत्त बनमनुष बस्ती मे आग लगने से 18 घर जलकर राख हो गए। मंगलवार को दोपहर मे आग लगी। ग्रामीण ने आग बुझाने मे लगे। सुभाष मिश्र ने मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी आशीष सिंह,तहसीलदार को जानकारी दी। प्रशासन मौके पर पहुंचे। फायर बिग्रेड दो गडिया भी पहुंची। बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू मिली। विद्युत बिभाग के लाईनमैन राम मूर्ति यादव,लेखपाल राजेश कुमार पाल पहुँचे।आग की खबर पाते ही ब,कांग्रेस कमेटी भेटुआ ब्लाक अध्यक्ष अजीत कुमा। मामले की जानकारी कांग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा अमेठी, कांग्रेस कमेटी अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को दी। कांग्रेस ने 18 अग्नि पीड़ित को फायर राहत कीट के लिए अर्जुन पुत्र जगन्नाथ, ओम प्रकाश पुत्र अर्जुन, देवराज पुत्र अर्जुन,राहुल पुत्र अर्जुन, कुंवर बहादुर पुत्र जगन्नाथ, कुंवर चन्द्र पुत्र गुदर,लवकुश पुत्र कुंवर चन्द्र,राम लखन पुत्र गुदर, त्रिवेणी पुत्र राम लखन,राजेंद्र पुत्र शोभनाथ,शत्रुघ्न पुत्र राजेंद्र,राम पाल पुत्र गुदर,राम टहल पुत्र शोभनाथ, शमसेर पुत्र सीताराम,शमशेर पुत्र सीताराम,राजेश पुत्र सीताराम,बिजय पाल पुत्र राम अवतार,राम अवतार पुत्र छंगू आदि लोगो को दिये गए। लेकिन हैरत इस बात की है ।आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

## कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत तीन लोग घायल

**अमेठी।** कमरौली थाना क्षेत्र में आर्या पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसा हुआ।लखनऊ से आ रही सफारी और जगदीशपुर से आ रही बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग और सफारी चालक घायल हो गए।बाइक पर सवार राकेश मौर्या, रविन्द्र मौर्या और संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हुए। सफारी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरी और पेड़ से टकराई। इस दौरान सफारी चालक तुषार त्रिवेदी भी घायल हो गया।स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर स्थिति के कारण राकेश और रविन्द्र को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। वहां इलाज के दौरान रविन्द्र मौर्या की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे में मृतक रविन्द्र मौर्या 20 वर्षीय था और पूरे कालिका उपध्या हारीमऊ का रहने वाला था। घायल राकेश मौर्या मंगौली, संदीप कुमार गड़रियाडीह और तुषार त्रिवेदी का इलाज जारी है।

# डीएम ने किया नेत्र परीक्षण की कंप्यूटराइज मशीन का लोकार्पण



**रायबरेली।** श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति की ओर से मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय को प्रदान की गई नेत्र परीक्षण की कंप्यूटराइज मशीन का लोकार्पण डीएम हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष केके अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि यह मशीन नेत्र रोगों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी। प्रबंध मंत्री सोम प्रकाश अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य अतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस आधुनिक मशीन से जिले भर से आने वाले नेत्र रोगियों की उचित जांच हो सकेगी। उप प्रबंधमंत्री उमेश सिकरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य महेश नारायण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1953 में स्थापित श्री गांधी धर्मशाला को वर्तमान प्रबंध समिति द्वारा आधुनिकीकरण कर आम जनता को कम दरों पर बेहतर सेवाएं दी जा रही हैं। चिकित्सालय के प्रभारी डॉ एसके कटियार ने प्रबंध समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा अब इस अस्पताल में आधुनिक स्तर की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य राधारमण अग्रवाल, राम जी अग्रवाल, संदीप जैन, प्रकाश मुरारका ,मोहित अग्रवाल, अजय बंसल, प्रवीण अग्रवाल, अभिषेक गोयल,भवेश अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने फ्लाई ओवर का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**रायबरेली।** डीएम व एसपी डॉ0 यशवीर सिंह ने मुंशीगंज एम्स में सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सेतु निगम द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण करने की समय सीमा दिसम्बर 2026 निर्धारित है। लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि डलमऊ की तरफ डायवर्जन रोड का चैड़ीकरण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये। डायवर्जन रोड हल्के वाहनों के लिए है, इसलिए यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि भारी वाहन उक्त सड़क का प्रयोग न करें, इसके लिये हाइटगेज पूर्व की भांति स्थापित कराया जाये।

# किसान कल्याण एसोसिशन गुट का धरना समाप्त

- किसानों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नसीराबाद, रायबरेली।** किसान कल्याण एसोसिऐशन अराजनैतिक गुट के पदाधिकारियों ने 19 सूत्रीय मांग को लेकर ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। ज्ञापन लेने के लिए सलोन एसडीएम को आना था लेकिन तहसीलदार सलोन और छतोह बीडीओ धीरेन्द्र त्रिपाठी ज्ञापन लेने पहुंचे। जिन्हें देखकर किसान भड़क गए और ज्ञापन देने से मना कर दिया दोनों अधिकारियों के काफी समझाने पर किसान माने और तहसीलदार रिचा को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को छतोह ब्लॉक मे जिला अध्यक्ष सदाशिव पांडेय व राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में धरना चल रहा था। धरने में कुंवरमऊ में नाली निर्माण व खड़ंजा में पीली ईंटों का प्रयोग गौशाला में जांच की मांग की। गढ़ा में जलजीवन बोरिंग से दूषित पानी को लेकर दूसरी बोरिंग की मांग बेवल में शमशान घाट और स्ट्रीट लाइट में घपला जांच की जाय। आधार के दरवाजे तक ईन्टरलाकिग की मांग पूरे कनपुरियन कुकहा में इंद्रजीत के दरवाजे से सूरजपाल के दरवाजे तक नाली निर्माण कोलवा पूरे पंचम रामपाल के घर से पुल तक नाली निर्माण भेलिया में काजीपुर तेलियानी डामर रोड बनवाने की जाय। पूरे गौतम रोड से छतोह गांधीनगर लगभग एक किलोमीटर मार्ग बनवाने की जाय। नसीराबाद मवैया रोड को घोरहा प्रतापगढ़ की सीमा तक जोडी जाय। राजकीय बालिका हाई स्कूल तथा राजकीय इंटर कॉलेज छतोह में प्रधानाध्यापक का संबंधिकरण निरस्त कर मूल विद्यालय मे उपस्थिति में सुनिश्चित की जाय।

नसीराबाद देहात महमूद अली में मुस्तफा के दरवाजे से लाल के दरवाजे तक खड़ंजा लगवा जाय। गरीब किसान असहाय लोगों के लिए सरकार से मिलने वाली हर योजना जैसे पेंशन राशन आदि गांव गांव में कैंप लगाकर दिलाया जाय। साथ ही छतोह के सभी ग्राम पंचायतों में वर्षो से खराब पड़े इंडिया हैंड पम्प नल और स्ट्रीट लाइट में जमकर भ्रष्टाचार पर जांच की जाय।

इस मौके पर लालता प्रसाद शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष, अजय बाजपेई प्रदेश संयोजक, सदाशिव पांडे जिला अध्यक्ष ,बाल गोविंद शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, राम पियारे पासी ब्लॉक संगठन मंत्री , नजमुन निशा, छविनाथ यादव, कन्हैया, मंगरु पासी, निर्मला, राजा खान, बाबू खान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# एक-एक बूथ को मजबूत करना होगा लक्ष्य : सुशील त्रिपाठी




**सुलतानपुर (वीओएल)।** बूथ अध्यक्ष पार्टी की मजबूत कड़ी और ताकत है। इन्ही के बल पर पार्टी को मिशन -2027 में जीत का परचम लहराना है। यह बातें नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने उनके आवास पर बधाई देने आए शास्त्रीनगर वार्ड के बूथ अध्यक्षों व पार्टी पदाधिकारियों से कहीं। उन्होंने कहा लोकतंत्र में फाइनल लड़ाई का केंद्र बूथ ही है।एक्टिव बूथ अध्यक्ष और एक्टिव बूथ समिति के जरिए ही यह ताकत हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा जिले के एक-एक बूथ को मजबूत व सक्रिय करना हमारा प्रमुख लक्ष्य होगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी के साथ शास्त्रीनगर वार्ड में रहने वाले पार्टी के नेता संजय सिंह सोमवंशी, महेन्द्र नारायन मिश्रा, नगर महामंत्री डॉ. वीपी सिंह, रजनीश मिश्रा, शक्ति केन्द्र प्रमुख राजीव सिंह, बूथ अध्यक्ष हनुमान त्रिपाठी व बलराम तिवारी, सभासद अजय सिंह, नगर मीडिया प्रभारी मोहित साहू आदि ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के शास्त्रीनगर स्थित आवास पर जाकर उसको पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी और पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा नेता दूधनाथ तिवारी व राजेश चतुवेर्दी भी मौजूद रहे।

## हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम में हुई 200 लोगों की मुफ्त जांच

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के भितरी गांव में आयोजित हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम में 200 से अधिक लोगों का निःषुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें विषेषज्ञों ने लोगों को हेल्थी जीवन जीने के लिये अनेक उपयोगी टिप्स भी दिये। ब्राइट फ्यूचर लाइफ केअर के तत्वावधान में हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. हुसैन ने बताया कि हेल्थी लाइफ स्टाइल के माध्यम से अपने आप निरोगी होने से बचा जा सकता है। आज के समय लोगो की इम्युनिटी बहुत वीक होती चली जा रही है जिसका प्रमुख कारण है फ्री रेडिकल व टॉक्सिन है। अगर समय रहते बॉडी से टॉक्सिन निकलता रहे तो आप स्वथ्य रहेंगे। ब्राइट फ्यूचर के अनेक ऐसे प्रोडक्ट है जिससे आप अगर बीमार है तो बीमारी से मुक्त हो जाएगें। अगर आप बीमार नही होना चाहते हो तो कुछ न्यूट्रिशन डाइट अगर आप दैनिक दिनचर्या में शामिल करके बीमारी से बचा जा सकता है। हेल्थ व वेल्थ के मिशन पे कंपनी का लगातार हेल्थ अवेरनेस प्रोग्राम कंपनी अलग अलग शहरो मे लगातार करके जागरूकता मिशन का कार्य कर रही है आने वाला समय डायरेक्ट सेलिंग का है।इस अवसर पर कंपनी के यूनिवर्सल क्राउन लीडर डॉ हुसैन, क्राउन लीडर महताब खान, मरकरी लीडर इरफान, भास्कर उपाध्याय, राजू तिवारी, रिजवी, सौरभ सिंह का भव्य सम्मान हुआ। इस मौके पर रामजी पांडेय, अखिलेश, मनोहर सिंह, सुभाष सिंह, नसीम, अतुल शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, विजय तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई 19 मार्च को

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह 19 मार्च को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पूर्वाह्न 11:00 बजे महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## एनएसएस शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों को दी गयी प्रेरणा




**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन राणा प्रताप विधि महाविद्यालय, धरमदासपुर कूरेभार प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि एनएसएस का समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने छात्रों को अच्छी संगति की अहमियत समझाते हुए कहा कि अच्छी संगति से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। यह बुद्धि की जड़ता को समाप्त करती है और सत्य के मार्ग पर चलने में मदद करती है। प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि बिना सेवा के शिक्षा अधूरी है, और एनएसएस इसका महत्वपूर्ण साधन है। पूर्व प्राचार्य प्रो. एम.पी. सिंह ने एनएसएस के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को समुदाय से जोड़ना है। छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने की आवश्यकता है। शिविर में विद्यार्थियों को जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, सफाई, पर्यावरण संरक्षण आदि पर चर्चा की गई। इसके अलावा, पूर्व प्रबंधक बजरंग बहादुर सिंह ने एक प्रेरक कविता सुनाई, जिसे छात्रों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण और छात्रों ने उत्साह से भाग लिया, और शिविर के माध्यम से समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा प्राप्त की।

## मातृशक्ति सम्मान समारोह में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीताकुण्ड में आयोजित मातृशक्ति सम्मान समारोह में भाजपा-काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा महामंत्री बविता आखलेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में हमेशा से मातृशक्ति का वर्चस्व रहा है, और महिलाएं यदि अपनी शक्ति को पहचानें तो समाज में कोई भी परिवर्तन संभव है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे खुद को अबला नहीं, बल्कि सबला मानकर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं विकास के हर क्षेत्र में अग्रणी रही हैं और भविष्य में भी रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा एवं एक राष्ट्र, एक चुनाव की जिला संयोजिका डा. प्रीति प्रकाश ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपने आत्मबल को पहचानें और असंभव को संभव बनाने में अपने योगदान का अहसास करें। प्रो. नीलम त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को उचित मार्गदर्शन और सशक्त बनाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान, नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की 50 वालिकाओं को टी-शर्ट, कैप और 25 महिलाओं को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की गई।




# दिव्यांगों को मिला सहारा, 357 को मिले कृत्रिम अंग व उपकरण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोटरी क्लब सुलतानपुर और श्रीभगवान महावीर विकलांग समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज, सीताकुंड में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग, कैलीपर और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन 357 दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए गए।



### दो घंटे में दिव्यांगों को मिल रहे कृत्रिम अंग

**सुलतानपुर।** शिविर में 45 लोगों को कृत्रिम हाथ, 105 को सुनने की मशीन, 87 को कृत्रिम पैर, 82 को व्हीलचेयर और 38 को ट्राई साइकिल वितरित की गई। विद्यालय परिसर को अस्थायी अस्पताल में बदल दिया गया, जहां अलग-अलग काउंटर पर पहले दिव्यांगों का नामांकन किया गया। नामांकन के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया गया। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम जांच कर जरूरत के मुताबिक कृत्रिम अंग या उपकरण तैयार कर दो घंटे में उपलब्ध करा रही है।

### मुफ्त सेवा से खिले दिव्यांगों के चेहरे

**सुलतानपुर।** पूरी प्रक्रिया निशुल्क है, जिससे दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। उपकरण पाकर जरूरतमंदों ने आयोजकों के प्रति आभार जताया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और इस पहल की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा भविष्य में भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से अध्यक्ष संजय केसरवानी, सचिव डॉ अभिषेक पांडेय, संदीप कुमार, डॉ अमित पांडेय, निमेन्द्र गोयल, वेद जायसवाल, डॉ पावन रिबेलो, अजीत अग्रहरि, प्रमोद मल्होत्रा, दिनेश यादव, अलंकार टंडन, तपन टंडन, अखिल अग्रवाल, तृप्ति श्रीवास्तव,नीलू अग्रहरि, तनु टंडन, श्वेता, साक्षी पांडेय, सरिता पांडेय, दलबीर कौर, रितु मल्होत्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# कोई अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता : कैबिनेट मंत्री



**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद ने संभल में मेले की परमिशन न दिए जाने को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमें किताबों में यह सिखाना चाहिए कि कौन कितना क्रूर था, और फिर हम क्रूरता पर जश्न क्यों मनाएं? मंत्री ने सवाल किया कि मेले में लोग क्या आदर्श सीखते हैं? उनका कहना था कि अब कोई अपने बेटे का नाम औरंगजेब या आलागाजी नहीं रखता, और उनकी सरकार में भारतीय सभ्यता के विध्वंसकों के लिए कोई जगह नहीं है। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा को लेकर मंगलवार को सुलतानपुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह बयान दिया। मंत्री संजय निषाद ने नागपुर में हुए दंगों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि औरंगजेब को आदर्श बताने वाले लोग दंगों के जिम्मेदार हैं, और इसका जवाब जनता देगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी ( सपा ) से पूछा कि क्या वे औरंगजेब को आदर्श मानते हैं या कृष्ण भगवान को? निषाद ने यह भी कहा कि भारतीय आदर्श निषादराज से लिए जाने चाहिए, जिन्होंने तलवार की नोक पर सलवार पहना दिया था। उन्होंने सपा और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कई लोग बीजेपी में आकर मलाई खा रहे हैं, जो पहले पिछली सरकारों में भी यही काम करते थे। इस दौरान, मंत्री संजय निषाद ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करने का भी संकल्प लिया, और आगामी चुनावों में जनता से समर्थन की अपील की।

## डॉक्टरों की मनमानी, मरीज परेशान

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आला अफसरो को आए दिन कडे फरमान जारी करती रहती है बावजूद इसके चिकित्सकों की चल रही मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है हालात यह है कि ओपीडी के समय भी कमरे मे ताला झूलता रहता है जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बेखबर हैं। विकास खंड के अंतर्गत स्थित जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां चिकित्सा व्यवस्था दम तोडती नजर आ रही है आजाद चिकित्सक मनमानी पूर्वक कमरे मे ताला लगाकर गायब रहते हैं मरीज पर्चा लिए परिसर का चक्कर काटते रहते हैं मजबूर होकर चिकित्सक को फोन लगाते हैं जवाब न मिलने पर मरीज हाय तौबा करते हुए प्राइवेट चिकित्सकों की शरण मे चले जाते हैं ।यह नजारा दंत चिकित्सक के ओपीडी का है यही नहीं ओपीडी के समय लेट आना व समय से पहले उठ जाना चिकित्सको का रोज मर्रा का कार्य बन चुका है यही कारण है कि चिकित्सको के बैठने पर मरीजो की खचाखच भीड जमा हो जाती है ।मरीजो का पर्चा जमा रहता है ओपीडी दरवाजे के सामने खडे चिकित्सक के सहयोगी द्वारा नाम पुकारने पर मरीज अंदर दाखिल होते हैं जिनका सरसरे तौर पर तकलीफ पूछते हुए फटाफट अस्पताल के पर्चे पर कुछ दवाइयां लिखने के बाद मेडिकल स्टोरों द्वारा उपलब्ध कराए गए पैड जिसका नाम वाला हिस्सा फाड़कर फेक दिया जाता है तथा बचे सादे पर्चे पर प्राइवेट दवाइयां लिखकर मरीजो थमा दिया जाता है सूत्रो की माने तो उन्हीं प्राइवेट दवाओं मे चिकित्सकों का कमीशन सेट रहता है बताते चलें कि पूर्व में जब जब उच्च अधिकारीगणों ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया तो ढेरों खामियां उजागर होने के साथ साथ स्टाफ के कई लोग नदारद पाए गए थे जिनको कडी चेतावनी देने के बाद एक दिवस का वेतन भी काटा गया था परंतु स्टाफ का चल रहा मनमानी रवैया ज्यों का त्यों बना हुआ है वेतन काटने तथा चेतावनी देने के बाद भी कोई परिवर्तन नजर नहीं आ रहा है इतना जरूर है कि उच्च अधिकारीगणो के औचक निरीक्षण के उपरांत चार छह रोज के लिए कुछ माहौल बदल जाता है उसके बाद पुनः पुरानी स्थिति बहाल हो जाती है।

## अध्यापक और अध्यापिकाओं को अग्नि दुर्घटना व लू से बचाव की दी जानकारी



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में आयोजित जनपद के समस्त 48 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाओं को अग्नि दुर्घटना/लू से बचाव के लिए जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया व साथ आग बुझाने के तरीकों से अवगत कराते हुए घरेलू साधनों से भी आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया एवं आकस्मिकता की स्थिति में अपना बचाव करते हुए सुरक्षित तरीके से निकलने का भी अभ्यास कराया गया, साथ ही उनसे अपेक्षा की गयी कि वह सभी लोग वापस जाकर अपने विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र/छात्राओं को भी जानकारी व प्रशिक्षण से अवगत कराते हुए की गई कार्यवाही की सूचना अग्निशमन विभाग को उपलब्ध कराएंगे। इस कार्यक्रम में सभी राजकीय मा.विद्यालय के अध्यापक व जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व प्रवक्ता के साथ बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

# लघु अश्वमेध यज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में होने वाली लघु अश्वमेध यज्ञ को लेकर मंगलवार को निकली भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नगरवासियों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। कलश यात्रा में निकले श्रद्धालुओं का जगह जगह जलपान करवाकर लोगों ने गायत्री महायज्ञ के जय घोष लगाए।

राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का क्षेत्र में धूम धाम से प्रचार प्रसार हो रहा है। मंगलवार भोर से ही देवीपाटन मंदिर पर कलश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। देखते ही देखते श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों में पहुंच गई। कलश यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ लगा रहा। देवी पाटन मंदिर पर पूजन के बाद कलश यात्रा सगरा तिराहा,गांधी चौक, हनुमान गढ़ी, बस स्टॉप से निकलकर दुगार्पुर मार्ग होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, अमेठी नरेश एवं पूर्व मंत्री डॉ संजय सिंह, पूर्व प्राविधिक शिक्षा मंत्री अमीता सिंह के साथ स्वागत किया। कलश यात्रा में निकले श्रद्धालुओं का महेश सोनी, मगन लाल कौशल, अतुल कुमार कसौधन , शिव श्याम गारमेंट्स, उत्सव भलोठिया के साथ जगह जगह सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में रहे लोगों का स्वागत करने के साथ जलपान कराया। कलश यात्रा में भाजपा नेता काशी प्रसाद तिवारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, विधायक राकेश प्रताप सिंह,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, जिला प्रचारक पवन कुमार, सुभाष शुक्ल,सतीश शुक्ल, राकेश सिंह, कैलाश नारायण तिवारी, प्रखर सक्सेना के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कलश यात्रा में भारत माता की झांकी से लेकर नशा मुक्ति समेत अनेकों झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। डॉ प्रवीण सिंह दीपक ने बताया कि यज्ञ स्थल पर शांतिकुंज की टोली समेत बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हो गया है। आज बुधवार से यज्ञ,हवन पूजन समेत अनेकों विकासात्मक गोष्ठियां सम्पन्न होंगी।




## भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ

**अमेठी।** सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के एआरओ कर्नल एसके मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया 12 मार्च से प्रारम्भ हो गया है और 10 अप्रैल 25 तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है तथा पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जेआईए में अकाउण्ट बनाए ,मौजूदा आईडी से लॉग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निदेर्शानुसार 30 दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जेआईए पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सीईई के लिए रु. 250 प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को ऑनलाइन सीईई का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सी0ई0ई0 देते हुए मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। इस क्रम में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी ( साइज 5 से 20 केबी ), हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी ( साइज 5 से 10 केबी ), वर्तमान ईमेल आईडी ( जो चल रही हो ) को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। उपरोक्त सेना में भर्ती बिल्कुल पारदर्शी एवं निशुल्क है व पूर्णतया कंप्यूटर सृजित होने से कोई भी मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है एवं कोई भी शारीरिक, लिखित या चिकित्सा परीक्षा में किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर सकता, खुद की काबिलियत से ही पास हो सकते हैं तथा सिर्फ भर्ती कार्यालय ही आपको सेना में शामिल होने से संबंधित कागजात प्रदान करेगा अन्यथा अगर कोई और प्रदान करता है तो वह कागजात जाली होंगे किसी भी बिचौलिया या दलाल को कोई पैसा न दें।

संक्षेप

## महिला की गोली लगनेसे मौत

**आगरा।** थाना शमसाबाद के बडोवरा कलां गांव में आज पूर्वाह्न में एक महिला की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। गांव के लोग मृतका को मानसिक रोगी बताते हुए इसे आत्महत्या बता रहे हैं। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। यह घटना पूर्वाह्न 11 बजे बाद हुई। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार यहां के एक परिवार में एक महिला ने तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गांववासियों के अनुसार मृतका के परिवार में क्लेश जैसी कोई बात नहीं थी। उसका 15 साल का एक बेटा भी है। परिवार में सभी हंसी-खुशी रह रहे थे। मृतका मानसिक रोगी थी और पिछले दस साल से उसका इलाज भी चल रहा था। गांव वालों के अनुसार महिला ने इससे पहले एक बार फांसी लगाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसे बचा लिया गया था। आज उसने खुद को गोली मार ली। सवाल यह है कि घर में तमंचा कहां से आया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट के अलावा फोरेंसिक टीम भी बुला ली थी। मृतका रचना पत्नी विश्वनाथ प्रताप उर्फ बीपी (38) थी। पुलिस के अनुसार मौके पर जाकर देखा गया तो महिला गोली लगने के कारण मृत अवस्था में पड़ी थी।

## नूरबानो कोटा-बूंदी के बीच ट्रेन से गिरी, मृत

**आगरा।** रतलाम (मप्र) के पास स्थित हुसैन टीकरी से जियारत कर लौट रही आगरा के यमुनापार नगला देवजीत निवासी महिला की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पर आते ही कोहराम मच गया। यमुनापर स्थित नगला देवजीत निवासी हसमुद्दीन अपनी 45 वर्षीय पत्नी नूरबानो और अन्य परिचितों के साथ जियारत को गए थे। रतलाम के पास हुसैन टीकरी की जियारत कर वह सभी के साथ रतलाम से आगरा ट्रेन से आ रहे थे। रास्ते में कोटा-बूंदी के बीच नूरबानो किसी कार्य से ट्रेन के गेट की तरफ गई थी। ट्रेन तेज रफ़्तार से दौड़ रही थी। इसी बीच नूरबानो ट्रेन की स्पीड तेज होने के कारण अपना बैलेंस नहीं बना पाई और वह चलती ट्रेन से नीचे पुलिया में गिर गई। नूरबानो के नीचे गिरते ही लोगों ने ट्रेन रुकवाने के लिए जंजीर खींची। स्पीड तेज होने कारण ट्रेन 2.5 किमी आगे जाकर रुकी। मौके पर आरपीएफ भी पहुंच गई। आरपीएफ व ग्रामीणों ने मिलकर नूरबानो को बाहर निकाला और पास ही स्थित अस्पताल में ले गए। चिकित्सकों ने नूरबानो का परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## चोरी की योजना बनाते बाल अपचारी सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस ने एक अभियुक्त व एक बाल अपचारी को चोरी की योजना बनाते हुए व चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त निरंजन उर्फ टीटी पुत्र सियाराम निवासी बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद व एक बाल अपचारी को भगवान सिंह सुशीला देवी इण्टर कॉलेज के पास बनी दुकानो के पीछे थाना क्षेत्रान्तर्गत नारखी से चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर उपरोक्त अभियुक्त व बाल अपचारी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# दरोगा के निलंबन की मांग को लेकर वकीलों का उग्र प्रदर्शन

## डीएम कार्यालय पर नारेबाजी, पुलिस लाइन में लगा जाम



**मथुरा।** पिछले दिनों कृष्णानगर चैकी प्रभारी द्वारा अधिवक्ता से की गई मारपीट का मामला बढ़ता ही जा रहा है। आक्रोशित वकीलों ने आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद पुलिस लाइन पर जाम लगा दिया। इस दौरान आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिस को भी नहीं बक्शा दौड़ा-दौड़ाकर पुलिस कर्मियों के पीटे जाने से घटना की अफरातफरी मच गई। कई थानों की पुलिस बुलाकर स्थिति पर काबू पाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के चैतरफा जाम की स्थिति रही। टैंक चैराहे से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाला मार्ग पुलिस द्वारा कई घंटे के लिए बंद कर दिया। जिससे वादकारियों को जहां कलेक्ट्रेट तक पैदल जाना पड़ा वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी कालोनियों से आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

विदित रहे कि 14 मार्च को दुलहड़ी के दिन सड़क दुर्घटना को लेकर हुई कहासुनी में कृष्णानगर चैकी प्रभारी विक्रांत तोमर द्वारा इसी क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता अमर जीत सिंह के साथ मारपीट और अभद्रता की गई थी। जिससे लेकर वकीलों द्वारा लगातार चैकी प्रभारी के निलंबन की मांग की जा रही है। अधिवक्ताओं ने आज एसएसपी कार्यालय का घेराव कर दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन एसएसपी द्वारा इस मामले में अब तक तक कोईकार्रवाई न किए जाने से वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। आज दोपहर बड़ी संख्या में पुलिस विरोधी नारेबाजी करते हुए वकील जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और तुरंत दरोगा के निलंबन और उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज जाने की मांग की। यहां भी जब वकीलों को कोई शांतिपूर्ण जवाब नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस लाइन के सामने जाम लगा दिया और यहां तैनात पुलिस कर्मियों को दौड़ा लिया। बताते हैं हैं कि इस दौरान वकीलों द्वारा कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की गई। जिसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

- वादकारियों को कठिनाइयों का करना पड़ा सामना

## मथुरा को हीट वेब प्रबंधन में मिला चतुर्थ स्थान

**मथुरा।** उप राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 17 एवं 18 मार्च को हीट वेव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन लखनऊ स्थित जल एवं भूमि संस्थान में किया गया जिसमें हीट वेव न्यूनीकरण के लिए किए जाने वाले कार्यों और उपायों पर चर्चा की गई। उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गत वर्ष 2024 में सभी 75 जनपदों के द्वारा किये गए कार्यों और हीट वेव प्रबंधन योजना का मूल्यांकन भी किया। इस मूल्यांकन में जनपद मथुरा की ओर से आपदा विशेषज्ञ, सुशील कुमार ने जनपद मथुरा में गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में हीट वेव से निपटने के लिए किए गए न्यूनीकरण प्रयासों का प्रस्तुतिकरण भी किया। प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि जनपद में गत वर्षों की तुलना में उत्तरोत्तर गर्मी की तीव्रता बढ़ती ही जा रही है। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नवाचारों, जागरुकता एवं प्रशिक्षण माध्यमों को अपनाया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जीरो टॉलरेन्स, अवोइडेवल डेथ नीति पर लगातार कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी जनपद इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ता के साथ कार्य करेगा।

इसी क्रम में जनपद में वर्ष 2024 में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीट वेव कार्ययोजना-2024 तैयार की गई एवं इसी कार्ययोजना को जिले में हीटवेव के दौरान लागू किया था। 2024 में उप्र के सभी 75 जनपदों ने हीट वेव कार्ययोजना-2024 तैयार की। उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञों एवं यूनिसेफ द्वारा इन सभी योजनाओं का मूल्यांकन कर 5 सर्वश्रेष्ठ जिलों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष योगेंद्र ढिमरी ने सम्मानित किया जिसमें जनपद मथुरा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

### सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**मथुरा।** सीडीओ मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजेया चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित लखनऊ से आए आधार कार्ड प्रतिनिधियों के साथ चार्ज फॉर आधार सर्विस के संबंध में समीक्षा बैठक की। आधार कार्ड प्रत्येक भारतीय निवासी को सार्वभौमिक पहचान करता है। वर्तमान में आम जनमानस को आधार कार्ड की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आधार कार्ड का उपयोग वर्तमान में शासकीय योजनाओं में किया जा रहा है। सभी आयु के आवेदक अपने नजदीकी आधार सेवा केन्द्रों पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही पूर्ण कर सकता है।

## भाजपा की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित



**फिरोजाबाद।** भाजपा जिले के खैरगढ़ व नौशेरा मंडल की आगामी कार्ययोजना प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात, भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम के निमित्त एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें बतौर अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। बैठक में नवनिर्वाचित खैरगढ़ मंडल अध्यक्ष अतुल शुक्ला एवं नौशेरा मंडल अध्यक्ष मंजेश शर्मा का भव्य स्वागत किया गया व स्वागतोपरांत संगठन के महत्वपूर्ण विषयों पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि 23 मार्च 2025 माह के अंतिम रविवार प्रातः 11 बजे मंडल के सभी बूथों व शक्ति केंद्रों के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक व मंडल के सभी मोर्चे व कार्यकारिणी के पदाधिकारी मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम अपने-अपने बूथ पर रहकर सुनेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति 6 अप्रैल को भाजपार्टी के स्थापना दिवस को प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता पूरी योजना बनाकर पर्व के रूप में मनाएंगे। बैठक में पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, खैरगढ़ मंडल से जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान, मंडल महामंत्री कुलदीप चौहान, विष्णु चौहान, सुरजीत राजावत, संदीप राजावत, इंद्रदीप तोमर, अंकुश चौहान, अभिषेक बघेल, सुनील चौहान, रामू ठाकुर, पवन ठाकुर, आनंदपाल सिंह तोमर, केके शर्मा, कुलदीप तिवारी ओ पी राजपूत एवं नौशेरा मंडल से पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज राजपूत, आकाश कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, शीलू सविता, विक्की, विकास वार्ष्णेय रवि बघेल, गोपाल सिंह आर्य अनुज राकेश शिवम, देवेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## मामूली बात पर बुजुर्ग की जान ले ली, छह को घायल कर दिया

**फतेहाबाद।** डौकी थाना क्षेत्र के गेहनू गांव में एक मामूली सी घटना के बाद जिस तरह से एक वृद्ध की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई, उससे यह पता चलता है कि लोगों में सहनशीलता किस कदर खत्म हो चुकी है। एक एक्सीडेंट में टेम्पो की खिड़की क्षतिग्रस्त होने के छोटे से नुकसान से कुछ लोग इतने बौरा गए कि एक की जान ले ली और कई को अस्पताल पहुंचा दिया। अब ये अभियुक्त टेम्पो को पहुंची क्षति से कहीं ज्यादा बड़ी कीमत अपने किए की चुकाएंगे। बीते कल की घटना है, जब डौकी थाना क्षेत्र के ग्राम गेहनू निवासी महेंद्र, करुआ पुत्रगढ़ गज सिंह अपने भांजे अंकित के साथ बाइक पर सवार होकर आगरा जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही हरिओम के टेंपो से इनकी बाइक टकरा गई। हरिओम ने अंकित को इसलिए पीटा क्योंकि टेम्पो की खिड़की को नुकसान पहुंचा था। दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ही पक्षों की ओर से थाना डौकी में तहरीर दे दी गई। बाद में समझौता भी हो गया। शाम को दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। आरोप है कि हरिओम पक्ष के लोगों ने महेंद्र पक्ष पर हमला बोला। महेंद्र पक्ष ने भी जवाबी हमला किया। दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। इस संघर्ष में गज सिंह पुत्र कीर्ति राम को गंभीर चोटें आईं। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। संघर्ष में छह अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो हमलावर भाग गए। गांव में अभी भी तनाव है, इसलिए पुलिस तैनात कर दी गई है। बात इतनी सी थी कि बाइक से टकराने के बाद टेम्पो की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई थी। सहनशीलता होती तो छोटे से नुकसान का मामला आपसी सहमति से निपट सकता था, लेकिन एक पक्ष इतना उग्र हो गया कि एक व्यक्ति की जान ले ली और छह लोग घायल हो गए।

## अक्षय यादव ने कालिया मर्दन नाग मंदिर में लगायी आस्था की हाजिरी

**मथुरा, जैत।** बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड परिसर में स्थित कालिया मर्दन नाग मंदिर में आस्था की हाजिरी लगाने फिरोजाबाद के सांसद अपनी बेटी के साथ पर्यटन गांव जैत में आए और अपनी बेटी के साथ कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर जय कुंड की परिक्रमा का मनोरथ पूर्ण किया। लोकसभा सांसद अक्षय यादव अपनी बेटी द्रीती के साथ वृंदावन बांके बिहारी जी के दर्शन करने आए। बिहारी जी दर्शन के साथ साथ उन्होंने ठाकुर जी की प्राचीन लीलास्थली ब्रह्मवन, रामताल आदि के दर्शनों के बाद पर्यटन ग्राम जैत में आए और कालिया मर्दन भगवान की पूजा अर्चना करके जय कुंड की परिक्रमा लगाई। जयकुण्ड की हरियाली और नैसर्गिक सौंदर्य को देखकर लोकसभा सांसद अक्षय यादव का हृदय गदगद हो गया और उन्होंने कहा कि यह बहुत ही रमणीक स्थल है। सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द यादव ने बताया कि सांसद अक्षय यादव अपनी बेटी संग बिहारी दर्शन के साथ साथ मथुरा वृंदावन में स्थित ठाकुर जी की अन्य लीला स्थलों के भी दर्शन किए।

## जिपं अध्यक्ष ने की गौशाला की सफाई, गौ सेवा

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने गौ सेवा भाव से गौशाला में पल रही गायों की सेवा की एवं अपने हाथों से पूरे गौशाला परिसर की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। गऊ माता में 33 करोड़ देवता विराजमान रहते हैं उन्हीं कामधेनु की सेवा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी प्रतिदिन करते हैं। जिपंअ आज सुबह अपने आवास से सीधे गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में पल रही गायों को स्नेह-प्रेम-दुलार किया तथा गौशाला की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता मानव जीवन के लिए जरूरी है वहीं गौशाला में साफ सफाई रहने से गौवंश बीमार नहीं पड़ते है। हमारे हिन्दू संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हिन्दुस्तान में गौ को माता का रूप दिया गया है। गौ माता के साथ सनातन काल से आस्था भी जुड़ी हुई है। हमें गौ माता की रक्षा व सुरक्षा संतान की तरह करनी चाहिए। गौ माता इस धरती में सबसे पावन पशु है उसमें देवताओं का वास है। भगवान की कृपा पाने हमें सच्चे मन से गौ सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

# 151 विभूतियां विप्र गौरव से सम्मानित




**मथुरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का भव्य होली मिलन समारोह पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्थानीय बाड़ा बिहारीदास मुरलीधर हाईस्कूल, जनरल गंज, मथुरा में सम्पन्न हुआ जिसमें कि भारी संख्या में ब्राह्मण पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया तथा आपस में एक दूसरे के ऊपर पुष्प वर्षा कर अपने को धन्य और गौरवान्वित अनुभव किया। आज के मिलन समारोह में सर्वप्रथम भगवान परशुराम एवं स्व. पं. कीर्तिपाल शर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जगदीश कौशिक एडवोकेट, राष्ट्रीय सचिव पन्नालाल गौतम, जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार रावत, यामिनी रमण आचार्य आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव जगदीश कौशिक एडवोकेट एवं राष्ट्रीय सचिव पन्नालाल गौतम ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि विप्रों के बिना सनातन धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती। वह विप्र समाज ही है जो सबको साथ लेकर चलता है तथा राष्ट्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर समाज का मार्ग दर्शन करता है। कार्यक्रम में समाज सेवा में संलग्न विप्र गौरव, विशिष्ट 151 विप्रों को प्रतीक चिह्न शॉल दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से सम्मानित व्यक्तियों में राजकुमार रावत पूर्व विधायक गोकुल एवं गोवर्धन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाज सेवी यामिनी रमण आचार्य, पूर्व चेयरमैन राया, राकेश शर्मा राष्ट्रीय महासचिव जगदीश कौशिक एड., राष्ट्रीय सचिव पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम, डा. सुरेन्द्र शर्मा एडवोकेट, ओ.पी. उपाध्याय एडवोकेट, डी.एस. दीक्षित, जितेन्द्र कुमार मिश्र प्रधानाचार्य, नरेश शर्मा पूर्व प्रबन्धक स्टेट बैंक, आचार्य अशोक कुमार जोशी, एवं शैलेश दुबे एडवोकेट, कुशलपाल शर्मा, श्रीमती रेखा एवं सरोज शर्मा प्रधानाचार्य एवं श्रीमती प्रियंका शर्मा, प्रधानाध्यापिका, मोहन कुमार गर्ग, कल्याणं करोति, पुष्पेन्द्र शर्मा, कवि विनीत गौतम एवं राम कुमार उपाध्याय, सत्यभान शर्मा, डा. लावण्य कौशिक प्राध्यापक, विधि विभाग बी.एस.ए. कालेज, प्रदीप शर्मा अध्यक्ष एवं शिव कुमार लवानियाँ, सचिव बार एसोसिएशन, रमा शंकर शर्मा चाँदी वाले, देवेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष, राकेश लवानियाँ प्रधानाचार्य एवं कौशल किशोर तिवारी प्रधानाचार्य, के.के. गौतम, धर्मदत्त गौतम, विशाल पाराशर, गौरव शर्मा, अजय कुमार शर्मा, शिवम शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, अशोक भारद्वाज, विशाल पचैरी, आलोक शर्मा, जितेन्द्र उपाध्याय, डी.पी. शुक्ला, के.के. दीक्षित, एस.एन. शर्मा, पारस शर्मा, शिरोमणि शर्मा अरविन्द शर्मा, नरेश मिश्र आदि के नाम प्रमुख हैं।

## साइबर पुलिस ने छात्रों को जागरूक किया



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उप्र पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को साइबर थाना जनपद फिरोजाबाद ने नारायण डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों व सीएल जैन डिग्री कॉलेज के छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और साइबर सतर्कता के महत्व के संबंध में जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नारायण डिग्री कॉलेज व सीएल जैन डिग्री कॉलेज के 40 छात्रों ने भाग लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रासेयो निदेशालय लखनऊ एवं उप्र पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से द्वितीय चरण का आयोजन साइबर थाना जनपद फिरोजाबाद में किया गया इस अवसर पर साइबर थाना फिरोजाबाद के आरक्षी हेमेंद्र प्रताप ने उपस्थित छात्रों को साइबर अपराध के प्रकार उनके होने के तरीकों तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और साइबर सतर्कता के महत्व पर भी जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी सदर चंचल त्यागी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान नारायण डिग्री कॉलेज की प्रो. सुरभि पटेल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्रों को पुलिस विभाग की कार्यशैली को समझने, समाज में सुरक्षा व्यवस्था की भूमिका को जानने और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त निरीक्षक अपराध, साइबर थाना ने आपातकालीन सेवाओं जैसे 112, 1090, 1930 की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, वरिष्ठ उप निरीक्षक साइबर थाना ने बताया यह प्रशिक्षण युवाओं को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।

# दबिश के दौरान बवाल, पुलिस टीम से मारपीट

**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के अरदाया गांव में घर के मुखिया की तहरीर के बाद उसके अपने ही गंभीर मुसीबत में फंस गए हैं। सभी के खिलाफ पुलिस से मारपीट का मुकदमा दर्ज हो गया है। घर के मुखिया की तहरीर की जांच करने पहुंचे अछनेरा थाने के तीन प्रशिक्षु दरोगाओं के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट कर दी गई। इधर वादी के बेटों ने पुलिस पर घर में कूदकर महिलाओं समेत घर के सभी लोगों से मारपीट और लूटपाट का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने इस पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट नहीं लिखी है। अरदाया गांव में हुए इस बवाल में एक दरोगा की वर्दी भी फट गई। इस मामले में 6 नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दूसरा पक्ष अछनेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर पुलिस कमिश्नर की शरण में पहुंचा है। इस घटनाक्रम में एक पक्ष घर का मुखिया राजवीर सिंह है तो दूसरी ओर राजवीर की पत्नी के अलावा उसके चार बेटे, बहुएं हैं। इस मामले में एक मुकदमा थाना अछनेरा के प्रशिक्षु उप निरीक्षक गौरव कुमार ने दर्ज कराया है। दरोगा गौरव कुमार प्रशिक्षु प्रखर कुमार और पवन कुमार के साथ अरदाया गांव में राजवीर सिंह द्वारा थाने में अपने ही परिवार के खिलाफ दी गई तहरीर की जांच करने पहुंचे थे। तीन दरोगा गांव के निवासी हाकिम पुत्र राजवीर सिंह के घर पहुंचे और कुंडी खटखटाई। घर से हाकिम, वकील, कारे उर्फ योगेंद्र, गोरे उर्फ ओमवीर सभी पुत्रगण राजवीर सिंह बाहर आए। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार घर से बाहर निकलते ही इन सभी लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ गालीगलौज करते हुए अभद्रता और हाथापाई शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी लोग धक्का-मुक्की करने लगे। वकील की पत्नी और राजवीर की पत्नी ने भी तीनों दरोगाओं के खिलाफ छीना-झपटी और मारपीट की। इसी दौरान आसपास के तीन-चार अज्ञात लोग और आ गए। इन लोगों ने सभी हमलावरों को मौके से भगा दिया। मारपीट और खींचतान में दरोगा गौरव कुमार की वर्दी फट गई। पुलिस वालों का यह केस सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट में दर्ज हुआ है। अरदाया के इस मामले में राजवीर सिंह के पुत्र वकील ने पुलिस कमिश्नर को एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि वह आईटीबीपी में कार्यरत है। स्किन प्राब्लम का इलाज कराने अपने गांव आया हुआ है। वकील के अनुसार वह चार भाई हैं। तीन शादीशुदा हैं। उसके पिता राजवीर सिंह पिछले कई वर्षों से बेवजह मां के साथ मारपीट करते आ रहे हैं, जिसका हम चारों भाई विरोध करते हैं। इसी बात से नाराज होकर उसके पिता ने थाना अछनेरा में हम सभी परिवारीजनों के खिलाफ तहरीर दे दी। वकील के अनुसार विगत दिवस अछनेरा थाने से दरोगा गौरव कुमार, प्रखर सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश यादव व अन्य पुलिसकर्मी उनके पिता की तहरीर की जांच के नाम पर गांव पहुंचे और सीढ़ियों से चढ़कर घर के अंदर कूद गये। घर में सो रहे भाई हाकिम के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसकी चीख पुकार पर तीनों भाइयों की पत्नियां आईं तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। उनकी साड़ियां खींच दीं और छेड़छाड़ की। घर में अवैध हथियार होने का आरोप लगाते हुए अलमारी और संदूकों के ताले तोड़ दिए तथा सोने की चेन, तीन अंगूठियां और पेंडल, चांदी की करधनी व तीस हजार रुपये निकाल ले गए। वकील का कहना है कि पुलिसकर्मियों की मारपीट से उसकी पत्नी और भाई योगेंद्र की पत्नी को चोटें आईं। दोनों की पत्नियां गर्भवती हैं। पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में वकील ने कहा कि वह घटना के समय अपने चाचा नेम सिंह के साथ आगरा आया हुआ था। सूचना पर गांव पहुंचा। उसके चाचा व अन्य लोग केस दर्ज कराने अछनेरा थाने पहुंचे तो इंसपेक्टर ने वहां से भगा दिया।

- पुलिस का आरोप-मारपीट की गई, वर्दी फाड़ डाली, मुकदमा दर्ज हुआ, दूसरे पक्ष ने कहा- पुलिस ने घर में कूदकर हर किसी को पीटा, गहने ले गये

## मैक्स में भैंस चोरी कर ले जाते 5 चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना फरिहा पुलिस ने चोरी की मैक्स गाडी में चोरी की हुई दो भैंस ले जा रहे 5 शातिर चोर गिरफ्तार किए हैं। मंगलवार को थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा ग्राम नगला रंजीत से मैक्स पिकअप यूपी 83 टी 4659 में ले लाई जा रही चोरी के दो भैंसों सहित 05 शातिर अभियुक्तों भेंदू उर्फ उलकाम पुत्र रहीशबक्श बंजारा उर्फ सन्तरा निवासी बडाहार घिरोर जनपद मैनपुरी, इरफान पुत्र फिरोज निवासी नदरई थाना जनपद कासगंज, ईमरान पुत्र रहीश निवासी नदरई थाना जनपद कासगंज, रिजवान पुत्र मोहसीन निवासी नदरई थाना जनपद कासगंज, पतंगा उर्फ कुल्हड पुत्र अहमद निवासी नदरई थाना जनपद कासंगज को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे एक चोरी की मैक्स पिकअप यूपी 83 टी 4659 मे दो चोरी की भैंस बरामद की गई। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना फरिहा पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 को कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**टूंडला।** युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी 21मार्च शुक्रवार को टूंडला के एटा रोड़ तहसील के सामने स्थित अवध गार्डन में कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद अमर सिंह पचहरे ने दी। उन्होंने बताया युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के टूंडला आगमन पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनके द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के जाजपुर, बसई, मोहम्मदपुर अलावलपुर परतापुर कोटकी आदि गाँवो में जाकर जनसंपर्क किया गया इस दौरान आचार्य राजबर सिंह कुवर सुधीर सिंह, जितेन्द्र पोनिया, सचिन उपाध्याय डा० मुन्नेश राजोरिया आदि लोग साथ रहे।

## अधिकारी आवास सत्यापन ससमय करें पूरा

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने आवासीय योजना के दूसरे फेस की सर्वे प्रक्रिया के तहत चल रहें सर्वेक्षण कार्य की पारदर्शिता व समीक्षा के लिए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों को नामित किया है, जो गांव-गांव जाकर चैपाल के माध्यम से हकीकत परखेंगे जिससे वंचित पात्रो को लाभांवित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 का डाटा की पुष्टि एवं वेरिफिकेशन के लिए जनपद स्तर से प्रत्येक विकासखंड में जनपद स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गयी है, जिनमें परियोजना निदेशक डीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे विकासखंड मदनपुर, जिला विकास अधिकारी प्रेमचंद राम, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सरिता राय टूण्डला, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह को शिकोहाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम व उपायुक्त श्रम रोजगार सुभाष चंद्र को एका, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार व जिला उद्यान अधिकारी संजीव वर्मा को अरांव, उप निदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह व जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नंदन तिवारी को नारखी, सहायक श्रम आयुक्त यशवंत सिंह व जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार को फिरोजाबाद, सहायक अभियंता लघु सिंचाई बलबीर सिंह व जिला कृषि अधिकारी सुमित चैहान को हाथवंत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्वजीत सिंह व भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेंद्र कुमार को विकासखंड जसराना नामित अधिकारी रहेंगे। उन्होंने निर्देशित किया है कि उपरोक्त नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के सर्वे डाटा की सूची सत्यापन एवं वेरिफिकेशन कार्य अनिवार्य रूप से निर्धारित अवधि 31 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

# संस्कृति विवि के छात्रों को आईसीटी, इंफोसिस ने किया प्रशिक्षित

**मथुरा।** संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी स्कूल के तत्वाधान में आईसीटी अकादमी, इंफोसिस द्वारा दिए जा रहे 15 दिवसीय पायथन प्रोग्रामिक प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने साफ्ट स्किल और तकनीकी के क्षेत्र में उन्नत ज्ञान और कौशल हासिल किया। प्रशिक्षण प्रोग्राम द्वारा 65 विद्यार्थियों को बुनियादी से लेकर उन्नत अवधारणाओं तक आवश्यक पायथन प्रोग्रामिंग कौशल से लैस किया गया।



आईसीटी अकादमी ने इंफोसिस के सहयोग से संस्कृति विवि में संचालित 15 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन दिन का सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण और 12 दिन का तकनीकी पायथन प्रशिक्षण शामिल था। इसमें प्रतिभागियों को पेशेवर विकास और तकनीकी विशेषज्ञता दोनों के लिए प्रशिक्षण का एक व्यापक सेट प्रदान किया गया। सॉफ्ट स्किल के लिए सुश्री झंकार गुप्ता और पायथन प्रोग्रामिंग के लिए उत्पल कर के मार्गदर्शन में, प्रतिभागियों ने अपने संचार, नेतृत्व, समय प्रबंधन और समस्या-समाधान क्षमताओं को निखारा, साथ ही साथ पायथन प्रोग्रामिंग में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में डेटा संरचना, ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग, फाइल हैंडलिंग, वेब डेवलपमेंट और डेटा विश्लेषण जैसी आवश्यक पायथन कंसेप्ट शामिल थीं। पाठ्यक्रम के अंत तक, प्रतिभागियों को आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक पारस्परिक कौशल और तकनीकी ज्ञान दोनों से लैस किया गया। तीन दिनों के साफ्ट स्किल प्रशिक्षण के दौरान, सुश्री झंकार गुप्ता के आकर्षक और संवादात्मक सत्रों ने प्रतिभागियों को उनके पेशेवर रवैये, टीम वर्क क्षमताओं और प्रस्तुति कौशल को बेहतर बनाने में मदद की, जो सभी कॉर्पोरेट वातावरण में महत्वपूर्ण हैं। पायथन प्रोग्रामिंग पर केंद्रित कार्यक्रम के दूसरे खंड का नेतृत्व विशेषज्ञ तकनीकी प्रशिक्षक उत्पल कर ने किया। 12 दिनों की अवधि में, उन्होंने डेटा संरचनाओं, एल्गोरिदम, फंक्शन और ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग सहित पायथन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। इस व्यापक 15-दिवसीय कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को तकनीकी कौशल और सॉफ्ट स्किल दोनों से लैस किया है, जिससे वे अपनी पेशेवर यात्रा के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सके। प्रशिक्षण का समन्वय संस्कृति स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड इंफार्मेशन टेक्नोलाजी की डॉ. गरिमा गोस्वामी और सुश्री रोमी तिवारी ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित किया और प्रतिभागियों की रसद संबंधी जरूरतों को पूरा किया। सीएसई विभाग के डीन डॉ. एस. वैराचिलाई के नेतृत्व ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने पूरे प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की।

## कातिकी प्रकरण को लेकर डीएम एसएसपी ने क्षत्रिय समाज के साथ की बैठक

**टूंडला।** कतिकी प्रकरण को लेकर क्षत्रीय समाज संगठनों द्वारा 20 मार्च गुरुवार को रजाबली चौराहा पर क्षत्रिय केसरिया महापंचायत बुलाए जाने के ऐलान के बाद मंगलवार को डीएम एसएसपी ने तहसील टूंडला सभागार में क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ बैठक की जिसमे डीएम एसएसपी द्वारा क्षत्रीय समाज के लोगों द्वारा रखी गई मांगो को मानने का आश्वासन दिया और महापंचायत को स्थगित करने को कहा है। बता दें थाना रजावली क्षेत्र अंतर्गत गांव कातिकी में कुछदिन पूर्व ग्राम प्रधान ने सिचाई विभाग की जमीन पर द्वार बनाकर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति रखवाई गई थी, दूसरे दिन मूर्ति के गायब हो जाने पर भीड़ इक्कठा होने पर जिला प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने जांच कर पाया कि प्रधान ने बिना परमिशन सिचाई विभाग की जमीन पर द्वार बनवाकर उसके ऊपर छोटी मूर्ति रखवाई थी, जिस पर बिना परमिशन मूर्ति रखवाने पर और सिचाई विभाग से जमीन की अनुमति न लिए जाने पर सिचाई की तहरीर पर प्रधान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश प्रशासन ने दिए थे वहीं प्रधान ने क्षत्रीय समाज के लोगों पर मुकदमा लिखवाया गया उक्त प्रकरण को लेकर क्षत्रीय समाज ने 29मार्च को महापंचायत बुलाने का ऐलान किया जिस पर मंगलवार को डीएम एसएसपी ने क्षत्रिय समाज के साथ तहसील सभागार में बैठक की।

संक्षेप

## आरबीआई, बैंक ऑफ मॉरीशस ने स्थानीय मुद्राओं में आपसी लेनदेन के लिए समझौता किया

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंक ऑफ मॉरीशस (बीओएम) ने सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और मॉरीशस रुपये (एमयूआर) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा और बीओएम गवर्नर राम कृष्ण सिथानन ने हस्ताक्षर किए। बयान में कहा गया, एमओयू दस्तावेजों का आदान-प्रदान 12 मार्च, 2025 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में किया गया। आरबीआई ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार में आईएनआर और एमयूआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। एमओयू में दोनों देशों द्वारा सहमत सभी चालू खाता लेनदेन और अनुमत पूंजी खाता लेनदेन शामिल हैं। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्राओं में चालान बनाने और भुगतान करने में सक्षम बनाएगी। स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय, दोनों की बचत होगी।

## इंडस टावर्स ने महाकुंभ में अपनी भूमिका निभायी

बंगलुरू। इंडस टावर्स ने महाकुंभ 2025 में डिजिटल कनेक्टिविटी को निर्बाध और सशक्त बनाकर सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभाई। अपने असाधारण कार्यान्वयन के लिए राज्य और स्थानीय प्राधिकारियों से सराहना प्राप्त, इंडस टावर्स ने महाकुंभ 2025 को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने और समाज के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाकुंभ 2025 के समापन तक 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने के साथ, इंडस टावर्स के मजबूत टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर ने निर्बाध डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे यह संभव हुआ।

## वैश्विक विस्तार को मिलेगी नयी उड़ान

नई दिल्ली। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अमेरिका की वेन स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता (एमओयू) किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य संयुक्त शोध और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक शिक्षा सहयोग को बढ़ाना है। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और छात्रों व शिक्षकों के लिए नई शैक्षणिक संभावनाएँ खोलने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी और वेन स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों के बीच इस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध सहयोग की साझा सोच को मजबूत करता है। संयुक्त शोध परियोजनाओं और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से, छात्र अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कौशल और ज्ञान प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें वैश्विक करियर के अवसर मिलेंगे। इस यात्रा ने हमारे संकाय और छात्रों के शोध क्षमता और बौद्धिक विकास को और समृद्ध किया है। चर्चा के दौरान वेन स्टेट यूनिवर्सिटी की विभिन्न शोध क्षेत्रों में विशेषज्ञता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिससे कई विषयों में एक मजबूत शोध साझेदारी का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## खाद्य तेल के सही उपयोग से रहेंगे सेहतमंद



बंगलुरू। आजकल अधिक से अधिक लोग और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके सावधानी से खपत के महत्व को पहचान रहे हैं जिससे खाद्य तेल के कम उपयोग के बारे में चर्चा बढ़ रही है। इसमें तेल के उपयोग को पूरी तरह से खत्म करने की जगह चुनिंदा विकल्प को चुनने पर ध्यान है- सही तेल का चुनाव करते हुए इसका कम मात्रा में उपयोग करना। मारिको की मुख्य अनुसंधान एवं विकास अधिकारी डॉ. शिल्पा वोरा इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताती हैं कि खाद्य तेल का सोच-समझकर उपयोग और संतुलित पोषण लंबे समय तक स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करता है। उत्पाद में सुधारों के अलावा, ब्रांड दैनिक जीवन में छोटे किन्तु प्रभावशाली बदलावों को प्रोत्साहित करता है, जिससे सही पोषण और फिटनेस की आदतों का हमारे दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# सेंसेक्स में 1131 अंकों की उछाल



मुंबई। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच मंगलवार को चौतरफा लिवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में जबर्दस्त उछाल देखा गया। सेंसेक्स ने l,131 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 75,000 अंक का स्तर हासिल कर लिया, जबकि निफ्टी 22,800 अंक के ऊपर पहुंच गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कम कीमतों और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स l,131.31 अंक यानी 1.53 प्रतिशत उछलकर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह l,215.81 अंक बढ़कर 75,385.76 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत बढ़कर 22,834.30 अंक पर पहुंच गया। यह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी पांच दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक बाजारों में मजबूती ने स्थानीय निवेशकों का भरोसा बढ़ाया जिससे तमाम क्षेत्रों में मूल्यपरक खरीदारी देखने को मिली। पिछले कुछ सप्ताह की गिरावट के कारण कई शेयर मूल्यांकन के लिहाज से खासे आकर्षक हो गए थे। हालांकि, तापसे ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों और घरेलू वृद्धि के नरम पड़ने की आशंकाओं के चलते इस तेजी को कायम रख पाना मुश्किल होगा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। अनुकूल वैश्विक रुझानों और बेहतर घरेलू परिस्थितियों के कारण मानक सूचकांकों में खासी तेजी देखी गई। अमेरिका और चीन से आए खुदरा बिक्री के बेहतर आंकड़ों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप सूचकांक ने 2.10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। बीएसई के 2,815 शेयरों में बढ़त रही जबकि l,221 शेयरों में गिरावट रही और 123 अन्य अपरिवर्तित रहे। बीएसई के सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त हासिल करने में सफल रहे। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.95 प्रतिशत की तेजी रही जबकि औद्योगिक खंड में 2.79 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.44 प्रतिशत और वाहन खंड में 2.42 प्रतिशत की बढ़त रही।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर पर



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और 26 पैसे की बढ़त के साथ 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। इसके अलावा एशियाई मुद्राओं की मजबूती ने भी रुपये को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला और फिर इसने 86.54 के उच्चस्तर और 86.78 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 86.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 24 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी 86.81 प्रति डॉलर पर और बृहस्पतिवार को 17 पैसे चढ़कर 87.05 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में आज लगातार तीसरे सत्र में तेजी देखी गई। तीनों सत्र में यह कुल 67 पैसे मजबूत हुआ है। होली के अवसर पर शुक्रवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.32 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.31 प्रतिशत चढ़कर 72 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,488.45 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन से चीन को सात अरब डॉलर का हुआ नुकसान

कोलंबो। श्रीलंका के बाह्य ऋण पुनर्गठन से चीन को सात अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। मंगलवार को मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई।

सरकारी समाचार पत्र डेली न्यूज ने कोलंबो में चीन के राजदूत क्यूई झेनहोंग के हवाले से खबर में कहा कि चीन अक्टूबर 2023 में पुनर्गठन समझौता करने वाला श्रीलंका का पहला द्विपक्षीय ऋणदाता था। झेनहोंग ने कहा कि हालांकि, जनता को इन विवरणों के बारे में पता नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम श्रीलंका को दी जाने वाली सहायता के बारे में (सार्वजनिक रूप से) जानकारी नहीं देते हैं। श्रीलंका ने 2022 के आर्थिक संकट में अपनी पहली चूक की घोषणा करने के बाद 46 अरब अमेरिकी डॉलर के बाह्य ऋण का पुनर्गठन किया था। राजदूत ने साथ ही चीन और भारत के भविष्य में श्रीलंका के उत्तरी प्रांत के विकास के लिए संयुक्त रूप से काम करने की उम्मीद भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि चीन का भारत के साथ कोई विवाद नहीं है, क्योंकि दोनों देश तेजी से आगे बढ़े हैं और उन्हें साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। राजदूत ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि चीन, भारत और श्रीलंका एक दिन यहां एक व्यवहार्य परियोजना को लागू करने के लिए मिलकर काम कर सकेंगे।

## कर विभाग ने आयकर नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से मांगे सुझाव

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को कहा कि हितधारक प्रस्तावित आयकर विधेयक, 2025 से संबंधित आयकर नियमों और संबंधित प्रपत्रों का मसौदा तैयार करने के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। आयकर विधेयक, 2025 पिछले महीने संसद में पेश किया गया था। वर्तमान में यह विस्तृत समीक्षा के लिए प्रवर समिति के पास है।

हितधारकों को विधेयक के प्रावधानों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिन्हें संकलित कर समीक्षा के लिए प्रवर समिति को भेजा जाएगा। सीबीडीटी ने बयान में कहा, आयकर




अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के अनुरूप सुझाव एकत्र करने और संबंधित आयकर नियमों व विभिन्न प्रपत्रों (फॉर्म) के सरलीकरण पर काम करने का प्रयास जारी है। इस पहल का मकसद स्पष्टता बढ़ाना, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रचलित नियमों को समाप्त करना है जिससे करदाताओं तथा अन्य हितधारकों के लिए कर प्रक्रिया अधिक सुलभ हो सके। इसके अलावा, नियमों तथा प्रपत्रों को सुव्यवस्थित करने का उद्देश्य कर अनुपालन को सरल बनाना, करदाताओं की समझ में सुधार तथा दस्तावेज दाखिल करने की प्रक्रिया (फाइलिंग) को आसान बनाना, प्रशासनिक बोझ व त्रुटियों को कम करना और पारदर्शिता व दक्षता को बढ़ाना है। व्यापक परामर्श प्रक्रिया के तहत नियमों व प्रपत्रों की समीक्षा के लिए गठित समिति चार श्रेणियों में हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करती है, जिनमें भाषा का सरलीकरण और मुकदमेबाजी व अनुपालन बोझ में कमी लाना शामिल है।

## दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 8.67 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 8.67 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में कुल l,472 अंक का उछाल आया।

सेंसेक्स मंगलवार को 1131.31 अंक या 1.53 प्रतिशत बढ़कर 75,301.26 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह l,215.81 अंक या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 75,385.76 अंक पर पहुंच गया था। इस तरह दो दिन में सेंसेक्स l,472.35 अंक या 1.99 प्रतिशत बढ़ गया है। इसके साथ ही बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिन में 8,67,540.05 करोड़ रुपये बढ़कर 3,99,85,972.98 करोड़ रुपये हो गया। सिर्फ मंगलवार को ही बाजारों में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति सात लाख करोड़ रुपये बढ़ी।

# सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी जारी 91 हजार रुपये के पार, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। विदेशों में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये की तेजी के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत 1300 रुपए की तेजी के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंची थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये बढ़कर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा जो इससे पहले कल 90,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने ने मंगलवार को बढ़त जारी रखी और अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ-साथ घरेलू बाजार में भी नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों, अमेरिकी मंदी की आशंकाओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित निवेश के लिए सोना एक आकर्षक विकल्प बना हुआ है। इसके अलावा, हाल ही में कमजोर अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़े ने भी उम्मीदों को बल दिया है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस साल कई बार ब्याज दरों में कटौती करेगा, जिससे सोने को और समर्थन मिलेगा। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं, जो इसका ऐतिहासिक उच्चस्तर है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता, चीन की अतिरिक्त आर्थिक प्रोत्साहन योजनाओं के साथ मिलकर, सोने की सुरक्षित मांग को और बढ़ा रही है। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,028.49 डॉलर प्रति औंस के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, कॉमेक्स सोना वायदा बढ़कर 3,037.26 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

## मुंबई से अगले वित्त वर्ष में उड़ानें होगी महंगी

मुंबई। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरना अगले वित्त वर्ष 2025-26 से महंगा हो जाएगा।

क्योंकि निजी हवाई अड्डा परिचालक मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) में 463 रुपये की भारी वृद्धि का प्रस्ताव किया है, जबकि घरेलू यात्रियों से 325 रुपये का शुल्क वसूला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से वर्तमान में 187 रुपये का उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) लिया जाता है, जिसे बढ़ाकर 650 रुपये करने का प्रस्ताव है, जबकि घरेलू यात्रियों को ऐसा कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, प्रस्तावित शुल्क कार्ड, जिसे हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है, नियामक द्वारा एमआईएएल के लिए स्वीकृत किए गए शुल्क के अनुरूप है। एईआरए की वेबसाइट के अनुसार, इसके साथ ही विमानन कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए एमआईएएल ने चौथी नियंत्रण अवधि (वित्त वर्ष 2024-2029) के लिए अपनी सुविधा पर लैंडिंग व पार्किंग शुल्क में 35 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव दिया है।

## फ्लिपकार्ट होलसेल बी2बी खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी



लखनऊ। फ्लिपकार्ट होलसेल, किराना स्टोर, छोटे और मध्यम उद्यमों और थोक विक्रेताओं को एक सहज ओमनीचैनल अनुभव के साथ सशक्त बनाकर भारत में बी2बी खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है। फ्लिपकार्ट होलसेल के प्रमुख दिनकर का कथन, फ्लिपकार्ट होलसेल में, हम टेक्नोलॉजी, आंकड़ों की अंतर्दृष्टि और आर्थिक सहायता द्वारा समर्थित एक सहज ऑम्निचैनल अनुभव के माध्यम से पूरे भारत में किराना और एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य छोटे व्यवसायों को बढ़ने, लाभप्रदता में सुधार करने और प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करना है। लखनऊ हमारे लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है, जहाँ हम अधिक ग्राहकों की सेवा करने, स्थानीय उद्यमियों का सहयोग करने और यहाँ के व्यापार के इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए अपने स्टोर का विस्तार और पुनर्निर्माण कर रहे हैं।

पेज एक का शेष

### देहुली जनसंहार

ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई। कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुमार्ने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। वह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया। फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं। हाईकोर्ट सेशन कोर्ट के फैसले की समीक्षा के बाद अपना निर्णय लेकर फांसी की सजा को बरकरार रख सकती है या फिर सजा में संशोधन भी किया जा सकता है। कोर्ट द्वारा सजा सुनाकर जेल भेजे गए तीनों दोषियों को पहले 14 दिन के लिए क्वारंटीन बैरक में रखा जाएगा। मंगलवार शाम जेल पहुंचते ही उनको इस बैरक में भेज दिया गया। यहां उनकी नियमित निगरानी होगी। जांचा जाएगा कि वह समय से खाना-पीना ले रहे हैं या नहीं, सो रहा है या नहीं। 14 दिन के बाद उसको नियमित बैरक में भेजा जाएगा।

दिहुली कांड के दोषी रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह जिला कारागार मैनपुरी में सोमवार की रात को करवटें बदलते रहे। वह अपनी सजा के बारे में ही सोचते रहे। कप्तान सिंह सबसे अधिक बेचैन था। जिला कारागार के कर्मियों के अनुसार इन तीनों की नियमित निगरानी भी की जा रही थी। मंगलवार को तीनों समय से उठे और नित्य क्रिया के बाद कोर्ट जाने को तैयार हो गए। मगर, इनके चेहरों पर सजा पाए का अजीब सा खौफ साफ दिखाई दे रहा था। सोमवार शाम को खाना भी कम ही खाया था। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की कोर्ट में मंगलवार को सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान, रामपाल और रामसेवक को जेल से पुलिस भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट लेकर पहुंची। तीनों को अदालत में पेश किया गया। अदालत में उस वक्त किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया। कोर्ट के बाहर भी भारी सुरक्षा बल तैनात रहा। पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर निगाह रखी।

### सीएम की फ्लीट

आउटसोर्स के कर्मचारियों रजत, राकेश, रामबाबू, आशीष, अंकित, लालधारी, श्याम सुंदर, दीपक शर्मा, निशांत मौर्या, शुभम, राजेश कुमार, गंगाराम, अरविंद यादव, राघवेंद्र चौरसिया की सेवा समाप्त कर दी गई है। नगर आयुक्त ने आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती करने वाली कंपनी वॉरियर्स सिक्योरिटी ऐंड सर्विसेज के प्रबंधन को भी अंतिम चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि अगली बार यदि उनके कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठे तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। साथ ही सभी 14 कर्मचारियों को नगर निगम के किसी अन्य विभाग में भी भविष्य में भर्ती के लिए न भेजने का निर्देश दिया गया है। छुट्टा पशुओं को लेकर लगातार राज्य के विपक्षी दल खासकर समाजवादी पार्टी योगी सरकार पर निशाना साधती रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव छुट्टा पशुओं से आम लोगों और किसानों को हो रहे नुकसान का मामला उठाते रहे हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने छुट्टा पशुओं के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया है। अधिकारियों को भी छुट्टा पशुओं को लेकर खास हिदायते दी गई हैं। इसके बाद भी सीएम योगी की मौजूदगी में सांड़ का सड़क पर दिखना अधिकारियों पर सवाल खड़े कर गया।

### महाकुंभ में

को नया विस्तार देना होगा, हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ में आएगा और नदियों की साफ-सफाई के साथ-साथ नदियों की रक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की नई पीढ़ी महाकुंभ से जुड़ी और यह युवा पीढ़ी आज गर्व के साथ अपनी आस्था और परंपराओं को अपना रही है।

### आज अंतरिक्ष

के बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा ने अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लगाया और परीक्षण पायलटों को स्पेसएक्स में स्थानांतरित कर दिया, जिससे उनकी घर वापसी फरवरी तक टल गई। इसके बाद स्पेसएक्स कैप्सूल संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने की और देरी हुई। रविवार को दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को राहत मिली, जब राहत दल अंतरिक्ष केंद्र पहुंचा जिसका अभिप्राय था कि विल्मोर और विलियम्स आखिरकार लौट सकते हैं। नासा ने इस सप्ताह के अंत में अनिश्चित मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए उन्हें थोड़ा पहले ही लौटने की योजना पर अमल करा दी। उन्होंने नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ चेक आउट किया, जो पिछले साल अपने स्पेसएक्स कैप्सूल में आए थे। इसमें स्टारलाइनर से आए दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए दो खाली सीटें आरक्षित थीं। नासा की ऐनी मैकक्लेन ने अंतरिक्ष केंद्र से उस समय पुकारा, जब कैप्सूल प्रशांत महासागर से 260 मील (418 किलोमीटर) ऊपर रवाना हुआ, हम आपको याद करेंगे, लेकिन घर वापसी की आपकी यात्रा सुखद रहे।

### नागपुर में

ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया। गणेशपेठ थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी में अमोल ठाकरे, डॉ. महाजन, तयानी, रजत पुरी, सुशील, वृषभ अर्खेल, शुभम और मुकेश बारापात्रे के नाम भी शामिल हैं। फडणवीस ने कहा कि फिल्म छावा से लोगों की भावनाएं उमड़ी हैं, जिसमें संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब द्वारा किए गए क्रूर अत्याचारों को दर्शाया गया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार सिंघल ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में पांच प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### ट्रंप-पुतिन के

की थी। यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की सैन्य सहायता पर बात करने के लिए फिनलैंड पहुंचे हैं। इस बैठक में यूक्रेन में हथियार उत्पादन में इन्वेस्टमेंट और यूक्रेन के यूरोप से एकीकरण चर्चा होंगी। रूसी राष्ट्रपति ने जी-7 देशों का मजाक उड़ाते हुए कहा है कि यह इतना छोटा है कि इसे मैप पर देख ही नहीं सकते हैं। दुनिया पर अब पश्चिमी देशों का कंट्रोल खत्म हो रहा है। राजधानी मॉस्को में भाषण देते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिम देशों की तरफ से हम पर लगाए गए 28000 से ज्यादा प्रतिबंध रूसी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में नाकाम रहे। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि रूस समेत अन्य खतरों के मद्देनजर यूरोप को अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ानी होगी। उन्होंने इस योजना को रेडीनेस-2030 नाम दिया। रूसी राष्ट्रपति ऑफिस क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन चाहते हैं कि अमेरिका और यूरोप यूक्रेन को हथियारों सप्लाई बंद कर दें। इटली की पीएम ने शांति समझौता होने पर यूक्रेन में शांति सेना तैनात करने का फ्रांस और ब्रिटेन का प्रस्ताव खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे कोई फायदा नहीं होगा। फ्रांस के नेता और यूरोपीय संसद सदस्य राफेल ग्लक्समैन ने अमेरिका से स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी वापस करने की मांग की।

### इजरायल-हमास

कार्यालय ने कहा, इजराइल अब सैन्य ताकत बढ़ाकर हमास के खिलाफ कार्वाई करेगा। रमजान के महीने के दौरान हुए इस हमले से वह युद्ध फिर से शुरू हो सकता है, जिसमें पहले ही हजारों फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा में व्यापक तबाही हुई है। साथ ही, इससे हमास द्वारा बंधक बनाए गए लगभग दो दर्जन इजराइली बंधकों की स्थिति को लेकर भी सवाल उठते हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वे अभी भी जीवित हैं। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नेतन्याहू का युद्ध फिर से शुरू करने का फैसला शेष बंधकों के लिऐ मौत की सजौ के बराबर है। इज्जत अल-रिशेक ने नेतन्याहू पर अपने गठबंधन को बचाने के लिए हमले शुरू करने का आरोप लगाया और मध्यस्थों से कहा कि वे इस तथ्य का खुलासा करें कि संघर्षविराम किसने तोड़ा। हमास ने कहा कि मंगलवार के हमलों में कम से कम चार वरिष्ठ अधिकारी मारे गए। बमबारी के कई घंटे बाद भी हमास द्वारा किसी हमले की कोई सूचना नहीं आयी, जिससे यह संकेत मिलता है कि उसे अभी भी संघर्षविराम बहाल होने की उम्मीद है। ये हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब नेतन्याहू पर इजराइल में दबाव बढ़ रहा है, बंधक संकट से निपटने के उनके तरीके और इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को बर्खास्त करने के उनके फैसले को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। हमलों के बाद, लंबे समय से जारी भ्रष्टाचार के मुकदमे में उनकी हालिया गवाही रद्द कर दी गई। बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्य समूह ने सरकार पर संघर्षविराम से पीछे हटने का आरोप लगाया और कहा कि उसने बंधकों के मुद्दे को छोड़ने का विकल्प चुना।

### आधार कार्ड

किसी मौजूदा या भावी मतदाता से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या की मांग कर सकते हैं। यह कानून मतदाता सूची को आधार डाटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। इन दिनों संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। साथ ही राजनीतिक दल इसके जरिये चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। बीते शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा था कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा।

### यूपी में

पुलिस उपमहानिरीक्षक/ सेनानायक, 41वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी अनुभाग, मुरादाबाद बनाया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सेनानायक, 49वीं वाहिनी पीएसी, गौतमबुद्धनगर में तैनात स्वप्निल ममगाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, मेरठ बनाया गया है। वहीं डी. प्रदीप कुमार को पुलिस उपमहानिरीक्षक सेनानायक, 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र से पुलिस उपमहानिरीक्षक/अतिरिक्त सचिव, उप्र पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। अरुण कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपमहानिरीक्षक/ सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी से पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, अयोध्या की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सूर्यकांत त्रिपाठी को पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी से पुलिस उपमहानिरीक्षक, फायर सर्विस मुख्यालय, लखनऊ भेजा गया है। विकास कुमार वैद्य को पुलिस उपमहानिरीक्षक/सेनानायक, 39वीं वाहिनी पीएसी मिजार्पुर से पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र, लखनऊ भेजा गया है। इसके अलावा राजेश कुमार सक्सेना को पुलिस पुलिस उपमहानिरीक्षक सेनानायक, सेनानायक, 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीटीएस सुल्तानपुर की जिम्मेदारी दी गई है। सुनीता सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक/सेनानायक, 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर से पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय, लखनऊ भेजा गया है। वहीं कमला प्रसाद यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय, उप्र, लखनऊ से पुलिस उपमहानिरीक्षक, भ्रनिसं, उप्र, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है।

# कैंसर के उपचार में हुई अभूतपूर्व प्रगति

## सभी 22 नये एम्स में कैंसर के इलाज के लिए सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गई : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कैंसर रोगियों के इलाज के लिए सभी 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गई है और समय रहते इस बीमारी का पता लगाने के लिए इसकी जांच पर जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि देश में एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं जहां कैंसर की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मुख कैंसर की करीब 29.32 करोड़ जांच हुई जिसमें से एक लाख 63 हजार मामलों में कैंसर का पता चला। उन्होंने कहा कि इसी तरह स्तन कैंसर के लिए 15 करोड़ 60 लाख जांच हुई और 57 हजार मामलों में स्तन कैंसर का पता चला। नड्डा ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए नौ करोड़ 48 हजार जांच हुई और 97 हजार मामलों में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का पता चला। उन्होंने कहा कि वह आंकड़े इसलिए बता रहे



हैं ताकि पता चल सके कि लाखों जांच हुई हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर का पता चलने के बाद मरीजों का इलाज शुरू कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी 22 नए एम्स में कैंसर के इलाज के लिए सुविधा केंद्रों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कैंसर के इलाज की सुविधा के बारे में बताया कि 372 जिला कैंसर डे केयर केंद्र हैं जहां कीमोथैरेपी सहित अन्य इलाज किया जाता है। वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा की हर जिले में ऐसे केंद्र खोले जाएंगे। नड्डा ने कहा कि इस साल सरकार ने 200 जिला कैंसर डे केयर केंद्र खोलने का फैसला किया है। अगले दो साल में हर जिले में जिला कैंसर डे केयर केंद्र होगा।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि कैंसर की जांच के साथ साथ सरकार टेलिमेडिसिन पर भी ध्यान और महत्व दे रही है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे मरीज की जांच कर पता कर सकें कि क्या उन्हें कैंसर है और अगर है तो किस स्टेज पर है। उन्होंने कहा कि लैन्सेट पत्रिका में हाल में आए एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत ने कैंसर के उपचार शुरू करने में होने वाली देरी को कम करने में प्रगति की है। उनके अनुसार, लैंसेट द्वारा प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत, समय पर कैंसर उपचार शुरू करने में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# दुनिया जानेगी प्रयागराज महाकुंभ की रणनीति, 19 को होगा शिखर सम्मेलन



लखनऊ। प्रयागराज में 10 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ की सफलता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किये गये उसके कुशल प्रबंधन को जानने-समझने के लिए 19 मार्च को यहां सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि इस सम्मेलन में देश के जाने माने वैज्ञानिक, जल विशेषज्ञ, पर्यावरणविद और विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पहली बार महाकुम्भ में स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो उपाय किए गए वे वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सहयोग से महाकुम्भ में जल प्रबंधन, गंगा की स्वच्छता, आधुनिक तकनीक का उपयोग और आपदा प्रबंधन को सफलतापूर्वक लागू किया गया।

इस सम्मेलन में सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधन प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन पर चर्चा होगी। इसमें विशेषज्ञ बताएंगे कि कैसे आधुनिक तकनीकों और समन्वित प्रयासों से गंगा को स्वच्छ बनाए रखते हुए करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। बयान के मुताबिक योगी सरकार ने नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए। घाटों की सफाई, जलमल शोधन संयंत्र, जैविक शौचालयों और कचरा प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया।

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर मे अस्पताल में लगी आग, मरीजों को बचाया

राजौरी/ जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में मंगलवार को आग लग गई, जिसके बाद 150 से अधिक मरीजों को अस्पताल से बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, राजौरी कस्बे में स्थित अस्पताल के भूमिगत तल में मंगलवार सुबह आग लग गई। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया गया, लेकिन इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के वार्डों में धुआं भर जाने के कारण मरीजों और उनके परिचारकों को अस्पताल के भवन से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। राजौरी के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने स्थिति का आकलन करने के लिए अपनी टीम के साथ अस्पताल का दौरा किया। उपायुक्त शर्मा ने कहा, हमारी प्राथमिकता अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सेवाओं सहित सामान्य परिचालन बहाल करना है।

# जमीन घोटाला : राबड़ी देवी, तेज प्रताप पटना में ईडी के समक्ष पेश

एजेंसी

पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी और उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। राबड़ी सुबह करीब साढ़े 10 बजे पटना में बैंक रोड स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचीं। इस दौरान उनकी बड़ी बेटी एवं पाटलिपुत्र से सांसद मीसा भारती भी मौजूद थीं जिनका नाम भी इस मामले में आरोपी के तौर पर दर्ज है। पूर्व मंत्री एवं मौजूदा विधायक तेज प्रताप यादव अपराह्न से पहले के विधानसभा सत्र में शामिल होने के बाद ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी दफ्तर के अंदर और बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए और नारेबाजी की। इस दौरान राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधायक भी मौजूद थे।

# हमलावरों और पीड़ितों को एक ही श्रेणी में रखा गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी क्षेत्र पर सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जा कश्मीर पर देखने को मिला है। उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में यह बात कही। जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से संबंधित मुद्दों पर वैश्विक नियमों को चुनिंदा तरीके से लागू किये जाने का भी उल्लेख किया।

विदेश मंत्री ने रायसीना डायलॉग के एक सत्र में एक मजबूत और निष्पक्ष संयुक्त राष्ट्र की भी हिमायत की। साथ ही, उन्होंने कुछ मुद्दों से निपटने में हुए ऐतिहासिक अन्याय को लेकर चिंता जताई। विदेश मंत्री ने कश्मीर पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का हवाला देते हुए कहा कि हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, किसी देश द्वारा किसी क्षेत्र पर सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जा भारत के कश्मीर से संबंधित है।



जयशंकर ने कहा हम संयुक्त राष्ट्र गए। जो आक्रमण था उसे विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रखा गया। विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक नियम-कायदे समान रूप से लागू किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा हमें एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र की जरूरत है।

# भारत रेल कोच का बड़ा निर्यातक बनकर उभरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि आज भारत रेल कोच का बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है और बिहार के मढौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले लोकोमोटिव बहुत जल्द दुनियाभर में जाएंगे। वर्ष 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा, आज भारत रेलवे का बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। आज भारत में उत्पादित मेट्रो कोच का निर्यात ऑस्ट्रेलिया को किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और फ्रांस समेत अनेक देशों में ट्रेनों की बोगियां और उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के कुछ कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुए रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वैष्णव ने कहा कि बिहार में सारण के मढौरा में स्थित रेल कारखाने में तैयार किए जा रहे लोकोमोटिव या रेल इंजन का निर्यात दुनियाभर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में बनने वाले रेलगाड़ियों के पहिए सारी दुनिया में निर्यात किए जाएंगे। वैष्णव ने कहा, हम सभी के लिए यह गौरव की बात है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया का बड़ा प्रमाण है। उन्होंने यह



भी कहा कि इस साल रेलवे स्कोप-। नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा जो बहुत बड़ा लक्ष्य है। वहीं दूसरी ओर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में रोजगार और रेल भर्ती परीक्षाओं को लेकर विपक्ष की चिंताओं को खारिज करते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे में पांच लाख रोजगार दिए गए हैं और इसमें आरक्षण के सभी नियमों का पालन किया गया है। रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों पर निचले सदन में हुई चर्चा पर जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में रेलवे में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया है और आज भी एक लाख लोगों के लिए रेलवे में भर्ती की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने दावा किया कि देश में रेल भर्ती की परीक्षाएं बिना किसी पेपर लीक एवं अन्य व्यवधान के संपन्न कराई जा रही हैं।

# मणिपुर में शांति व समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति और समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के आर्थिक विकास के लिए सभी तरह का समर्थन देने का आश्वासन दिया।



वित्त मंत्री ने उच्च सदन में यह बात मणिपुर के बजट और उससे संबंधित अनुदान की अनुपूरक मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूर्वोत्तर राज्य में कुल मिलाकर कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। सीतारमण ने पिछले सप्ताह सोमवार को 2025-26 के लिए मणिपुर का बजट पेश किया था, जिसमें 35,103.90 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान किया गया है, जो चालू वित्त वर्ष के 32,656.81 करोड़ रुपये से अधिक है।

संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत 13 फरवरी 2025 को जारी उद्घोषणा के परिणामस्वरूप, मणिपुर राज्य के विधानमंडल की शक्तियां संसद द्वारा या उसके प्राधिकार के तहत प्रयोग की जाएंगी। सीतारमण ने कहा, केंद्र और राज्य सरकार, दोनों के सामूहिक प्रयास से, कुछ छिटपुट (घटनाओं) को छोड़कर, राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में काफी हद तक सुधार हुआ है। वित्त मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि मणिपुर को तेज आर्थिक विकास के लिए हरसंभव वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# द्रमुक सदस्य ने केंद्र पर जड़ा दक्षिण के राज्यों से सौतेले व्यवहार का आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर दक्षिणी राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दंडित करने का आरोप लगाया। उच्च सदन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरुआत करते हुए द्रमुक के तिरुचि शिवा ने कहा कि परिसीमन का दक्षिणी राज्यों पर बहुत बुरा असर होगा, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रित कर ली है जबकि उत्तरी राज्यों में यह बढ़ गयी है। उन्होंने केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य पर आवंटन कम करने और दवाओं पर शोध के लिए मामूली राशि निर्धारित करने के लिए केंद्र की आलोचना की।

उन्होंने कहा दक्षिणी राज्य हमेशा पहले नंबर पर होते हैं, इसलिए हमें पीड़ित किया जाता है। इसलिए हमें दंडित किया जाता है। किसी भी चीज में हमारा ध्यान नहीं रखा जाता है। जिस तरह से हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उसके लिए हमें नजरअंदाज किया जा रहा है।

## इंटरटेनमेंट...

# जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' ने कमाये 1.53 करोड़

मुंबई। जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' की अच्छी शुरूआत के बाद बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार धीमी हो गई है। सोमवार को फिल्म की कमाई कम रही। रिलीज के चौथे दिन जॉन की फिल्म ने केवल 1.53 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। वहीं, चार दिनों में फिल्म की कुल कमाई 14.98 करोड़ रुपए रही है। उम्मीद की जा रही थी कि वीकेंड पर ये आंकड़े और भी बढ़ेंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' होली के मौके पर यानी कि 14 मार्च को रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की थी। ओपनिंग डे पर ही फिल्म की कमाई 4.03 करोड़ रुपए रही। होली के त्योहार की व्यस्तता और रमजान



के महीने के बावजूद फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अच्छा माना जा रहा था।

फिल्म 'द डिप्लोमैट' की कहानी भारतीय राजनयिक जितेंद्र पाल सिंह (जे.पी. सिंह) की सच्ची कहानी पर बनी है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक भारतीय महिला उज्मा अहमद को पाकिस्तान में धोखे से शादी करके कैद कर लिया जाता है। उज्मा के साथ मारपीट और यौन शोषण होता है। उसे वापस लाने के लिए भारत की तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और डिप्टी हाई कमिश्नर जेपी सिंह बहुत कोशिश करते हैं। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने जे.पी. सिंह का किरदार निभाया है।

### ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट और अभिनेत्री शहाना गोस्वामी को मिला सम्मान

लॉस एंजिलिस। पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के खिताब के साथ ही फिल्म संतोष की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और इसकी निर्देशक संध्या सूरी को एशियन फिल्म अवार्ड 2025 में शीर्ष सम्मानों से नवाजा गया। हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में रविवार को 18वां पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। एशियन फिल्म अवार्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विजेताओं की सूची साझा की। इस कार्यक्रम में पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फल्मि का पुरस्कार मिला। यह ब्लैक डॉग (चीन), एक्सहुमा (दक्षिण कोरिया), टेकी कॉमेथ (जापान) और ट्विलाइट ऑफ़ द वॉरियर्स: वॉल्ड इन (हांगकांग) के साथ प्रतिस्पर्धा में थी।

### आयुष्मान खुराना बने फिट इंडिया आइकन

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में अभिनेता आयुष्मान खुराना को आधिकारिक रूप से फिट इंडिया आइकन घोषित किया। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभिनेता अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान से जुड़ गए हैं जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अभियान का मकसद विभिन्न पहल और कार्यक्रमों के जरिए तंदुरूस्ती को बढ़ावा देना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तंदुरूस्ती को सरल, मजेदार और सहज बनाना है, ताकि लोग इसे अपनी दिनचर्या में आसानी से शामिल कर सकें।

होली के शुभ अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. आशीष श्रीवास्तव
अधीक्षक

डॉ. अशोक कुमार सिंह
मुख्य चिकित्सा अधिकारी-श्रावस्ती

जे.पी. गौतम
वरिष्ठ लिपिक




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com